e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 277

मंगलवार
10.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती !

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई 17 को

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की ओर से दायर क्रिमिनल रिट पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा को याचिका की त्रुटि दूर करने के लिए समय दिया। याचिकाकर्ता ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। याचिकाकर्ता ने अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने व उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

### चाय बागान के पिंजरे में फिर फंसा तेंदुआ

**अलीपुरद्वार** : जिले के तासती चाय बागान में एक बार फिर वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ फंस गया है। इससे पहले शनिवार रात को भी एक तेंदुआ पिंजरे में फंस गया था। वहीं आज एक बार फिर एक पूर्ण वयस्क तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। बताया जा रहा है कि श्रमिकों ने तेंदुए को पिंजरे में फंसा हुआ देखा। इसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर जलदापाड़ा वन विभाग के वनकर्मी मौके पर पहुंचे और पिंजरे में फंसे तेंदुए को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद वनकर्मी तेंदुए को दक्षिण खयेरबाड़ी पुनर्वास केंद्र ले गए। इधर चाय बागान से लगातार तेंदुए पकड़े जाने पर चाय बागान के श्रमिकों ने राहत की सांस ली है।

### राजस्थान में बीजेपी ने जारी की 41 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**नई दिल्ली**: चुनावी राज्य राजस्थान के लिए भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है. इन 41 उम्मीदवारों की सूची में भाजपा ने 7 सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा है. ऐसा ही प्रयोग भाजपा ने मध्य प्रदेश में भी किया था. बता दें कि राज्यवर्धन राठौड़, दीया कुमारी, नरेंद्र कुमार, भगीरथ चौधरी, किरोड़ी लाल मीणा, बाबा बालकनाथ, देवी सिंह पटेल ये वो 7 सांसद हैं जिन्हें कि पार्टी ने राजस्थान के विधानसभा चुनावों में उतारा है.राजस्थान से सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को झोटावाड़ा से टिकट मिला है. वहीं बाबा बालक नाथ जो कि तिजारा से सांसद हैं उन्हें भी राज्य के चुनावी मैदान में उतारा गया है. इसके अलावा सवाई माधोपुर से किरोड़ी लाल मीना, किशनगढ़ के सांसद भागीरथ चौधरी व सांचौर से सांसद श्री देवजी पटेल को पार्टी ने विधानसभा चुनावों में टिकट दिया है.

### इजरायल ने गाजा पर कब्जे के लिए उतारे एक लाख सैनिक

**येरूसलम** : इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है. ऐसे में अब इजरायल गाजा पर अपनी आखिरी जंग की तैयारी में लगा है. इजरायस गाजा पट्टी पर पूरी तरह से नाकेबंदी करने जा रहा है. इस नाकाबंदी में क्षेत्र में खाने का सामान, फ्यूल और एंट्री पर बैन भी शामिल है. यह फैसला इजरायल और हमास आतंकवादियों के बीच तीन दिवसीय संघर्ष के बाद लिया गया है.अब तक इस जंग में दोनों पक्षों के 1,100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है. सिर्फ इजरायल की ही बात करें तो हमास के हमलों की वजह से उनके 44 सैनिकों सहित 700 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं.वहीं गाजा पर पूरी तरह से कब्जे के लिए इजरायल ने 1 लाख सैनिक भी उतार दिए हैं.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

**देवघर** : सीएम ने सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का किया शिलान्यास

# हर खेत तक पानी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

### मुख्यमंत्री ने कहा

- योजनाओं को समय पर पूरा करना सरकार की प्राथमिकता
- आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पहुंचाएंगे
- लोगों की भावनाओं, उम्मीदों और जरूरत को ध्यान में रखकर सरकार बना रही कार्य योजना
- किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार संकल्पित
- तमाम चुनौतियों के बीच विकास की गति को दे रहे हैं रफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघर** : हर खेत को मिले पानी। इसी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस कड़ी का एक हिस्सा बनने जा रहा है- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना। इस सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन देवघर जिले के सारठ प्रखंड में सिकटिया मेगालिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालों भर खेती कर सकेंगे। क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है।

### एक नजर में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना

- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत अजय नदी बराज से भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।
- इस योजना पर 484 करोड़ 35 लाख रुपए खर्च होंगे। निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा होगा।
- देवघर जिले के सारठ और करों तथा जामताड़ा जिला के विद्यासागर और जामताड़ा प्रखंड के 27 पंचायतों के 1 लाख 11 हजार 174 किसान इस योजना से लाभान्वित होंगे।
- 13 हजार 164 हेक्टेयर कृषि भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध होगी।
- धान के अतिरिक्त दलहन और तिलहन के साथ रागी, ज्वार -मक्का जैसे फसलों की खेती के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- अगर कभी भारी वर्षा हो और खेतों को उतनी पानी की जरूरत नहीं है तो उस पानी को अगल-बगल के जलाशयों में डाइवर्ट कर भरा जाएगा, ताकि उसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल हो सके।

### गंगा का पानी भी पाइपलाइन से खेतों में पहुंचाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा यह बात सुनने को मिलती थी कि झारखंड के डैम, बराज और वॉटर रिजर्वॉयर के पानी का इस्तेमाल झारखंड के किसान नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में यहां के पानी का इस्तेमाल यहां के लोग करें। इस दिशा में कार्य योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों में पहुंचेगा। इस दिशा में भी सरकार कार्य योजना बनाने की तैयारी में लग गई है।




### पहले योजनाएं बनती थी, लेकिन पूरा होने में कई वर्ष लग जाते थे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले भी सिंचाई के लिए कई योजनाएं बनी। उसका क्रियान्वयन भी हुआ। लेकिन, उसके पूर्ण होने में 30 से 40 साल लग गए। कई योजनाएं तो आज भी अधूरी है। योजनाओं के पूरा होने में ज्यादा समय लगने से उसकी लागत बढ़ जाती थी। सबसे बड़ी बात है कि जिन लोगों की जमीन, खेत -खलिहान इन परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित किए गए थे। आज योजनाएं तेजी से अपने धरातल पर उतर रही है।

### पानी का समुचित इस्तेमाल हो सकेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सिंचाई परियोजनाओं के लिए नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दे रही है। ताकि, पानी का बेहतर और समुचित इस्तेमाल होने के साथ खेत -खलियान डूब क्षेत्र में ना आएं, इसलिए मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन के जरिए नदी, डैम और बराज का पानी खेतों में पहुंचाया जा रहा है। इस कड़ी में राज्य के पहले मेगालिफ्ट सिंचाई परियोजना की आधारशिला दुमका के मसलिया में रखी गई थी और आज देवघर के सारठ में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मुझे इस बात की खुशी है कि इसी स्थान पर वर्ष 2013-14 में मैने अजय बराज का उद्घाटन किया था।

राजस्थान में 23, एमपी में 17, छत्तीसगढ़ में 7 और 17, तेलंगाना में 30 नवंबर को वोटिंग

# पांच राज्यों में चुनाव का एलान

** 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे*




एजेंसी

**नई दिल्ली** : निर्वाचन आयोग ने सोमवार दोपहर एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पांच राज्यों में होने वाले चुनावों का एलान कर दिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों के बारे में विस्तार से बताया। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। खास बात यह भी है कि 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। इनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। 15.39 लाख वोटर ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और जिनकी एडवांस एप्लीकेशन प्राप्त हो चुकी हैं।

### पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें

पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं। मध्य प्रदेश में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस की सरकार है। मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ताधारी पार्टी है।

### छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान

छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होगा. यहां 7 और 17 नवंबर को वोटिंग होगी. 90 सीटों वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा का कार्यकाल 3 जनवरी 2024 को खत्म होगा. पिछला विधानसभा चुनाव नवंबर 2018 में हुआ था. इस चुनाव में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी और भूपेश बघेल राज्य के मुख्यमंत्री बने थे.

# कांग्रेस शासित राज्यों में करवाएंगे जातीय गणना : राहुल गांधी




** कांग्रेस वर्किंग कमेटी की हुई बैठक*

एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सोमवार को बैठक हुई. मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित पार्टी के कई नेता शामिल हुए.कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीटिग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हमने सर्वसम्मित से सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में जातीय गणना पर सहमति जताई. उन्होंने कहा कि जातीय गणना को लेकर हम राजस्थान,छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में आगे बढ़ेंगे. इसको लेकर हम बीजेपी पर भी दवाब बनाएंगे.उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल ज्यादातर दल जातिगत गणना के साथ हैं. दरअसल बिहार में जातिगत सर्वे के बाद से कांग्रेस और राहुल गांधी कह रहे हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसका उतना हक.राहुल गांधी ने कहा कि हमारे चार में से तीन मुख्यमंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं. वहीं बीजेपी का दस में से सिर्फ एक ही सीएम ओबीसी समाज से हैं. उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी के लिए काम नहीं करते बल्कि ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं.राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत गणना साफ दिखाएगा कि हिंदुस्तान में कितने और कौन लोग हैं. हमें यह पता लग जाएगा कि कितने लोग हैं और धन किसके हाथ में हैं. शायद इसमें हमारी भी गलती है. उन्होंने दावा किया कि जातिगत जनगणना होगी।राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार फिर से आ रही है. मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार जा रही है. तेलंगाना में भी उनकी सरकार जा रही है.

# हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति मामले में केंद्र ने 70 नामों को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम भेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : देशभर के हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती से झुकी केंद्र सरकार. हाईकोर्ट जजों के लिए 70 नामों को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम भेजा. केंद्र मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कुछ समय में नियुक्ति को तैयार है.सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को फिर चेताया कि हमें असमंजस में नहीं रहना चाहिए.यदि नाम सुझाए गए हैं, तो या तो नियुक्ति करें या आप उन्हें अपनी चिंताओं के साथ वापस भेजें.जो नाम दोहराए गए हैं वो या तो नियुक्ति हो या फिर कॉलेजियम को बताया जाए.सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले में 20 अक्तूबर को सुनवाई करेगा.सोमवार को केंद्र की ओर से एजी आर वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि केंद्र ने हाईकोर्ट कॉलेजियम द्वारा भेजे गए 70 नामों को क्लीयर कर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को भेजा है.मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए कार्रवाई हो रही है.जल्द ही नियुक्ति कर दी जाएगी. वहीं हाईकोर्ट के 26 जजों के ट्रांसफर की सिफारिश में से 14 जजों का ट्रांसफर कर दिया गया है. इस पर जस्टिस संजय किशन कौल ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से ये पॉजेटिव कदम है,लेकिन अभी और काम बाकी है. पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र पर सख्ती दिखाई थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस मामले में हर दस दिन में निगरानी करेंगे. दस महीने में 70 नामों की सिफारिश की गई, लेकिन ये सारी नियुक्तियां केंद्र के पास लंबित हैं. 26 जजों के तबादले लंबित हैं जबकि संवेदनशील हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्ति लंबित है.7 नाम लंबित हैं, जिन्हें दोहराया गया है. हम बहुत कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन खुद को रोक रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है. सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेकेंटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट से एक हफ्ते का समय मांगा था.जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया ने एजी को केंद्र से निर्देश लेकर आने कहा था. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्तियों में केंद्र द्वारा देरी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रहा है.



**पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र पर सख्ती दिखाई थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस मामले में हर दस दिन में निगरानी करेंगे. दस महीने में 70 नामों की सिफारिश की गई, लेकिन ये सारी नियुक्तियां केंद्र के पास लंबित हैं.**

# पीएम नरेंद्र मोदी व तंजानिया की राष्ट्रपति के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच नई दिल्ली में व्यापक मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पक्षों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने दोनों देशों के बीच नजदीकी और ऐतिहासिक संबंधों को और आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श किया।इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर विचार-विमर्श हुआ, जिनमें व्यापार और निवेश,रक्षा और समुद्री सुरक्षा,विकास संबंधी साझेदारी,उच्च शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध शामिल हैं।वार्ता के बाद तंजानिया के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत तंजानिया संबंधों के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि भारत और तंजानिया रक्षा क्षेत्र में सहयोग की पांच वर्षो की रूपरेखा बनाने पर सहमत हुए हैं। इसके माध्यम से सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री सहयोग, क्षमता निर्माण और रक्षा संबंधी उद्योग जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए आयाम जुडेगे। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की है कि तंजानिया ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की ओर से शुरू किए गए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने का निर्णय लिया है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट गंठबंधन से जुडने का तंजानिया का निर्णय बडे वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे वैश्विक प्रयासों को मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने इस बात का भी उल्लेख किया कि भारत ने तंजानिया में कौशल विकास और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी केन्द्रों, वोकेशनल, रक्षा संबंधी प्रशिक्षण, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की छात्रवृत्तियों के माध्यम से यह संभव हुआ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर तंजानिया की राष्ट्रपति भारत के चार दिन के राजकीय दौरे पर रविवार को नई दिल्ली पहुंची। राष्ट्रपति हसन का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में पारंपरिक स्वागत किया गया और उसके बाद उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।



**तंजानिया की राष्ट्रपति ने भारत के साथ दशकों पुराने बेहतरीन संबंधों की सराहना की:** राष्ट्रपति भवन में स्वागत के बाद तंजानिया की राष्ट्रपति ने भारत के साथ दशकों पुराने बेहतरीन संबंधों की सराहना की। तंजानिया की राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है इस यात्रा से राजनीतिक और आर्थिक विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका देश चाहता है कि पूर्वजों की ओर से स्थापित द्विपक्षीय संबंध आगे और भी दशकों तक चलते रहें।तंजानिया में राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। तंजानिया के राष्ट्रपति का भारत दौरा आठ वर्ष के बाद हो रहा है। इस दौरे से दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और मैत्री संबंधों को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू की ओर से तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन भी किया जाएगा। तंजानिया की राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में होने वाले व्यापार और निवेश मंच की एक बैठक में भी भाग लेंगी।

### मप्र विस चुनाव : मुख्यमंत्री चौहान को बुधनी से टिकट

**भोपाल (एजेंसी)**: मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की चौथी सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सोमवार को यह सूची जारी की,जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है। उन्हें बुधनी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा की इस चौथी सूची में अधिकांश मौजूदा विधायकों के नाम हैं।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
असर्फी हॉस्पीटल सबके लिए स्वास्थ्य
General Surgery
• Stomach • Intestine
• Liver • Hernia
• Pancreas • Gallbladder
• Appendix • Piles
Dr. D.P. Bhadani
MBBS, MS (General Surgery)
Dr. Niraj Anand
MS ( Laparoscopic Surgery & GI Surgery)
O.P.D
Monday to Saturday
10 AM to 2 PM
7808368888
www.asarfihospital.com

# खिलौने की भांति टूटने लगी सीगसिगी पंचायत में बिछाई गई पाईप लाईन की नल स्टैंड

## हर घर जल नल दिखाकर निकाल ली गई राशि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** केंद्र व राज सरकार के द्वारा डीजल उपलब्ध कराने को लेकर हर घर जनरल योजना की शुरुआत की गई। योजना के तहत निविदा आमंत्रित कर बड़े पैमाने पर जल मीनार लगा पाइपलाइन बिछाई जा रही है। साथ ही घरों में पेयजल उपलब्ध कराने को ले नल स्टैंड लगाए गए हैं। संवेदक की लापरवाही के कारण लगाए गए नल स्टैंड खिलौने की भांति टूटने लगे हैं। लेकिन इस पर पंचायत प्रतिनिधि दो शब्द बोलने को तैयार नहीं। ऐसा लग रहा जैसे इस योजना में उनकी भी सहभागिता रही हो या स्वयं से ही योजना कराकर राशि की बंदरबांट कर ली गई हो। ऐसी हीं स्थिति विश्रामपुर प्रखंड स्थित सीगसिगी पंचायत में देखा जा सकता है। सीगसिगी पंचायत के सुलुमदाग



गांव के तीनमुहान होते सुरेन्द्र यादव के घर तक 15वें वित्त की राशि से जलमिनार से पाईप लाईन के द्वारा घर घर शुद्ध पानी सप्लाई किया जाना था। जो सिर्फ दिखाने के लिए नल लगा दिया गया। लोगों को एक बूंद जल भी नसीब नहीं हुआ है। वर्षों से पानी की उम्मीद लगाए ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए आज भी तरस जा रहे हैं। स्थानिय लोगों ने बताया पंचायत की मुखिया महिला हैं। जो कभी शायद हीं पंचायत में भ्रमण करती हों। मुखिया पति के द्वारा कार्य संपादित किए जाते हैं। यदि कोई कुछ कार्य लेकर जाता है तो जो भोट दिया है उन्हें चिन्हित कर कार्य किया जाता है।पंचायत की मुखिया केवल कहानी मात्र को ही महिला को बनाया गया है। जहां केन्द्र सरकार महिला के लिए लोकसभा व राज्यसभा में बिल पास कर 33त्न उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इतना ही नहीं हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे कर समाज में सामानता वह एकरूपता पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन पंचायत की मुखिया से बात भी नहीं हो पता कारण मुखिया पति हर जगह अपना मोबाइल नंबर शेयर कर चुके हैं। इतना ही नहीं हर जगह स्वयं को मुखिया के रूप में प्रतिनिधित्व भी करते हैं।

# गढ़वा में हो रही है महौल बिगाड़ने की कोशिश श्मशान घाट के पास फेंका जा रहा है मवेशियों की हड्डी

## स्थानीय लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन से किया है शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शहर के तिलैया नदी के श्मशान घाट के जमीन पर मुस्लिम समुदाय द्वारा मवेशियों की हड्डियां फेंका जा रहा है। श्मशान घाट के पास फेंके गये हड्डियां से हिन्दू समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। तिलैया श्मशान घाट पर वर्षो से दाह संस्कार किया जा रहा है। हिंदू समाज के लोगों का कहना है कि साजिश के तहत श्मशान घाट के पास मवेशियों का हड्डियां फेंका जा रहा है। श्मशाम घाट के पास फेंके गये हड्डियां बहुत दिनों का नहीं है बल्कि एक दो दिन पहले की है। सोमवार को मिस्कार मोहल्ला के कमलेश पासी का दाह संस्कार करने लोग तिलैया श्मशान घाट पर गये हुए थे। तब देखे की वहां पर मवेशियों का हड्डियां फेंका हुआ है। इसके बाद उक्त लोगों ने इसकी सूचना गढवा थाना को दिया। सूचना मिलने



के बाद पुलिस पदाधिकारी व जवान वहां पर पहुंचकर जानकारी लिया।जिला मुख्यालय के शिवाजी मैदान के पास तिलैया नदी के श्मशान घाट है। इस श्मशान घाट पर हिंदू समाज के लोग दाह संस्कार के लिए आते है। पहले से ही श्मशान घाट पर प्रशासन ने किसी तरह का कोई इंतजाम नहीं किया है। जबकि दबंगों और भूमाफिया की करतूतों ने समाज के लोगों को आक्रोशित कर दिया है। मवेशी के हड्डी फेंके जाने से और ज्यादा हिंदू समाज में आक्रोश हो गया है।

**क्या कहा स्थानीय लोगों ने**

नगर परिषद के वार्ड नंबर सात के पार्षद विनोद प्रसाद उर्फ करीम व नगर परिषद क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने कहा कि मुस्लिम समुदाय द्वारा श्मशान घाट पर मवेशी की मांस व हड्डियां हमेशा फेंका जाता है। आज हमलोग दाह संस्कार करने के लिए यहां पहुंचे तो देखे की मवेशी की मांस व हड्डियां फेंका हुआ है। उक्त लोगों ने कहा कि इससे पहले भी यहां पर फेंका गया था। इसकी सूचना एसपी, डीसी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिये थे लेकिन उक्त लोगों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जबकि इसकी शिकायत मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को भी दिये थे लेकिन मंत्री द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। गढ़वा विधायक सह राज्य के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व जिला प्रशासन से मांग करते है कि श्मशान घाट के जमीन का चाहरदिवारी किया जाए। श्मशान घाट की जमीन का चाहरदिवारी नहीं की जाएगी तो हम लोगों उग्र आंदोलन करेंगें। उक्त लोगों ने कहा कि शदाम खान द्वारा कहा जाता है कि यहां पर दाह संस्कार नहीं करने देंगे।

# सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर रेल सेवा बाधित कर हंगामा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू

**- जपला आरपीएफ ने 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज की प्राथमिकी, छानबीन शुरू**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों द्वारा हंगामा करने और रेल सेवा बाधित करने वालों के विरुद्ध रेल प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है.इस मामले में आरपीएफ ने 40-50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है.जपला आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि वहां के लोगों ने अनाधिकृत रूप से सिगसिगी स्टेशन में हंगामा कर रेल सेवा बाधित कर दिया था.वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप पर रेल सेवा बहाल कराया गया था.रेल सेवा बाधित करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया गया है.यहां बताते चलें कि रविवार को सिगसिगी गांव की एक गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा हो रहा था.जिसे परिजन निजी वाहन से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे.लेकिन रेलवे फाटक बंद होने के कारण वाहन रेल फाटक के दूसरी ओर लगभग एक घंटे तक फंसा रहा.पीड़ित महिला दर्द से कराहती रही.परिजन स्टेशन मास्टर से रेल फाटक खोलने का आग्रह करते रहे,लेकिन रेल फाटक नही खोला गया.इधर महिला की स्थित लगातार बिगड़ते जा रही थी.जिसके बाद आनन फानन में महिला को चारपाई में लादकर जैसे तैसे रेल फाटक पार करके 108 एंबुलेंस से उसे मेदनीनगर भेजा गया.इसी बात से आक्रोशित ग्रामीणों ने सिगसिगी स्टेशन पर जमकर हंगामा किया.ग्रामीणों ने स्टेशन मास्टर को बंधक बना लिया और स्टेशन के तकनीकी कमरे में ताला जड़ दिया था.जिससे रेल सेवा लगभग पांच घंटे तक बाधित रहा.वरीय रेल अधिकारियों के दखल के बाद मामला शांत हुआ.इसी मामले में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू हुई है.

# आज अधिवक्ता पर हमले के विरुद्ध सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा की एक अहम बैठक आहूत की गई। बैठक में न्यायालय परिसर में अभियुक्तों द्वारा अधिवक्ता पर गत दिनांक 07.10.3023 को पुलिस अभिरक्षा में रहते हुए की गई हमले कि निन्दा की गई। उक्त मामले में संघ के प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक लोहरदगा से मिल कर सम्पूर्ण मामले की जानकारी उपलब्ध करायी गयी थी परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है यह अधिवक्ता की सुरक्षा कि मामला है द्य बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आज दिनाँक 10.10.2023 को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे एवं बिरोध प्रकट करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोहरदगा एवं उपायुक्त लोहरदगा को ज्ञापन सौंपा जायगा द्य संघ द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून हेतु सरकार से मांग की जाएगी द्य बैठक में शंघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी ने कहा कि यह हमला अभियुक्तों की आक्रमक सोच को दर्शाता है यदि प्रशासन द्वारा इस मामले में कार्रवाई करने में कोताही बरती जाती है तो भविष्य में बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है द्य शंघ के महासचिव लाल दीपक कुमार ने कहा कि शंघ हमेशा अधिवक्ता के हित में कार्य करती हैं हम लोग कानून का पालन करते हुए आम जनता की हित में कार्य करते हैं यदि अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना होगी ।

**क्रशर स्थल व खदान का सीमांकन कर पीलर,सीसीटीवी एवं साइन बोर्ड,वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाने का निर्देश दिया**

# अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : डीसी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में सभी प्रस्थर खनन पट्टेधारियों एवं क्रशर संचालकों के साथ बैठक की।बैठक में मौजूद खनन पट्टाधारियों को उपायुक्त ने खदान संचालन में सभी नियमों के अनुपालन की जानकारी दी और नियम का पालन हर हाल में करने का निर्देश दिया। नियमों के तहत खदान और क्रशर प्लांट की घेराबंदी करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, सूचना पट्ट लगाने, व्यवसायिक स्थल पर संपूर्ण दस्तावेज रखने, निरीक्षण पंजी रखने, क्रशर प्लांट में प्रदूषण मापक यंत्र लगाने, प्रदूषण नियमों के अनुपालन को लेकर जल छिड़काव एवं पौधा लगाने का काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पट्टाधारी अपने-अपने खनन क्षेत्र के प्रवेश द्वार के पास ही साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे।साइन बोर्ड में संचालक का नाम,पता,अनुज्ञप्ति नंबर, खाता नंबर, प्लॉट नंबर एवं खनन क्षेत्र का स्पष्ट विवरण होना चाहिए।साथ ही उन्होंने कहा कि खनन पट्टा में निर्धारित क्षेत्र के बाहर खनन कार्य नहीं करेंगे। जांच के दौरान अगर लीज एरिया से बाहर काम करते पाए गए तो प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी वाहनों के आगे पीछे नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने माइनिंग एरिया का मापी 31 अक्टूबर तक कराना सुनिश्चित करें एवं सभी वाहनों में जीपीएस डिवाइस तीन महीने के अंदर तक लगाने का निर्देश दिया।मौके पर एसडीओ हरिवंश पंडित, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद,माइनिंग इंस्पेक्टर पिंटु कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत सभी पत्थर खनन पट्टेधारी एवं क्रशर संचालकों उपस्थित थे।

# परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि

**-पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के उत्सव गार्डन में जिला स्तरीय श्रद्धांजलि सह विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शहर के उत्सव गार्डन में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बामसेफ, डी एस 4 व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक व बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम के 17 वें परिनिर्वान दिवस पर जिला स्तरीय श्रद्धांजलि सह विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि जोनल प्रभारी सुनीता देवी जी के साथ विशिष्ट अतिथि गढ़वा विधानसभा प्रभारी सह डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल सहित कई अतिथियों ने सर्वप्रथम भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर व बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि बीएसपी के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का निमार्ण किया। उन्होंने उक्त संगठनों के माध्यम से पूरे देश में चल रहे दलित एवं बहुजन आंदोलन को संघर्ष करने वाले गुरुओं एवं महापुरुषों के जीवन संघर्षो को समेकन कर समाज के बीच एक मिशन के रुप में रखा। विशिष्ट अतिथि गढ़वा विधानसभा प्रभारी



सह डंडा जिप सदस्य अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने कहा कि बहुजन समाज (दलित शोषित वंचित समाज) का लगभग 90त्न आबादी है लेकिन हम अपने वोट की कीमत को नहीं समझते। उन्होंने यह भी कहा कि बसपा संस्थापक के वोट हमारा,राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा का नारा पर अमल कर शासन सता प्राप्त करने की जरूरत है यही मान्यवर का सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मान्यवर ने जिसकी संख्या भारी,उनकी उतनी भागेदारी का भी नारा दिया है। मौके पर बसपा जिला प्रभारी अधिवक्ता जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, ज्ञानी राम, शिवकुमार चौधरी, बीरेंद्र बौद्ध, बिनोद चौधरी, मो वजीर आलम,मुंशी पासवान,क्यास राम, रामचंद्र राम, कृष्ण विश्वकर्मा, चंद्रिका सिंह, प्रमोद राम, सुनीता देवी, ने संबोधित किया तथा सैकड़ों नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संकल्प सप्ताह के समापन पर कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू):** आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत संकल्प सप्ताह के समापन के अवसर पर सोमवार को प्रखंड सभागार में समावेश समारोह का आयोजन किया गया । इसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, बाल विकास,जेएसएलपीएस के संबंधित अधिकारियों के साथ ही पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान अकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित हरिहरगंज के समग्र विकास पर चर्चा हुई । वहीं प्रखंड परिसर में कृषि प्रदर्शनी लगाई गई।जिसमें विभिन्न गांवों से आये किसानों ने ओल, भिंडी, बैगन, नेनुआ, लौकी, करैला आदि सब्जियों का प्रदर्शन किया। मौके पर अधिकारियों ने उन्नत खेती के लिए भूमि का चयन , तैयारी, बुआई का उचित समय, खरपतवार नियंत्रण




रोग एवं उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।इस दौरान बेहतर सब्जी उत्पाद के लिए कई किसानों को सम्मानित किया गया। कृषि प्रदर्शनी में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, कनीय पौध संरक्षण पदाधिकारी अविनाश कुजूर, तकनीक सहायक पलामू मनोज कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, बीटीएम अमित कुमार जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार, स्वच्छता विभाग के जयप्रकाश सिंह एटीएम प्रवीण जहां, मुखिया काजल कुमारी, नीतू कुमारी के अलावे कृषक मित्र रामजनम मेहता, अनिल कुमार यादव, पंचप कुमार मेहता, संजय कुमार सिंह, रामनंदन यादव, मोहन यादव बिरेन्द्र मेहता, रंजीत यादव, अमरेन्द्र पासवान, नंदकिशोर प्रसाद, प्रवेश यादव सहित कई किसान उपस्थित थे ।

## झामुमो के सेमरा पंचायत अध्यक्ष बने महेंद्र भुईयां

**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत सेमरा पंचायत के खरोह टोला झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष बालकिशुन उराव व कमरुद्दीन अंसारी ने की। मौके पर कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि चैनपुर प्रखंड के सभी 25 पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत कमेटी गठन किया जाना है जो लगभग आधा दर्जन से ज्यादा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सरकार की जितनी भी योजना चल रही है वह सभी पंचायत स्तर तक पहुंच रही है और सरकार की सफलता सभी लोगों के बीच में दिख रही है। पंचायत लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सैकड़ो लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर पंचायत स्तरीय कमेटी भी गठन किया गया सेमरा पंचायत के झामुमो पंचायत अध्यक्ष महेंद्र भुईयां,सचिव अल्ताफ राजा,उपाध्यक्ष राम नाथ उराव, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, संयुक्त सचिव अफरोज आलम,संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार रवि, एहतेशाम अंसारी को बनाया गया।

## मुखिया ने डीएसओ को लिखा पत्र, लाभुकों को राशन दिलवाने की मांग

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द गांव में पिछले तीन माह से ग्रामीणों को राशन नही मिल रहा है.जिससे ग्रामीण काफी परेशान है.लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर राशन दिलवाने का मांग किया है.यहां उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द गांव में जन वितरण प्रणाली दुकान से



मिलने वाले राशन कार्डधारियों को पिछले तीन माह से नही मिल रहा है.जिससे ग्रामीण काफी परेशान है.ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया धर्मेंद्र चौधरी को देते हुये राशन दिलवाने का आग्रह किया.जिसके बाद मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिख कर तीन माह से बंद राशन को फिर से लाभुको के बीच वितरण कराने का मांग किया है.जिससे ग्रामीणों की परेशानी दूर हो सके।

## सड़क हादसा में घायल डंडिला खुर्द के युवक की इलाज के दौरान रांची में हुई मौत

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क हादसा में गंभीर रूप से घायल 45 वर्षीय अखिलेश शुक्ला की मौत शनिवार की देर रात इलाज के दौरान रांची के मेडिका हॉस्पिटल में हो गयी है.आज उनका दाह संस्कार किया गया.जानकारी के अनुसार मृतक शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अपने घर रेहला थाना के डंडिला खुर्द से ग्रासिम फैक्टरी गेट की तरफ जा रहे थे.इसी दौरान उनकी



टक्कर एक बल्कर से हो गयी.जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए.आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया.रांची मेडिका हॉस्पिटल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति में को सुधार नहीं हुई और शनिवार की देर रात उनकी मौत हो गयी.घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है.गांव में भी मातम पसरा हुआ है.मृतक अखिलेश शुक्ला ट्रांसपोर्ट व्यवसाई राजेश शुक्ला के छोटे भाई थे.स्व अखिलेश शुक्ला सामाजिक और धार्मिक कार्यों में काफी बढ़चढ़कर सहयोग करते थे.इसलिए उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है.इधर उनके निधन पर कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है.दिख ब्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,बसपा नेता अभिमन्यु सिंह,पूर्व विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय सहित कई लोगों का नाम शामिल है.

## मुखिया प्रतिनिधि ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत



**बिशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा को बिशुनपुरा प्रखंड के मुखिया प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को बधाई देते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कि। थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने प्रखंड में शांति व्यवस्था एवं अपराध पर लगाम लगाने हेतु सभी प्रतिनिधि से सहयोग की अपील की।मौके पर अमहर पंचायत के मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह, बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि डॉ. प्रवीण कुमार यादव, सरांग मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, पतिहारी मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, पिपरी मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान मौजूद रहे।

## महिलाओं को जल गुणवत्ता जांच के लिये दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के तत्वावधान में एक्शन फ़ॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट रांची द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत चार पंचायतों के प्रत्येक ग्राम से जल सहिया,स्वास्थ्य सहिया, सेविका तथा महिला समिति के दो एक्टिव महिलाओं सहित कुल पांच महिलाओं को जल गुणवत्ता जांच के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण एनजीओ के जिला कोर्डिनेटर आनंद मोहन चौबे ने दिया. प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाओं को जल जांच करने का तरीका बताया गया. एनजीओ द्वारा सभी महिलाओं को जल जांच का किट भी उपलब्ध कराया गया.प्रशिक्षण में एनजीओ के प्रखंड कोर्डिनेटर रामकिशुन राम, मीरा देवी, करुणा देवी, रीना देवी, प्रभा देवी, संगीता देवी, फूलकुमारी देवी, प्रभावती देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

उत्तराखण्ड शासन

G20 भारत 2023 INDIA


आज़ादी का अमृत महोत्सव



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

# आगे बढ़ता उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देश व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में उत्तराखण्ड विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।**



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## राज्य सरकार वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने "विकल्प रहित संकल्प" को लेकर आगे बढ़ रही है।

## 306 करोड़ रुपए की 26 परियोजनाएं जनता को की गई समर्पित।



- लोकार्पित **परियोजनाओं** में नवनिर्मित गदरपुर बाईपास और खटीमा बाईपास भी शामिल।
- उधमसिंहनगर जिले में 30,606.75 लाख रुपए की 26 **परियोजनाओं** को आमजन के लिये शुरू कर दिया गया है। इसमें नवनिर्मित गदरपुर बाईपास एवं नवनिर्मित खटीमा बाईपास का लोकार्पण भी शामिल रहा।
- लोकार्पित किये गये 4 लेन गदरपुर बाईपास की लम्बाई 8.8 किमी और लागत 170 करोड़ रुपए है जबकि खटीमा बाईपास 2-लेन विद पेव्ड शोल्डर है। इसकी लम्बाई 8.25 किमी और लागत 95 करोड़ रुपए है।
- बाईपास के लोकार्पण के साथ खटीमा एवं गदरपुर क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। इन दोनों ही बाईपास के बनने से स्थानीय जनता को लाभ मिलेगा। खटीमा एवं गदरपुर दोनों शहरों को जाम से निजात भी मिलेगा। बाईपास के बन जाने से रुद्रपुर - टनकपुर एवं रुद्रपुर से काशीपुर या अन्य आसपास शहरों की यात्रा अवधि घट जाएगी।
- जल्द ही टनकपुर से सितारगंज एवं पीलीभीत से खटीमा हेतु 4 लेन सड़क पर भी कार्य किया जाएगा। यह मार्ग कैलाश मानसरोवर का भी एक अहम पड़ाव है आने वाले दिनों में कैलाश मानसरोवर की यात्रा इन्हीं मार्गों से की जाएगी।

पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तराखण्ड में अधोसंरचना परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सड़क और रेल नेटवर्क का जाल बिछाया जा रहा है। इन सभी परियोजनाओं का निर्माण पूरा होने के बाद राज्य में सड़क संपर्क काफी अच्छा हो जाएगा।

पिछले तीन-चार वर्षों में प्रदेश में सड़क और परिवहन सुविधाओं पर तेजी से काम हो रहा है। मैदानों से लेकर पहाड़ों तक हर जगह काम चल रहा है। इससे आने वाले समय में राज्य में सड़क संपर्क काफी अच्छा होगा और चारधाम यात्रा से पर्यटन में भारी वृद्धि होगी।

पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में स्वीकृत प्रमुख विकास परियोजनाओं में से

- देहरादून से दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेसवे सबसे महत्वपूर्ण है जो लगभग 200 किमी लंबा है।
- चरणबद्ध रूप से बनाई जा रही दो हजार करोड़ से अधिक की इस परियोजना से राष्ट्रीय राजधानी से देहरादून की दूरी महज दो घंटे की होगी।
- इस एक्सप्रेसवे के बनने से पर्यटन के साथ-साथ चारधाम यात्रा में भी भारी वृद्धि होगी और औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

# बेहतर होती कनेक्टिविटी से खुल रहे हैं समृद्धि के द्वार

किसी भी क्षेत्र के लोगों की आर्थिक समृद्धि और खुशहाली का एकमात्र रास्ता दुनिया के लोगों के साथ जुड़ाव है। उत्तराखण्ड राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में से एक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नज़र बेहतर कनेक्टिविटी पर है। प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित विकास परियोजनाओं के अनुसार, पर्यटन का विकास चाहे वह धार्मिक हो, साहसिक या वन्यजीव पर्यटन हो, पूरी तरह से सड़क, रेल और हवाई मार्ग से बेहतर संपर्क पर निर्भर करता है। विशेष रूप से केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों में बुनियादी ढांचे के विकास में उनकी व्यक्तिगत रुचि उल्लेखनीय रही है। 12000 करोड़ रुपये की लागत वाली 'चारधाम' ऑलवेदर रोड परियोजना श्रद्धालुओं को तीर्थों से साल भर संपर्क बनाए रखेगी और पर्यटन को बढ़ावा देगी। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार का भी ध्यान कुछ मेगा परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी में सुधार करने जा रहा है। परियोजना का उद्घाटन 2016 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था और 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना एक और मील का पत्थर है जिसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बदलना है। 126 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन एक इंजीनियरिंग चमत्कार होने जा रही है। क्योंकि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा तीर्थयात्रा और पर्यटन की सुविधा के लिए गढ़वाल हिमालय तक ट्रेन ले जाएगी। रेलवे लाइन 2024 के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार भी अपने नेतृत्व में राज्य में सर्वश्रेष्ठ हवाई संपर्क प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। देहरादून, पंतनगर हवाई अड्डे और पिथौरागढ़ में नैनी-सैनी हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे के विस्तार की योजना पहले से ही चल रही है।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है। 2024-25 तक पूरी होने की संभावना है

टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला-गंगोत्री-यमुनोत्री रेल लाइन सर्वेक्षण हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के दोहरीकरण पर भारत सरकार की सहमति





## हेमकुंड साहिब रोपवे दुनिया में सबसे ऊंचा होगा

रोपवे बनने से हेमकुंड साहिब आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। बद्रीनाथ जाने वाले 60 फीसदी श्रद्धालु हेमकुंड साहिब भी पहुंच सकेंगे। हेमकुंड साहिब रोपवे का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। यह दुनिया का सबसे ऊंचा और सबसे लंबा रोपवे होगा। अब हेमकुंड साहिब के कठिन रास्तों पर चलने में दिक्कत नहीं होगी। हेमकुंड साहिब 15200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर स्थित गुरुद्वारा है जहां श्रद्धालु मत्था टेकने आते हैं।
साल में सिर्फ पांच महीने ही यहां के कपाट भक्तों के लिए खुले रहते हैं।



गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक बनने वाले रोपवे की लंबाई 12.4 किमी होगी। रोपवे बनने से हेमकुंड साहिब आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। बद्रीनाथ जाने वाले 60 फीसदी श्रद्धालु हेमकुंड साहिब भी पहुंच सकेंगे।

**यात्रा 45 मिनट में पूरी होगी**

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे बन जाने से यात्रा मात्र 45 मिनट में पूरी होगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिब जाने के लिए करीब 19 किमी की पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। रोपवे के बन जाने से श्रद्धालु गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब महज 45 मिनट में पहुंच जाएंगे। इसके निर्माण से बुजुर्ग व दिव्यांग श्रद्धालुओं को सुविधा होगी।

R.O No- RO2023100719586

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यू उदयन पब्लिक स्कूल ने हेन्देगीर को किया पराजित

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटाड़ खेल मैदान में सोमवार से फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच न्यू उदयन पुब्लिक स्कूल कल्याणपूर बनाम हेंदेगीर के बीच खेला गया।इस रोमांचक मैच मे न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हेन्देगीर टीम को 2-1 से पराजित कर जीत के साथ टूर्नामेंट में शुरुआत की।टीम के शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने स्कूल टीम के सभी खिलाडियो को जीत की बधाई देते हुए प्रतियोगिता में आगे के सभी मैच में भी बेहतर प्रदर्शन कर खिताब पर कब्जा जमाने की शुभकामना दी।उन्होंने स्कूल के सभी बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर आयोजन समिति के सभी सदस्यों के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## पिपरवार में सीसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आज होगा आगाज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की मेजबानी में इस बार सीसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।इस प्रतियोगिता में सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीम शामिल होगी।प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।बचरा चार नंबर खेल मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।आज समारोहपूर्वक अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा।मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय के द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा।वही बुधवार 11 अक्टूबर को इस प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा।समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा शामिल होगें।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आज पिपरवार का करेंगे दौरा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो आज सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा करेंगे। उनके साथ पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी भी शामिल रहेंगे।इसकी जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के पिपरवाह नगर अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि दोपहर एक बजे सुदेश महतो पिपरवार के बचरा संगम विहार क्लब पहुंचेंगे,जहां स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।बैठक के बाद पुरानीराय में आयोजित दो दिवसीय जितिया मेला के समापन समारोह में शामिल होंगे।इधर सुदेश महतो के पिपरवार दौरे को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है।

## उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल में दस बेड वाले निर्माणाधीन थैलिसीमिया डे केयर सेंटर का निरीक्षण

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त, खूंटी, लोकेश मिश्रा ने सदर अस्पताल में निर्माणाधीन थैलिसीमिया डे केयर सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सिविल सर्जन, खूंटी को थैलिसीमिया डे केयर सेंटर का यथाशीघ्र निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में सिकल सेल एनीमिया/थैलिसीमिया के रोगियों की संख्या बहुत हैं। इसको ध्यान में रखते हुए 10 बेड के थैलिसीमिया सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में रोगियों की समुचित जांच एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि उक्त सेंटर को यथाशीघ्र संचालित करा दिया जाएगा। थैलिसीमिय डे केयर सेंटर के भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। सिकल सेल एनीमिया/थैलिसीमिया के यथोचित इलाज के लिए प्रशिक्षित चिकित्सकों की व्यवस्था की जाएगी।



## तमाड़ में भाजपा ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह किया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी तथा रड़गांव मंडल अध्यक्ष अजित महतो के नेतृत्व में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम प्रखंड स्तर पर मिट्टी संग्रह करते हुए किया गया। जानकारी हो की झारखंड भाजपा द्वारा सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के निमित्त पूरे राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश में कई प्रकार के कार्यक्रम चलाए गए जिनमें मुख्य रूप से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से हर बुथ से मिट्टी संग्रहण किया गया था जिससे आज प्रखंड स्तर पर संग्रह किया गया जो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में दिल्ली भेजा जाएगा। आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे संतोष साहु, दिनेश साहु,अंगद महतो, विवेक गुप्ता, गोविंद सिंह मुंडा, गणेश मुंडा, अश्र्वत्थामा सेठ, मुकेश पातर,दिलवर हंस, योगेश्वर महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।



## एक्यू परिषद टाटीसिल्वे की बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटा सिल्वे रांची कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर श्री प्रकाश बरनवाल के नेतृत्व में एक बैठक की गई । जिसमें रांची को 5 जॉन में बांटा गया एवं एक्यूप्रेशर के विकास के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग एंड ट्रीटमेंट कैंप की स्थापना एवं झारखंड के 24 जिला में ट्रेनिंग ट्रीटमेंट एक्यूप्रेशर सेवा केंद्र का संचालन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा अक्टूबर माह के अंत तक करने की योजना बनाई गई । इस योजना में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र पर फोकस डाला गया ,साथ ही साथ ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट के लिए डॉ मधुसूदन पांडे स्टेट सिक्योरिटी के नेतृत्व में सभी सेंटरों का संचालन किया जाएगा । इस अवसर पर मां एक्यूप्रेशर सेंटर के डॉक्टर बलराम महतो ,महेश एक्यूप्रेशर सेंटर से महेश कुमार प्रजापति, डॉक्टर रुक्मिणी कुमारी ,डॉक्टर सरस्वती कुमारी ,डॉक्टर लापन कुमारी, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ नरेश महतो एवं 24जिला के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।



## वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बने शकील अंसारी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेड़ो प्रखंड के ग्राम करांजी स्थित पंचायत सचिवालय में सोमवार को वन अधिकार अधिनियम योजना के तहत वन अधिकार समिति के गठन हेतु ग्राम प्रधान ओस्कर तिर्की की अध्यक्षता एवं मुखिया फांसिस्का मिंज की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया । इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष मो0 शकील अंसारी, सचिव अमीनुल अंसारी, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर लोहरा को बनाया गया एवं सदस्यों में मोबारक अंसारी, साहबान अंसारी, पास्कल तिर्की, ओम प्रकाश साहू, तौहीद अंसारी, मो0 नौशाद अंसारी, बुदा भिन्सेन्ट तिर्की, शबनम आरा, सलमा खातुन, प्रेमा लकड़ा, पूनम एक्का, खुर्शीद अंसारी, रेखा देवी, जमील अंसारी एवं बसंती देवी को बनाया गया । मौके पर मौजूद पर्यवेक्षक राजीव कुमार एवं जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि जगरनाथ भगत नें ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बबलू खान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमीन अंसारी, समाजसेवी मंजूर अंसारी, शोएब अंसारी, रूस्तम अंसारी, मो0 ओसामा, सबीला खातुन एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे ।



# ग्रामीणों का सहारा हैं खलारी कोयलांचल की विस्थापित कमेटियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल की विस्थापित कमेटियां रैयत, विस्थापितों, प्रभावितों व ग्रामीणों का सहारा हैं.ये कमेटियां ग्रामीणों के हर सुख दुख में खड़ी रहती हैं. यह बात सोमवार को खलारी कांयलांचल के ग्रामीणों की हुई बैठक में ग्रामीणों द्वारा कही गई. ग्रामीणों की ओर से कहा गया कि आज जो विस्थापित हैं वे ही कल जमीन के रैयत थे. सौभाग्य से या दुर्भाग्य से उनके जमीन के नीचे कोयला मिल गया. रैयतों ने अपने पुरखों की जमीन, अपना घर, अपना गांव देष हित में कोयला खनन के लिए सीसीएल को दे दिया. इसके बाद से वे विस्थापित की श्रेणी में आ गए. जमीन के एवज में मुआवजा के रूप में उन्हें प्रति एकड़ तय दर से पैसे मिले. प्रति दो एकड़ के हिसाब से परिवार के सदस्यों को सीसीएल में नौकरी मिली. पुनर्वास के बदले भी पैसे मिले.इस तरह मुआवजा से मिले पैसे और नौकरी से प्रतिमाह मिल रहे पैसे से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ. जमीन लेते समय सीसीएल प्रबंधन ने पुनर्वास में हर सुख सुविधा का भरोसा दिया. इसके अलावा कोलियरियों में आउटसोर्सिंग के कार्य में प्राथमिकता का भरोसा दिया. जब जमीन लेने के बाद रैयतों को मुआवजा, नौकरी देने तथा सुविधा देने में प्रबंधन आफिस का चक्कर लगवाने लगी तब विस्थापित संगठित हुए और अपने हक के लिए संगठन बनाए. संगठित होने से वे मजबूत हुए और उन्हें उनका हक मिल रहा है. आज विस्थापित संगठन का ही देन है कि विस्थापित परिवार के वैसे सदस्य जिन्हें नौकरी नहीं मिल सका, उन्हें कमेटियां परोक्ष रोजगार उपलब्ध कराती हैं. बैठक में मंजरी देवी, लालो देवी, तुकेष्वरी देवी, गांधारी देवी, फजातिया देवी, ललिता देवी, बुधनी देवी, रवि उरांव, सरिता देवी, मंगरी देवी, सुनीता देवी, फुलमतिया देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. सीसीएल की परियोजनाओं में विस्थापित परिवारों को रोजगार देने के लिए विस्थापितों की कमेटियां बनाई गई हैं. सीसीएल ई आक्षन के माध्यम से कोयला बेचती है. सेल आर्डर के अनुसार खरीदार को स्वयं ही संबंधित परियोजना के पिट स्टाक से कोयले का उठाव करना होता है. परियोनाओं के कोल डंप में कोयला लोडिंग का काम विस्थापित संगठन करते हैं.कोल डंप में मजदूरी के कई कार्य होते हैं जो कमेटियों के माध्यम से विस्थापित करते हैं. ट्रकों पर लदे कोयला को समतल करना सहित ट्रकों को अन्य सुविधा देने का काम विस्थापित परिवार ही करते हैं.यह सब उनके लिए रोजगार का साधन है. कोयला खदान के लिए जमीन देने के कारण यहां से रोजगार पाना उनका हक भी है.



# लोक सभा चुनाव की तैयारी बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज दिनांक 8.10.2023. दिन रविवार सिंदरोल नमकुम रांची में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी हेतु समयबध कार्यक्रम का अनुपालन हेतु प्रथम तैयारी बैठक की कार्य सूची पर चर्चा किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से झारखंड कांग्रेस पार्टी के प्रभारी अविनाश पांडे , झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर , ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम , पूर्व सांसद श्री सुबोध कल सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप ,अजय नाथ शाहदेव मंच सांझा करते हुए वक्ताओ ने कहा हमारी सरकार महिलाओं को सहयोग दे रही है।हमारे झारखंड सरकार अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाने की सफल कार्य कर रही है ।

कांग्रेस पार्टी के प्रखंड और पंचायत के कार्यकर्ता मजबूती से अपने अपने क्षेत्र में जाकर योजनाओं की जानकारी दें। राज्य कृषि मंत्री श्री बादल पत्र लेख ने अपने संबोधन में कहा की राजनीति लाभ अर्जित करने के लिए नहीं करनी चाहिए। राजनीतिक देश सेवा की भावना से करनी चाहिए । इसी संदर्भ में मेरे विभाग से जुड़कर जरूरतमंदों को सहायता करने का कार्य पंचायत के अध्यक्ष सक्रिय होकर करें । सरकारी योजना उन तक पहुंचाने का कार्य करें। श्री राजेश ठाकुर जी ने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता अनुभवी और सजग है, निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में इसका सुखदायक परिणाम हमें दिखाई देगा।श्री अविनाश पांडे जी ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए बहुत तरह का दिशा निर्देश दिया जिसमें बूथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा करते हुए कहा की 14 लोकसभा हमारे लिए एक चुनौती और जिस तरह से लहर चल पड़ा है. ऐसी स्थिति मे देश परिवर्तन की तरफ करवट बदल रहा है,अगर हम आज सजग ना रहे तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी । क्योंकि हमारा देश का संविधान खतरे में है, मौके पर जिला के नगर अध्यक्ष एवं ग्रामीण जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने वार्ड एवं प्रखंड अध्यक्ष एवं उनके कार्य समिति की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए लिस्ट भी जारी किया।

# कल्याणपुर में आयोजित जितिया मेला में शामिल हुई विधायक अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर खेल मैदान में चल रहे तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया जतरा मेला में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई।इस दौरान मेला परिसर पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों ने बुके देकर और माला पहनाकर विधायक अंबा प्रसाद का जोरदार स्वागत किया,जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद ने मेला समिति के सदस्यों के साथ पूरे मेला परिसर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान मेला समिति के द्वारा आयोजित रंगारंग आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि जितिया जतरा मेला आपसी भाईचारगी का संदेश देता है। हमारे पूर्वजों के समय से शुरू किए गए इस तरह के जतरा को आज भी हम सभी उत्साह के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।उन्होंने कहा कि कल्याणपुर का जितिया मेला चतरा जिला का सबसे बड़ा मेला के रूप मे जाना जाता है और इसे राजकीय मेला का दर्जा दिलाने के लिए झारखंड सरकार से बात की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद उठाने की अपील की।इस मौके पर आयोजन समिति के फूलदेव टाना भगत,बालेश्वर उरांव,निर्मल उरांव,कयूम अंसारी,मुनेश्वर उरांव,शिव शंकर साव,धनेश्वर गंझु, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,सुभाष साव,मंगल सिंह,उमेश कुमार,अनिल सोनी,बालकन्त उरांव,सचिन पासवान,टिकेश्वर महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## वर्ल्ड बैंक की चार सदस्यीय टीम दो दिवसीय दौरे पर पहुंची पिपरवार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वर्ल्ड बैंक की चार सदस्यीय टीम ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस में पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति के नेतृत्व मे स्थानीय अधिकारियो ने बुके देकर टीम के सभी सदस्यों का स्वागत किया।टीम मे मुख्य रूप से वर्ल्ड बैंक के सीनियर जीएएस स्पेशलिस्ट हर्षित अग्रवाल,लीड एनवायरमेंटल स्पेशलिस्ट व्लफार्ट पोल,जीआईएस कन्सल्टेट वैष्णवी हॉन्प और फोटो एंव रिकॉर्डिंग स्पेशलिस्ट तन्मय कोठारी शामिल थे।टीम के सभी सदस्यों ने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना कोयला खदान, सीएचपी/सीपीपी कोल वासरी और पिपरवार सोलर प्लांट का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों ने कोयला उत्पादन और कोयला ढुलाई सहित अन्य बातों की जानकारी ली।वहीं पिपरवार कायाकल्प वाटिका जाकर वहां की सुंदरता को निखारते हुए प्राकृतिक सौंदर्य से संबंधित बातों की जानकारी ली।वही संगम विहार गेस्ट हाउस में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारियों के साथ टीम के सदस्यों ने बैठक की,जिसमें कई महत्वपूर्ण बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों ने कई बातों की जानकारी दी।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति,अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा,स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,सिविल अधिकारी नागेन्द्र राम,पीएंडपी विभाग के नवेंदु नियोगी,राजीव रंजन,बाबुन सरकार सहित कई स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।



## राशन अनियमिता को लेकर राशन कार्डधारियों का उग्र प्रदर्शन, मुख्य द्वार का किया घेराव

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिल्ली के मुख्य द्वार पर झारखंड भाषा खतियान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले देवेंद्रनाथ महतो के नेतृत्व में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्य द्वार को जाम कर दिया गया। जिसमें सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो महिलाएं तथा पुरुष हाथ पर तख्ता लिए मुख्य द्वार के बाहर धरना प्रदर्शन बैठ गए। सभी कार्डधारियों की मांग है कि राशन की कटौती नहीं किया जाय, इलेक्ट्रॉनिक तराजू से राशन को तोला जाए तथा पत्थर जैसी वस्तुओं को अनाज तोलने में प्रयोग ना किया जाए। ग्रामीणों का मांग है कि सभी डीलर्स को धरना स्थल पर बुलाकर लिखित आश्वासन दे ताकि किसी भी कार्डधारी को अनावश्यक परेशानी ना झेलना पड़े। देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि इससे पूर्व भी 3 अक्टूबर को सभी डीलर्स को कार्यालय बुलाने के लिए [illegible] ने हामी भरी थी परंतु [illegible] द्वारा उन डीलर्स को नहीं बुलाया गया। अब जनता दूर दराज से पहुंचकर प्रदर्शन कर रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में करोड़ों रुपए की अनाज कटौती में हड़प लिए गए हैं।उन्होंने नेतृत्व करते हुए कहा कि जब तक सभी पंचायतों के डीलर्स को प्रखंड कार्यालय में नहीं बुला लिया जाता है तब तक यह सभी ग्रामीण बैठकर प्रदर्शन करते रहेंगे ।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या**

**RDD/SD/RANCHI/21/2022-23 Re e-tender (3rd Call) iwoZ dk (i) P.R. No. 293960 Rural Development (22-23) D & (ii) P.R No. 296683 Rural Development (23-24) D**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के खेलारी प्रखंड के लपरा पंचायत के चट्टी नदी में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 264.41900 | 5,28,900.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 11.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.10.2023 से दिनांक 17.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 19.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
10. ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9504917888
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 308664 Rural Development(23-24).D



## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ–75 (Section-III) के कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) तक फोरलेन पथ निर्माण/चौड़ीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। कार्य के ससमय निष्पादन हेतु रैयतों के हित में कैम्प का आयोजन निम्नांकित तिथि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति निम्न प्रकार से की जाती है :–

| अंचल का नाम | तिथि | ग्राम | कैम्प स्थल | प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी का नाम | प्रतिनियुक्त अंचल कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| सदर मेदिनीनगर | 10.10.2023 एवं 11.10.2023 | हिसरा उर्फ पोखराहा | पंचायत भवन, सरजा | श्री सेवा राम साहू, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पलामू –सह– जिला कल्यान पदाधिकारी, पलामू। मो० नं०– 8210911421 | अंचल अधिकारी/संबंधित राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक/अंचल अमीन नोट :– अंचल अमीन के द्वारा संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कर कब्जेधारी सुनिश्चित करें। |
| | | पोलपोल कला | | | |
| | | चकबरेवा | | | |
| | | नावाडीह | | | |
| | | बैरिया–229 | | | |
| | | बढ़की नेभी | | | |
| | 12.10.2023 | कशिया | पंचायत भवन, लहलहे | | |
| | | भोगू | | | |
| | 13.10.2023 | पोखराहा कला | पंचायत भवन, चियांकी | | |
| | | चुकरू | | | |
| | | जोरकट | | | |
| विश्रामपुर | 10.10.2023 से 12.10.2023 तक। | झानी | पंचायत भवन, गुरी | श्री चन्द्र शेखर कुणाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पलामू –सह– सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू। मो० नं०– 8447887748 | अंचल अधिकारी/संबंधित राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक/अंचल अमीन नोट :– अंचल अमीन के द्वारा संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कर कब्जेधारी सुनिश्चित करें। |
| | | भण्डार | | | |
| | | पीपरा | | | |
| | | गेड़ुआ | | | |
| | | बैरिया | | | |
| | | गुरी | | | |
| | | आरही | | | |
| | 13.10.2023 | कधवन | स्वास्थ उपकेन्द्र, पूर्णाडीह | | |
| | | कुण्डी | | | |
| | | शंखा | | | |

उपरोक्त कैम्पों में रैयतों के भूमि/संरचनाओं से संबंधित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (L.P.C.) तथा बंध पत्र/शपथ पत्र बनाया जाएगा।

संबंधित मौजों के रैयतों से अनुरोध है कि ससमय कैम्प में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त कैम्प प्रक्रिया के अधीन LPC निर्गत व संरचना सत्यापन का कार्य 7 दिनों के अन्दर पूर्ण कर भू–अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR 308678 (Palamu) 23-24 (D)



## कार्यालय-सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ-सह-संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला

पत्रांक :........................../स०स० गुमला, दिनांक : ............................../

**सूचना**

मैं मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खोरा लैम्पस लि०, प्रखण्ड–गुमला, जिला गुमला के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेश आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए श्री प्रमोद कुमार, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय– सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, गुमला अंचल गुमला एवं श्रीमति अंजू कुमारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय– सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, गुमला अंचल गुमला को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 28-11-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम खोरा लैम्पस मुख्यालय में होगा । |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 28-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 28-11-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 29-11-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निश्पादन | 29-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 29-11-2023 | 04:30 P.M. | |
| 7 | नामांकन की वापसी | 30-11-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 30-11-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 30-11-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 08-12-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 08-12-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विशेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 08-12-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स०
गुमला अंचल, गुमला–सह–
संचालन पदधिकारी

PR 308685 Co-opretive (23-24)_D

## दुर्गोत्सव में निःशुल्क पार्किंग का प्रबंध कराये प्रशासन : अंकित आनंद




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर में दुर्गोत्सव आयोजन में पंडालों के बाहर पार्किंग शुल्क वसूलने की छूट संबंधित प्रशासनिक सहमति का विरोध शुरू हो गया है। इस बाबत् महानगर भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अंकित आनंद ने पार्किंग शुल्क वसूलने के निर्णय को अप्रासंगिक बताते हुए कड़ा ऐतराज जताया है। इस निर्णय की आलोचना करते हुए सूबे के मुख्यमंत्री से संज्ञान लेने तथा जिला प्रशासन से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल के जरिये भाजपा नेता ने संबंधित मामले को उठाया है वहीं जिला स्तरीय दुर्गा पूजा समन्वय समितियों की रहस्यमयी चुप्पी पर भी सवाल खड़े किये है। पूर्व महानगर भाजपा प्रवक्ता ने कहा की पार्किंग शुल्क लागू करने से जगह जगह पूजा समितियों और दर्शनार्थियों के मध्य टकराव के मामले सामने आयेंगे। इससे अनावश्यक विवाद बढ़ेंगे।

## टाटा समूह के फ्लैगशिप सेल 10.10 में भारतीय ब्रांडों पर मिल रहे हैं रोमांचक ऑफर



**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा समूह की प्रमुख ई-कॉमर्स पहल-टाटा क्लिक, टाटा क्लिक लक्ज़री और टाटा क्लिक पैलेट पर शुरू हो चूका है। उनका हर साल होने वाला, बहुप्रतीक्षित 10.10 सेल। इस सेल में कपड़ें, ब्यूटी, एक्सेसरीज़, फूटवेयर, ज्वेलरी, घड़ियां और कई अन्य श्रेणियों में आकर्षक ऑफर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस साल त्योहारों की खरीदारी बड़े-बड़े ब्रांड्स से करने का यह सुनहरा मौका उपभोक्ताओं को मिल रहा है। इस सेल में उपभोक्ता उनके पसंदीदा ब्रांड्स पर 85 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट का आनंद ले सकते हैं। साथ ही मुफ्त शिपिंग, अतिरिक्त कूपन और बैंक ऑफ़र जैसे अतिरिक्त लाभ भी पा सकते हैं। इस सेल में एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक भी क्रेडिट कार्ड पर छूट दे रहे हैं। इस संबंध में टाटा क्लिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल अस्थाना ने कहा कि टाटा क्लिक में हम उपभोक्ताओं के लिए लाइफस्टाइल, लक्ज़री और ब्यूटी के लिए पसंदीदा मंच बनने पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। हमारे तीनों प्लेटफार्म, टाटा क्लिक, टाटा क्लिक लक्ज़री और टाटा क्लिक पैलेट पर सभी अलग-अलग श्रेणियों में कई सारे ऑफर हैं जो उपभोक्ताओं की फेस्टिव सीज़न की खरीदारी को चारचांद लगा देंगे। इन सभी प्लेटफॉर्म्स पर मौजूदा पोर्टफोलियो को बढ़ा दिया गया है, सबसे नए कलेक्शन प्रस्तुत किए गए हैं, जिससे सभी विभिन्न श्रेणियों में उपलब्ध उत्पाद भी बढ़ गए हैं।

## मंत्री बन्ना ने काफिला रोक सड़क किनारे पड़े घायल को भिजवाया एमजीएम, लेकिन जान नही बचा सके

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सूबे केस्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने एक बार फिर दरियादिली दिखाई है। वह सोमवार को बहरागोड़ा से जमशेदपुर लौट रहे थे। तभी रास्ते में उन्होंने देखा कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने फौरन अपना काफिला रुकवाया और अपने काफिले में ही शामिल जिप्सी में घायल को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। यही नहीं अपने सुरक्षा कर्मियों को भी साथ में भेजा और वायरलेस करने के बाद फोन कर एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक को इलाज की बेहतर व्यवस्था करने की बात कही। घायल का नाम प्रबीर कुमार कर था। वह मयूरभंज का रहने वाला था। बाद में एमजीएम अस्पताल में घायल ने दम तोड़ दिया। उसे बचाया नहीं जा सका। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले बोड़ो में मंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल को रांची के रिम्स पहुंचाया था और इससे पहले चांडिल और लोहरदगा में भी उन्होंने घायल को रास्ते से एमजीएम अस्पताल भिजवाया था।

## खरसावां के पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में 38 को मिली नौकरी



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला-खरसावां के सौजन्य से डिग्री कॉलेज, खरसावां में पीएम नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया उक्त मेला में रामकृष्ण फोर्जिंग लिमिटिड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटिड, मॉल मेटालिक्स लिमिटिड एवं युवा शक्ति फाउंडेशन द्वारा अप्रेंटिसशिप हेतु 38 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा एवम साक्षात्कार के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 8 हज़ार से 13 हज़ार रुपये तक का स्टाइपेंड भुगतान किया जाएगा। साथ ही उन्हें नियमानुसार बस एवं कैंटीन इत्यादि की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी योग्य अभ्यर्थियों से अपील किया कि जिला नियोजनालय द्वारा नियमित रूप से आयोजित किये जाने वाले रोजगार मेला, भर्ती कैम्प एवम अप्रेंटिसशिप मेला में भाग लें एवम स्थानीय संस्थानों में रोजगार के अवसर पाएं।

## यूनिट स्तर पर हुई गड़बड़ी को सुधार कर मंडल स्तर पर तैयार किया जाए : चांद मोहम्मद

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर मंडल में ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन की वर्षो से यह मांग कर रही थी कि चक्रधरपुर मंडल स्तर से सीनियरिटी लिस्ट बनाया जाए। लेकिन यूनिट स्तर पर हुई गड़बड़ी को सुधारते हुए मंडल स्तर पर तैयार किया जाए। इसका ज्ञापन ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)को सौपा। मांग पत्र के अनुसार जल्द यूनिट स्तर की गड़बड़ियों को सुधार करके डिवीजन स्तर पर लिस्ट तैयार किया जाए, जिससे किसी भी ट्रैक मेंटेनर को किसी भी प्रकार का आर्थिक नुकसान न पहुंचे।

## बारिश में बेघर हुए पीड़ितों को पीएम आवास देने की मांग



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंदगांव प्रखंड के नकटी पंचायत के सुदूरवर्ती एवं जंगल क्षेत्र बांगरासाई गांव में विगत दोनों भारी वर्षा हुआ था। जिसके कारण तीन घर ध्वस्त हो गए थे। जिसमे 60 वर्षीय विधवा बालेमा गहराई ,60 वर्षीय पारदेन गागराई एवं 35 वर्षीय बिरंग गागराई का घर था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी समाज सेवी डॉ विजय सिंह गागराई को दी ।इसके पश्चात बांगरासाई गांव डॉ विजय सिंह गागराई पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया। मौके पे ही उन्होंने बीडीओ अरुण कुमार सिंह से मांग किया कि वे तत्काल इन परिवार को राहत प्रदान करें।उन्हें हर तरह का सरकारी सुविधा उपलब्ध कराया जाय और प्रधानमंत्री या अंबेडकर आवास इन लोगों को प्रदान करें।

### उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा को लेकर केन्द्रीय शांति समिति के साथ की बैठक

# सुरक्षा की रहेगी पुख्ता व्यवस्था : एसएसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में दुर्गापूजा के आयोजन को लेकर केन्द्रीय शांति समिति के साथ बैठक की गई। बैठक में विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, भीड़ को व्यवस्थित करने, सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिदुओं पर चर्चा की गई । इस बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे । बैठक में केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न पूजा समितियों से संबंधी अपनी बातें रखी जिसमें साफ-सफाई, जलापूर्ति, निर्बाध बिजली आपूर्ति, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति, सड़क मरम्मतीकरण, ड्रॉप गेट, विसर्जन घाट पर आवश्यक व्यवस्था किए जाने संबंधी अपने सुझाव रखे जिसपर जिला प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया थानावार किए गए शांति समिति की बैठक के फीडबैक पर कार्य किया जा रहा है, ससमय व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम का दुर्गापूजा अपनी भव्यता और आस्था के लिए देशभर में विख्यात है। उन्होंने कहा कि बिना किसी समस्या का इतने सालों से संचालन करने का श्रेय यहां के जिलावासियों को जाता है और यह भी जिम्मेदारी देता है कि इस वर्ष तथा आने वाले वर्षों में भी उसी शांति को बरकरार रखते हुए पूजा करेंगे। उन्होंने तय विसर्जन रूट का इस्तेमाल करने की बात कही और कहा कि अंतिम समय में कोई भी फेरबदल न किया जाए। स्थानीय थाना के साथ समन्वय बनाते हुए विसर्जन घाट जाएं। पंडालों के बाहर पार्किंग व्यवस्था पूर्व से ही चिन्हित हो । किसी के साथ भी किसी तरह का दुर्व्यवहार न हो या तो छेड़खानी ना हो। महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता है। इस तरह की समस्याओं से निपटने के लिए महिला वॉलिंटियर्स को रखा जाए। सीसीटीवी में रिकॉर्डिंग हो रहा हा या नहीं इसे पहले से जांच लें। सभी पंडाल समिति विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग से एनओसी जरूर लें। सोशल मीडिया को लेकर उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से गलत तथ्यों को फारवर्ड करते हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा क्राउड मैनेजमेंट बहुत जरूरी है जिससे अनुशासनात्मक तरीके से आवागमन किया जा सके। महिलाओं और पुरुषों का प्रवेश और निकास अलग अलग हो यह सुनिश्चित किया जाए। ध्यान रखा जाए कि किसी भी समय पंडाल की क्षमता से अधिक लोग पंडाल के अंदर न हो। हर पंडाल में खास कर बड़े पंडालों में एक इमरजेंसी निकास द्वार जरूर हो।

## भाजयुमो की बूथ व संगठन के विस्तार को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा के अध्यक्षता में जिला महामंत्री काशीनाथ प्रधान के नेतृत्व में मोहरदा ग्राम पंचायत अखाड़ा में बूथ एवं संगठन के विस्तार के लिए एक आवश्यक बैठक की गई। इसमें एक बूथ 10 यूथ का नारा देते हुए जिला अध्यक्ष ने बुथ समिति पर दिशा निर्देश दिए। वही काशीनाथ ने संगठन को मजबूथ करने का दिशानिदेश दिए एवं क्षेत्र में जन-जन के विधायक सरयू राय जी के कार्य का विस्तृत जानकारी दिए। बैठक मे मुख्य रूप से अमित शर्मा, काशीनाथ प्रधान, शंकर कर्मकार, अजय कुमार, मंजोत सिंह, विक्टर बर्नार्ड, विजय सिंह, जीतेन्द्र कुमार, अमित राम, दीपक कुमार, अजय रजक, विशाल नायक, राजदीप, टिंकू, राकेश, रोहित, विशाल, प्रवीण, सुबोध विनीत, रोहित एवं सेकड़ो युवा उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्र सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के आदेशनुसार कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मेरी माटी, मेरा देश का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना में कोल्हान विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ दारा सिंह गुप्ता, करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रियाज़, करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली , एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़ एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अमृत कलश की स्थापना की गयी। अमृत कलश में सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने अपने अपने अपने इलाको से मिटटी एवं चावल लाकर इस अमृत कलश में डाला। करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रियाज़ ने कहा की कि मिटटी जीवनदायनी है, अमृत है और इसी मिटटी से भरपूर यह कलश वास्तव में अमृत कलश है। कलश को लेकर सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा अमृत कलश यात्रा निकालकर सभी को अपने देश एवं उसकी माटी से जुड़े के लिए प्रेरित किया।

## प्रखंड स्तरीय समावेश समारोह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** जिले के कुकड़ु प्रखंड कार्यालय के सभागार में आकांक्षी प्रखंड के तहत संकल्प सप्ताह में बीडीओ राकेश गोप की अध्यक्षता में समावेश समारोह का आयोजन किया गया। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी,बीपीएम व मुखिया आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संकल्प सप्ताह के तहत पंचायतों का मिट्टी एकत्रित कर घड़ा में भरकर जिला भेजा गया। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए छौऊ नृत्य के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया। आकांक्षी प्रखंड में कार्य योजना तैयार करने व सबकी आकांक्षाएं,सबका विकास की लक्ष्य को पूरा करने के संबंध में प्रखंड कर्मियों व पदाधिकारियों को जानकारी दिया गया। वहीं बीडीओ राकेश गोप ने बताया कि प्रखंड के सभी पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधियों को कार्य योजना के संबंध में जानकारी दिया गया।

### खरसावां : भाजपा की विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा सह जनसभा का हुआ आयोजन

## हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल : मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां पथ निरीक्षण भवन परिसर में सोमवार को भाजपा का खरसावां विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा के तहत जनसभा हुई. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड राज्य का सबसे बड़े महाजन हेमंत सोरेन का परिवार है. वर्ष 2013 से ही हेमंत सोरेन व उसका पूरा परिवार झारखंड को लूटने का काम किया है. उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े बड़े व्यापारी निवेश करने आते थे. लेकिन अब राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, बिचौलियों के कारण कोई व्यापारी निवेश के लिए नहीं आना चाहते हैं. उन्होंने राज्य के कई हिस्सो में आदिवासियों की जमीन को औन पौने दामों में खरीदने का काम किया है. उनकी संपति का 108 डीड मुझे प्राप्त हुआ है. अभी तक नगर निकाय की चुनाव नहीं हुई है. क्योंकि अभी तक पिछड़ा वर्ग आयोग संघ में अध्यक्ष पद रिक्त है. कब यह भरेगा और कब चुनाव होगा. मौके पर राज्य के पूर्व सीएम सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के धर्मपत्नी मीरा मुंडा,प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय,पूर्व आईएएस जेवी तुवीद, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय महतो, जिला परिषद सदस्य सावित्री बानरा, शैलेन्द्र सिंह, उदय सिंह देव, लालसिंह सोय, प्रशांत महतो, होपना सोरेन, विजय महतो, दीपक माझी, आदि उपस्थित थे।

## शादी की नीयत से नाबालिग लड़की को भगाने के जुर्म में एक को भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से भगा ले जाने के जुर्म में गाड़ीग्राम गांव के रहने वाले युवक हुका सिंह को पटमदा पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए सोमवार जेल भेज दिया। लड़की के पिता ने रविवार को अपनी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ पटमदा थाना में मामला दर्ज कराया था। इस संबंध में थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने 4 अक्टूबर को नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

## फ्रांसीसी फॉरवर्ड स्टीव अंबरी को जमशेदपुर एफसी ने जोड़ा, अब आक्रमण होगा और मजबूत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के बचे हुए सीजन के लिए टीम में एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त के रूप में 26 वर्षीय फ्रांसीसी फॉरवर्ड स्टीव अंबरी को जोड़ा है. अपनी आक्रमण क्षमताओं के लिए जाने जाने वाले अंबरी टीम में गति और चतुराई का मिश्रण लाते हैं. जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच, स्कॉट कूपर ने अंबरी के आगमन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, सिर्फ 26 साल की उम्र में, स्टीव अंबरी एक रोमांचक खिलाड़ी हैं, जिनके पास फ्रेंच लीग में बड़ा अनुभव है. 26 साल की उम्र में अंबरी ने फ्रांस में नीम्स ओलंपिक के साथ अनुभव प्राप्त किया है, जहां उन्होंने लीग 2 में अपना नाम बनाया. मोल्दोवा में शेरिफ तिरस्पोल के साथ उनके कार्यकाल को कई जीत के लिए जाना जाता है. जहां उन्होंने कई यादगार गोल किए थे. इसके अलावा, अंबरी ने 2022-23 सीजन में शेरिफ तिरस्पोल का प्रतिनिधित्व करते हुए यूईएफए यूरोपा लीग चरण में अपने कौशल का प्रदर्शन किया. स्टीव अंबरी ने कहा, यह भारतीय फुटबॉल में मेरा पहला अनुभव है, और मैं जमशेदपुर से जुड़कर रोमांचित हूं. स्कॉट के मार्गदर्शन में खेलना रोमांचक है, क्योंकि हमारी खेल शैली सामंजस्यपूर्ण है. अंबरी जर्सी नंबर 39 पहनेंगे और अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद 22 अक्टूबर को पंजाब एफसी के खिलाफ द फर्नेस में होने वाले अगले मैच के लिए प्रशिक्षण के लिए टीम में शामिल हो जाएंगे.

## बार काउंसिल चेयरमैन ने अधिवक्ता सुधीर पप्पू को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य बार काउंसिल के चेयरमैन तथा झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू को पौधा देकर सम्मानित किया। सुधीर कुमार पप्पू के साथ ही पूर्व लोक अभियोजक सह अधिवक्ता सुशील जायसवाल एवं पूर्व लोक अभियोजक जगत विजय सिंह चेयरमैन से उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की और जमशेदपुर बार एसोसिएशन की वर्तमान स्थिति एवं चुनावी परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सुधीर कुमार पप्पू को कोल्हान गौरव सम्मान मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं का समाज के प्रति संवेदनशील होना बहुत जरूरी है और इसका समृद्ध ऐतिहासिक विरासत है। वही अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पूरी किए जाने पर बल दिया। इसके साथ ही अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने किसी वकील के निधन अथवा स्थाई विकलांगता के मद्देनजर आश्रित को बार एसोसिएशन के फंड से मंथली पेंशन देने और ग्रुप इंश्योरेंस का लाभ देने का सिस्टम विकसित करने की जरूरत पर बल दिया। इसके साथ ही वकालत पेशे के समक्ष आने वाली चुनौतियां एवं समस्याओं पर भी चर्चा की तो चेयरमैन राजेन्द्र कृष्ण ने कहा कि कल्याण संबंधी योजना पाइप लाइन में है।

## भारत छोड़ो आंदोलन के वीर सपूतों को श्रद्धाजंलि देने उमड़े लोग

### कुमीर में राष्ट्र शहीद सम्मान समिति के कार्यक्रम में सांसद, मंत्री, पूर्व मंत्री हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** 8 अक्टूबर 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पटमदा के कुमीर गांव में गोलीबारी की घटना हुई थी और उसमें अंग्रेजों की गोली के शिकार क्षेत्र के 6 वीर सपूतों ने देश की आजादी की खातिर बलिदान दी थी। उन्हीं वीर सपूतों की याद में हर वर्ष राष्ट्र शहीद सम्मान समिति पटमदा व बोड़ाम के बैनर तले रविवार को कुमीर गांव स्थित लड़ाईटांड़ मैदान में श्रद्धांजलि सभा सह शहीद मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और बुजुर्गो से आंदोलन की गाथा सुनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के राज्यमंत्री श्रीकांत महतो एवं सम्मानित अतिथियों में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां व पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, झारखंड आंदोलनकारी सह समाजसेवी आस्तिक महतो, टैगोर सोसायटी के सेक्रेटरी प्रबीर महापात्र व जिला पार्षद खगेन महतो आदि शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष छुटुलाल महतो की अध्यक्षता में अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने ने शहीद वेदी पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद लक्ष्मण महतो, मड़ीराम महतो, विप्र महतो, रतन माझी, जुड़न मुदी एवं दुर्गा चरण सिंह के आश्रितों को अतिथियों के हाथों शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष छुटुलाल महतो, सचिव भीष्मनाथ महतो, लोक सेवक संघ पुरुलिया के सचिव सुशील कुमार महतो, जमशेदपुर के प्रथम सांसद स्व भजहरि महतो के पुत्र दीपक महतो, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, पंचानन दास, आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## आम सभा में आंगनबाड़ी सेविका का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों व चयन समिति की उपस्थिति में आम सभा कर आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया। सेविका चयन में सरकारी गाइडलाइन के तहत प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर कुमारी डोली दास का चयन किया गया। चयन समिति के समक्ष सेविका चयन हेतु 8 आवेदिकाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं सीडीपीओ साधना चौधरी ने कहा कि सितु में सेविका का पद रिक्त था, जिससे चयन समिति द्वारा आम सभा के माध्यम से कुमारी डोली दास को अंक के आधार पर चयन किया गया व अनुशंसा कर आगे की कार्रवाई हेतु जिला भेजा जाएगा। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री,जया पांडे, शिक्षक मिलन बड़ाइक, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंसस प्रतिनिधि अरूण महतो आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सोने सरीखी मेरी बेटी

**परिवार** नियोजन की सामाजिक दृष्टि को और सशक्त करने के लिए सुक्खू सरकार ने बालिका योजना की प्रोत्साहन राशि को आगे बढ़ाया है। आइंदा एक बेटी की सीमा में रहते हुए परिवार नियोजित करने वाले लोगों को पैंतीस हजार की बजाय दो लाख और दो बेटियों के परिवार को एक लाख रुपए मिलेंगे। यह एक ऐसा सम्मान है जो परिवार से देश तक के लिए नारी शक्ति का इजहार कर रहा है। कहना न होगा कि हिमाचल राज्य की सामाजिक सुरक्षा में निरंतर इजाफा हुआ है और कमोबेश हर सरकार ने सामाजिक कल्याण की सुर्खियां बटोरी हैं। वर्तमान सुक्खू सरकार ने भी अपनी प्राथमिकताओं के मरहम से ऐसे ही अनेक पहलुओं को छूने की इच्छाशक्ति दिखाई है। सुख आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों को मिल रहा चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा, अपनी तरह की अनूठी पहल है, जिसके तहत सैकड़ों निराश्रित बच्चों को सरकार न केवल आश्रय, बल्कि उम्मीदों का आकाश भी सौंप रही है। इसके तहत अब पारिवारिक व सामाजिक विडंबनाओं के बाहर अनाथ बचपन के करीब भविष्य का सूरज लाने का वादा न केवल सरकार ने किया है, बल्कि वित्तीय आबंटन से अनाथ बच्चों का वित्तीय रूप से समर्थन शुरू किया गया। वित्तीय लाभ से सुसज्जित कई तरह की सामाजिक पेंशन स्कीमें हिमाचल को अति सुरक्षित राज्य बना चुकी हैं। हालांकि अति सुरक्षात्मक दृष्टि व राज्य प्रायोजित प्रश्रय योजनाओं के कारण एक तरह का निठल्लापन भी हिमाचल में विकसित हुआ है। सरकार का 'कामधेनु' होना एक हद तक तो समझ में आता है, लेकिन सरकारी संसाधनों के पक्ष में सामाजिक दायित्व की भूमिका भी परिलक्षित होनी चाहिए। बहरहाल हिमाचल के आंगन में बेटी का सोना होना, हिमाचली समाज की रूपरेखा में एक स्वर्णिम अध्याय है। यही वजह है लिंगानुपात में एक हजार पुरुषों के मुकाबले औरतों की तादाद 972 तक पहुंच गई है, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर भी 76 प्रतिशत तक के सम्मानीय आंकड़े को छू रही है। उन्नीसवीं एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी की कप्तानी कर रही रितु नेगी के अलावा क्रिकेट, एथलेटिक्स व हैंडबाल जैसी खेलों में प्रदेश की बेटियों ने भी देश के लिए नाम कमाया है। पुरुषों के क्षेत्र में खास तौर पर सैन्य बलों में प्रदेश की बेटियां सरहद, समुद्र से आकाश तक प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि को अलंकृत कर रही हैं। ऐसा कोई स्थान या मुकाम नहीं जहां हिमाचली बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा नहीं मनवाया। फिल्म-टीवी जगत से गीत-संगीत की दुनिया तक प्रदेश के महिला सशक्तीकरण की धाक है। इस दौरान नारियों के खिलाफ आपराधिक व घरेलू हिंसा के मामलों में भी काफी कमी आई है, फिर भी आर्थिक पिछड़ेपन की दुरुहता में फंसे हिमाचल को अभी और देखभाल की जरूरत है। हिमाचल में समूचे देश से कहीं भिन्न ट्राइबल वूमेन की आर्थिक व सामाजिक तरक्की है। कई अनुकरणीय उदाहरण पांगी-भरमौर, लाहुल-स्पीति व किन्नौर की औरतें पेश कर रही हैं और इसके लिए महिला संगठन, स्वयं सहायता समूह व गैर सरकारी संस्थाएं श्रेय की पात्र हैं। चंबा, लाहुल-स्पीति, किन्नौर और सिरमौर के कई स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण उत्पादों के अलावा ऊनी वस्त्रों तथा परंपरागत पहरावों का संरक्षण करने में श्रेष्ठता हासिल की है। आज भी लोक संगीत की धुनों के बीच फसल कटाई या खास तौर पर चिलगोजों का एकत्रीकरण करने की प्रक्रिया सामाजिक पृष्ठभूमि में नारी अस्तित्व की जरूरत व भूमिका को अंगीकार करती है। ऐसे में एकलौती बेटी के अभिभावकों को सम्मानित करते हुए सुक्खू सरकार का प्रयास सराहा जाना चाहिए। यह दीगर है कि अकेली बेटी को आगे बढ़ाने वाले मां-बाप को खुद ही ऐसे सम्मान के चयन के लिए प्रयास करना पड़ता है, जबकि राज्य व्यापक सर्वेक्षण से सरकार को पात्रता की सरलता का रास्ता बनाना चाहिए।

> एक हजार पुरुषों के मुकाबले औरतों की तादाद 972 तक पहुंच गई है, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर भी 76 प्रतिशत तक के सम्मानीय आंकड़े को छू रही है। उन्नीसवीं एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी की कप्तानी कर रही रितु नेगी के अलावा क्रिकेट, एथलेटिक्स व हैंडबाल जैसी खेलों में प्रदेश की बेटियों ने भी देश के लिए नाम कमाया है। पुरुषों के क्षेत्र में खास तौर पर सैन्य बलों में प्रदेश की बेटियां सरहद, समुद्र से आकाश तक प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि को अलंकृत कर रही हैं। ऐसा कोई स्थान या मुकाम नहीं जहां हिमाचली बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा नहीं मनवाया। फिल्म-टीवी जगत से गीत-संगीत की दुनिया तक प्रदेश के महिला सशक्तीकरण की धाक है। इस दौरान नारियों के खिलाफ आपराधिक व घरेलू हिंसा के मामलों में भी काफी कमी आई है, फिर भी आर्थिक पिछड़ेपन की दुरुहता में फंसे हिमाचल को अभी और देखभाल की जरूरत है। हिमाचल में समूचे देश से कहीं भिन्न ट्राइबल वूमेन की आर्थिक व सामाजिक तरक्की है। कई अनुकरणीय उदाहरण पांगी-भरमौर, लाहुल-स्पीति व किन्नौर की औरतें पेश कर रही हैं और इसके लिए महिला संगठन, स्वयं सहायता समूह व गैर सरकारी संस्थाएं श्रेय की पात्र हैं। चंबा, लाहुल-स्पीति, किन्नौर और सिरमौर के कई स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण उत्पादों के अलावा ऊनी वस्त्रों तथा परंपरागत पहरावों का संरक्षण करने में श्रेष्ठता हासिल की है।

## कुछ अलग

# रामबाबू खेल नायक हैं

**कौन** बनेगा करोड़पति के सैट पर कई ऐसे दर्शकों को बिठाया गया था, जिन्होंने क्रिकेट की टीम इंडिया जैसी वर्दी पहनी हुई थी। भारत में एकदिनी क्रिकेट के आईसीसी विश्व कप का आगाज हो चुका है। स्टुडियो में दर्शक 'भारतवर्ष हमारा है' का उद्घोष भी कर रहे थे। हमें क्रिकेट के प्रति पराकाष्ठा का लगाव बहुत अच्छा लगता है। देशवासी क्रिकेट को धर्म और राष्ट्र के आयाम से भी देखते हैं, लेकिन यह लगाव, उन्माद, प्यार अधूरा-सा लगता है, क्योंकि चीन के हांगझाउ में 'एशियन गेम्स' जारी हैं। भारत के कई अनाम, अलोकप्रिय खिलाडियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास लगातार लिखा जा रहा है। भारत गुरुवार शाम तक 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य पदक जीत कर कुल 86 पदक हासिल कर चुका है। अभी तो क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज और कुश्ती आदि खेलों में हमें सोना या चांदी मिलनी है। 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में भारत ने 16 स्वर्ण पदक समेत कुल 70 पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की थी। उस कीर्तिमान को फिलहाल 86 पदकों तक पहुंचा कर भारत अपने खेल-हुनर को बेहतर साबित कर चुका है। बेशक क्रिकेट अमीरी और सम्पन्नता का खेल है। हमारे शीर्षस्थ खिलाडियों के सालाना पैकेज 7 और 5 करोड़ रुपए से अधिक के हैं। जूनियर को भी 1 करोड़ रुपए से अधिक का पैकेज दिया जाता है। फिर आईपीएल के लाखों-करोड़ों रुपए के अनुबंध भी मिलते हैं। हम सिर्फ धावक रामबाबू का उदाहरण यहां उद्धृत कर रहे हैं। वह मनरेगा का मजदूर रहा है। होटल में वेटर बना और बर्तन भी मांजता रहा। गरीबी से लडक़र जिंदा रहने के संघर्ष में उसने न जाने क्या-क्या किया होगा? उसे दौडने के लिए मजदूरी के पैसे से ही जूते खरीदने पड़े। उस खिलाड़ी ने एशियाड में 35 किलोमीटर की पैदल-दौड़ में भारत को कांस्य पदक जिता कर दिया। यकीनन रामबाबू भारत का राष्ट्र-नायक है। ऐसे ही कुछ चेहरे अविनाश साबले, मुरली श्रीशंकर, तीरंदाज ओजस, पहलवान अंतिम पंघाल आदि खिलाडियों के हैं, जिनकी खेल-उपलब्धियां अप्रतिम हैं। वे भारत के पदकवीर योद्धा हैं, लेकिन जो सुर्खियां रोहित शर्मा, विराट कोहली से लेकर सिराज तक क्रिकेटरों को मिलती रही हैं, वे इन पदकवीर खिलाडियों के हिस्से बहुत संक्षिप्त आती हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच से कई गरीब-अनाम चेहरे लखपति-करोड़पति बनकर लौटे हैं। करोड़ों लोग इस खेल से जुड़े हैं और अपने ज्ञान, अपनी किस्मत को आजमाते रहते हैं, लिहाजा ऐसे मंच पर क्रिकेट को ही भारतवर्ष से जोडना और पदकवीर खिलाडियों का नाम तक नहीं लेना...यह एक देशभक्त नागरिक को चुभता है, पीड़ित करता है। हालांकि हम स्पष्ट कर दें कि हम क्रिकेट के 'जुनूनी प्रेमी' हैं और उसकी उपलब्धियों और पराजयों का लगातार विश्लेषण करते रहे हैं, लेकिन रामबाबू सरीखा खिलाड़ी अप्रतिम कीर्तिमान है, जिसे आने वाले समय में लोग अपना 'आदर्श' मान सकते हैं। ओडिशा देश के सबसे गरीब राज्यों में एक है, लेकिन वहां के किशोर जेना ने भाला फेंक मुकाबले में एक बार अंतरराष्ट्रीय महानायक नीरज चोपड़ा को भी पीछे छोड़ कर सभी को चौंका दिया था।

## भारत सरकार ने इंद्र लाल रॉय के सम्मान में सन 1998 में डाक टिकट भी जारी किया था।

# वायु सेना दिवस विशेष : शौर्य की बुलंदी पर भारतीय वायु सेना

प्रताप सिंह पटियाल

> भारतीय वायुसेना का यह आदर्श वाक्य श्रीमद्भागवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय के 24वें श्लोक का भाग है तथा कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर महाभारत युद्ध से पूर्व श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश का अंश है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश साम्राज्य के दौर में आठ अक्तूबर 1932 को हुई थी। एक अप्रैल 1933 को कराची में भारतीय वायुसेना की नंबर एक स्क्वाड्रन का गठन किया गया था जिसमें छह भारतीय अधिकारी शामिल हुए थे।

**नभः** स्पृशं दीप्तम अर्थात आकाश को छूने वाले दीप्तिमान। भारतीय वायुसेना का यह आदर्श वाक्य श्रीमद्भागवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय के 24वें श्लोक का भाग है तथा कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर महाभारत युद्ध से पूर्व श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश का अंश है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश साम्राज्य के दौर में आठ अक्तूबर 1932 को हुई थी। एक अप्रैल 1933 को कराची में भारतीय वायुसेना की नंबर एक स्क्वाड्रन का गठन किया गया था जिसमें छह भारतीय अधिकारी शामिल हुए थे। उन्हीं अधिकारियों में शामिल 'सुब्रतो मुखर्जी' ने एक अप्रैल 1954 को आजाद भारत के प्रथम भारतीय वायुसेना प्रमुख के रूप में कमान संभाली थी। दूसरी जंगे अजीम से लेकर कारगिल युद्ध तथा कई सैन्य अभियानों में भारतीय वायुसेना महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। द्वितीय विश्व युद्ध में उत्तरी थाईलैंड के मोर्चे पर जापानी सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमलों को अंजाम देकर भारतीय वायुसेना के पायलटों ने अपने शौर्य पराक्रम की तस्दीक कर दी थी। भारतीय पायलटों की बहादुरी से प्रभावित होकर बर्तानिया बादशाही ने भारतीय वायुसेना को 'रॉयल' की उपाधि दी थी, मगर आजादी के बाद सन्-1950 में रॉयल शब्द हटा दिया गया था।

भारतीय वायुसेना की स्थापना भले ही 1932 में हुई थी, मगर भारत के चार पायलटों कृष्ण चंद्र वेंलिकर, हरिदत्त सिंह मलिक, एरोल सुवो चंद्र सेन व इंद्र लाल रॉय ने प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश वायुसेना का हिस्सा बनकर जंग में अपने जौहर दिखाए थे। प्रथम विश्व युद्ध में दुश्मन के कई फाइटर प्लेन को मार गिराकर फ्लाइट लेफ्टिनेंट इंद्र लाल रॉय 22 जुलाई 1918 को फ्रांस के वेस्टर्न फ्रंरट पर शहीद हो गए थे। युद्ध में वीरता का परिचय देकर शहीद हुए इंद्र लाल रॉय को बर्तानिया हुकूमत ने अपने तीसरे प्रतिष्ठित गैलेंट्री अवार्ड 'विशिष्ट फ्लाइंग क्रॉस' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। इंद्र लाल रॉय 'डीएफसी' सम्मान प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय थे। 30 जून 1918 को कृष्ण चंद्र वेलिंकर भी प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हो गए थे। भारत सरकार ने इंद्र लाल रॉय के सम्मान में सन1998 में डाक टिकट भी जारी किया था। वायुसेना दिवस के अवसर पर हिमाचल के शूरवीर वायुवीरों का जिक्र करना भी जरूरी है। हिमाचल के रणबांकुरों ने देश रक्षा के महाज पर



शूरवीरता के शिलालेख लिखकर पहाड़ के शौर्य को हमेशा सर्वश्रेष्ठ साबित किया है। हिमाचल के साहसी पायलट बलदेव सिंह डोगरा ने सन्-1942 में इंडियन एयर फोर्स में भर्ती होकर दूसरी जंगे अजीम में भाग लिया था। सन्-1947-48 में कश्मीर पर पाक सेना के हमले के दौरान स्क्वाड्रन लीडर बलदेव सिंह डोगरा ने कश्मीर के 'कोहला बाग रोड' पर पाक लाव लश्कर पर जोरदार हवाई हमले करके पाक पेशकदमी को ध्वस्त करके कश्मीर को बचाने में अहम किरदार निभाया था। कश्मीर युद्ध में शूरवीरता का परिचय देने वाले बलदेव सिंह डोगरा को भारत सरकार ने सन्-1950 में 'वीर चक्र' से नवाजा था। सन्- 1965 की भारत-पाक जंग में भारतीय वायुसेना का प्रंचड रूप देखने को मिला था। 1965 युद्ध में पाक सेना जम्मू के अखनूर पुल पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ रही थी। युद्ध में पाक थलसेना की पेशकदमी को पाक एयरफोर्स की पूरी मदद मिल रही थी। उस वक्त हिमाचल के जांबाज लड़ाकू पायलट 'वीरेंद्र सिंह पठानिया' ने चार सितंबर 1965 के दिन अपने फॉलैंड ग्नैट जैट के साथ छंब सेक्टर में पाकिस्तानी सेबर जेट को मार गिराकर अखनूर पुल को कब्जा करके कश्मीर फतह का ख्वाब देख रहे पाक सिपहसालारों के अरमानों को ध्वस्त कर दिया था।

रणक्षेत्र में पाक सेबर जेट के नेस्तनाबूद होने से पाक वायुसेना का एक बड़ा हमला विफल हुआ था। मैदाने जंग में अदम्य साहस का परिचय देने वाले वीरेंद्र सिंह पठानिया को 'वीर चक्र' से सरफराज किया गया था। 14 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के छह एफ-86 लड़ाकू विमानों ने श्रीनगर एयरफील्ड पर हमला बोल दिया था। उस समय स्कवाड्रन लीडर वीरेंद्र सिंह पठानिया श्रीनगर एयरबेस पर ट्रैरफिक कंट्रोल का कार्यभार संभाल रहे थे। श्रीनगर एयरबेस पर हुए उस पाक फिजाई हमले को फ्लाइंग ऑफिसर 'निर्मल जीत सिंह शेखों' ने चुनौती पेश करके पाकिस्तान के दो एफ- 86 विमानों को मार गिराकर श्रीनगर एयरबेस को महफूज बचा लिया था। मगर दुश्मन के लड़ाकू विमानों का सामना करते वक्त निर्मलजीत शेखों रणभूमि में ही बलिदान हो गए थे। दुश्मन के समक्ष उच्चकोटी के शौर्य के लिए निर्मलजीत सिंह शेखों को सर्वोच्च सैन्य पदक 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। श्रीनगर एयरबेस पर पाक हमले को नाकाम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विंग कमांडर वीरेंद्र सिंह पठानिया को भी 'वायुसेना मेडल' से सम्मानित किया गया था। कीलर बंधुओं का जिक्र किए बिना वायुसेना का इतिहास अधूरा रहेगा। स्क्वाड्रन लीडर 'ट्रेवर कीलर' ने तीन सितंबर 1965 को छंब सेक्टर में पाक लड़ाकू एयरक्राफ्ट को जमींदोज कर दिया था। ट्रेवर के बड़े भाई 'डेंजिल कीलर' ने 19 सितंबर 1965 को अखनूर सेक्टर में पाक सेबर जेट को मार गिराया था। दुश्मन के समक्ष बहादुरी के लिए दोनों कीलर भाईयों को 'वीर चक्र' प्रदान किए गए थे। 1965 की जंग में पाकिस्तान का पहला लड़ाकू एयरक्राफ्ट मार गिराने वाले पायलट ट्रेवर कीलर थे तथा उसी युद्ध में पाकिस्तान का दूसरा सेबर जेट वीरेंद्र सिंह पठानिया ने ध्वस्त किया था। नतीजतन भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता से पाक बख्तरबंद सेना लडख़ड़ा गई थी। अफसोस रणभूमि में सदैव अपना वर्चस्व सिद्ध करने वाले वायुवीरों को भुला दिया गया। मौजूदा दौर में जंग की सूरत में वायुसेना की भूमिका बेहद अहम है। अतः आसमान की परवाज पर अदम्य साहस का परिचय देने वाली भारतीय वायुसेना का अत्यधुनिक जंगी विमानों से लैस होना अति आवश्यक है। बहरहाल वायुसेना की विजयगाथा में दास्तान-ए-शुजात की एक समृद्ध विरासत स्थापित करने वाले जांबाज वायुवीरों की शूरवीरता का इतिहास यदि शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल हो तो छात्र वर्ग को यकीनन प्रेरणा मिलेगी। विश्व की चौथी ताकतवर इंडियन एयर फोर्स को 91वें वायुसेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

# केंद्र ने नौकरशाही को दिया सख्त संदेश

> दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इससे पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक सख्त चेतावनी जारी की थी। कर्मचारियों को काम को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए गए हैं। अगर ऐसा होता है तो रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने के निर्देश दिए गए। इस आदेश पर राज्य सरकारों से अपने स्तर पर फैसला लेने को कहा गया था। केंद्र में करीब दस साल पहले सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पसरी लापरवाही, लालफीताशाही, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। केंद्र में सत्ता संभालने के साथ ही सरकार को पता चला था कि दिल्ली में आईएएस और कुछ अन्य अधिकारी कार्यालय के समय में गोल्फ खेलने चले जाते हैं। इस पर सरकार एक्शन में आ गई।

**केंद्र** की मोदी सरकार ने 1994 बैच की अरुणाचल प्रदेश सरकार में सेवारत आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया। पिछले साल मई में रिंकू दुग्गा और उनके पति संजीव खिरवार का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो कुत्ता घुमाते हुए नजर आ रहे थे। स्टेडियम में एथलीटों और कोचों को उस दिन अपना अभ्यास सत्र जल्दी खत्म करने और जगह खाली करने के लिए कहा गया था ताकि आईएएस दंपती अपने कुत्ते को घुमा सकें। केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर नौकरशाहों को संदेश दे दिया है कि जनता जनार्दन देश में सर्वोच्च है। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही, लापरवाही और भ्रष्टाचार केंद्र सरकार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। कुत्ता टहलाने और एथलीटों को बाहर किए जाने के मामले में केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा और उनके पति संजीव खिरवार के खिलाफ जांच कराई थी। इस रिपोर्ट से एथलीटों और जनता में भारी आक्रोश फैल गया था। इसके बाद दिल्ली सरकार में प्रमुख सचिव (राजस्व) के रूप में काम करने वाले संजीव खिरवार को लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इससे पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक सख्त चेतावनी जारी की थी। कर्मचारियों को काम को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए गए हैं। अगर ऐसा होता है तो रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने के निर्देश दिए गए। इस आदेश पर राज्य सरकारों से अपने स्तर पर फैसला लेने को कहा गया था। केंद्र में करीब दस साल पहले सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पसरी लापरवाही, लालफीताशाही, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। केंद्र में सत्ता संभालने के साथ ही सरकार को पता चला था कि दिल्ली में आईएएस और कुछ अन्य अधिकारी कार्यालय के समय में गोल्फ खेलने चले जाते हैं। इस पर सरकार एक्शन में आ गई। सभी अधिकारियों को आगाह किया गया कि कार्यालय समय के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी निजी कार्य से नहीं जा सकता। आईएएस अधिकारियों को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि उनकी लगाम थामने वाला भी कोई हो सकता है। दरअसल पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने नौकरशाही को मनमर्जी करने की छूट दे रखी थी। यही वजह रही कि अधिकारियों में हर तरह का दुस्साहस पैदा हो गया। अधिकारी नौकरी को निजी मिल्कियत समझ कर आम लोगों से अंग्रेजी शासन की तरह व्यवहार करने लगे। दूसरे शब्दों में कहें तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मंत्री-नेताओं की शह पाकर नौकरशाही आम अवाम की सिरमौर बन बैठी। केंद्र में सरकार के पलटते ही नौकरशाहों की हरकतों पर गहरी नजर रखी गई। मौजूदा केंद्र सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि आम लोगों की कीमत पर कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सत्ता संभालने के बाद मोदी सरकार ने कठोर कार्रवाई करते हुए ग्रुप-ए और बी स्तर के कुल 312 अफसरों को जबरन रिटायर कर दिया। सरकार ने ग्रुप-ए के 36000 कर्मचारियों और ग्रुप-बी के 82000 कर्मचारियों के काम का रिव्यू किया। इनमें से 312 अफसर नकारा मिले। इनमें ग्रुप-ए के 125 अफसर और ग्रुप-बी के 187 अफसर शामिल हैं। विभागीय स्तर पर कर्मचारी-अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा के साथ केंद्र सरकार ने भ्रष्ट और नाकारा अफसरों को भी सबक सिखाने की ठान ली। सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को पूरी तरह से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की छूट दी। केंद्र सरकार के कदम से कदम मिला कर सीबीआई ने अफसरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। सीबीआई ने 44 आईएएस और 12 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए। पिछले छह साल में 3464 शिकायतें आईएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत प्राप्त हुई हैं। अहम बात यह है कि शिकायतों के मामले हर साल बढ़ते गए हैं। मसलन जहां 2015-2016 में 380 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई, वह 2019-20 में करीब दोगुनी होकर 753 तक पहुंच गई। कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 10 मार्च 2021 को लोकसभा में दिए गए जवाब के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 से फरवरी 2021 तक आईएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत कुल 3464 शिकायतें प्राप्त हुईं। सीबीआई के अनुसार इस अवधि में 44 आईएएस और 12 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं, जबकि इस अविध में 43 आईएएस और 17 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केंद्र सरकार ने कार्रवाई की है। प्रतिष्ठित भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) से 27 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त करने के कुछ दिनों बाद सरकार ने सभी मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) से समय से पहले सेवानिवृत्ति के लिए हर महीने अधिकारियों के नामों की सिफारिश करने को कहा। केंद्र सरकार के 104 कर्मचारियों पर साल 2021-22 में कार्रवाई की गई। इनमें ग्रुप-ए के सबसे अधिक 45 कर्मचारी हैं। केंद्र सरकार के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी रहा। ये कार्रवाई प्रदर्शन, हाजिरी और अनुशासनात्मक मामलों को लेकर की गई। सरकार ने मौजूदा साक्ष्यों के आधार पर भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें रिटायर कर दिया। यह कार्रवाई फंडामेंटल रूल्स (एफ आर) 56 (जे), (आई), सेंट्रल सिविल सर्विसेज (सीसीएस) पेंशन रूल्स 1972 और आल इंडिया सर्विसेज के संशोधित रूल 16 (3) को ध्यान में रखकर की गई है।

## दृष्टिकोण

# रुख में नरमी काफी नहीं

**कनाडा** के साथ रिश्तों में आई दरार के बीच भारत दोनों तरफ राजनयिकों की मौजूदगी में समानता सुनिश्चित करने को लेकर अपने रुख पर अड़ा है। दोनों के बीच तकरार का यह मुद्दा इस लिहाज से दिलचस्प कहा जा सकता है कि भारत इस पर खुलकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहा है जबकि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कह रहे हैं कि वह कूटनीतिक चैनलों के जरिए ही संवाद करना चाहेंगे क्योंकि कूटनीति अपने प्राइवेट रूप में ज्यादा प्रभावी होती है। उनकी इस बात से कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन यह बात हैरान जरूर करती है कि इस सचाई का अहसास उन्हें इतनी देर से हुआ। वरना अपने देश में हुई एक हत्या का इल्जाम खुले रूप में भारत के मत्थे मढ़कर वह दोनों देशों के रिश्तों को यूं खतरे में नहीं डालते। वह भी तब, जबकि इस इल्जाम को सही साबित करने वाले सबूत भी हाथ में न हों। हो सकता है उन्हें ऐसा लगा हो कि अगर वह ऐसा करेंगे तो उससे ज्यादा दबाव बनेगा और फिर भारत को झुकाना संभव हो जाएगा। मगर पिछले करीब एक पखवाड़े के अनुभव ने साबित कर दिया कि यह उनकी गलतफहमी थी। इस दौरान वह



न तो अपने दावे के पक्ष में कोई ठोस सबूत दे सके और न ही अन्य देशों को भारत के खिलाफ अपनी तरफ गोलबंद कर सके। उनके रुख में बदलाव के पीछे इस ठोस हकीकत की भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके आगे की सचाई यह है कि भारत लगातार कनाडा पर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट देने का जो आरोप लगाता रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। न तो खालिस्तानी तत्वों ने कनाडा में अपनी सक्रियता घटाई है और न ही कनाडा सरकार उन पर किसी तरह की सख्ती करती नजर आ रही है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो पोस्टर हटा लिए गए थे, वे फिर से गुरुद्वारों में लगा दिए गए हैं। इस बीच ये खबरें भी फैलाई जा रही हैं कि कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया के सिखों को सतर्क रहने को कहा है क्योंकि कथित भारतीय एजेंट कुछ खालिस्तानियों को मारने के प्रयास में हैं। इस संबंध में महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा सरकार की तरफ से इन खबरों का खंडन भी नहीं किया जा रहा। यही नहीं, खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को 'किल इंडिया' कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है। जाहिर है, कनाडा के पीएम ट्रूडो को समझना होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस तरह के माहौल में नहीं फल-फूल सकते। कूटनीति की कामयाबी के लिए प्राइवेसी के साथ ही आपसी विश्वास और पारस्परिक हितों के प्रति सम्मान का भाव होना भी जरूरी है।

## देश दुनीया से

# वैश्विक संदर्भ में अंबेडकर की प्रासंगिकता

**डा.** भीमराव रामजी आम्बेडकर जी की सबसे ऊंची प्रतिमा यूएसए के मैरीलैंड प्रान्त में लग रही है। आम्बेडकर के चिन्तन को लेकर दूसरे द्वीपों में भी चर्चा शुरू हुई है, यह सचमुच प्रसन्नता की बात है। लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है। आम्बेडकर के व्यक्तित्व के दो पक्ष हैं। चिन्तक का और दूसरा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व का। उन्होंने चिन्तक के रूप में भारतीय सामाजिक संरचना और व्यवस्था का गहरा अध्ययन किया। कालक्रम से उसमें घर कर गई विकृतियों की कारण मीमांसा की। यह कारण मीमांसा पश्चिमी समाजशास्त्रियों द्वारा भारतीय या हिन्दू समाज की विकृतियों के लिए स्थापित किए गए निष्कर्षों से मेल नहीं खाती। उसका कारण आम्बेडकर की भारतीय दृष्टि थी और वे अपने समाज के सभी पक्षों को गोरे समाजशास्त्रियों से बेहतर जानते थे। इसका उन्होंने एकाध बार संकेत भी किया है। लेकिन आम्बेडकर कारण मीमांसा के बाद चुप नहीं बैठे। वे उसके निराकरण के लिए धरातल पर सक्रिय हो गए। अपने इन आन्दोलनों में उन्हें कहीं सफलता मिली और कहीं असफलता, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। जब उन्हें विभाजन के बाद शेष भारत के लिए संविधान बनाने का अवसर मिला तो उन्होंने अनेक सामाजिक विषमताओं को समाप्त करने के विधिक रास्ते तलाश किए। उसके कारण वर्तमान में भारतीय/हिन्दू समाज में बहुत परिवर्तन सहज ही दिखाई देता है। लेकिन दुनिया के दूसरे छोर पर भी सामाजिक व्यवस्थाओं में प्रजाति व रंग के आधार पर अमानवीय भेदभावपूर्ण व्यवहार का साम्राज्य व्याप्त है। अमानवीय व्यवहार का यह साम्राज्य उसी क्षेत्र में व्याप्त है जिसमें कभी 'स्टैच्यू आफ लिबर्टी' स्थापित कर स्वतंत्रता व समानता की घोषणा की गई थी। उसी क्षेत्र यानी उत्तरी अमेरिका में अब आम्बेडकर की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित की जा रही है। क्या यह उत्तरी अमेरिका में अफ्रीकी समुदाय और इंडियन समुदाय (उत्तरी अमेरिका में इंडियन वे हैं जिनके पूर्वज पन्द्रह बीस हजार साल पहले जम्बूद्वीप/एशिया से साइबेरिया होते हुए वहां पहुंचे थे) से गोरे लोगों द्वारा किए गए भेदभाव के खिलाफ एक नए संघर्ष की शुरुआत मानी जाए? इसकी शुरुआत आम्बेडकर के रास्ते पर चल कर होगी? आम्बेडकर के संघर्ष का वह रास्ता जो अन्ततः तथागत बुद्ध के रास्ते से जाकर मिल जाता है। इंडियन को उत्तरी अमेरिका यानी यूएसए व कनाडा में गए हुए बीस हजार साल हो गए हैं। उन्होंने इन प्रदेशों को आबाद किया। अपने कठिन परिश्रम से वहां बस्तियां आबाद की। जीवन मूल्यों के आधार पर परिवार व समाज की संरचना की। ऐसा समाज जो धरती को मां मानता था। लेकिन आज से पांच सौ साल पहले वहां स्पेन, इंग्लैंड, फ्रांस व पुर्तगाल इत्यादि से यूरोपीय लोग पहुंचे। इंडियन, जो अतिथि सत्कार को धर्म मानते थे, ने इनका हार्दिक स्वागत ही नहीं किया बल्कि उन्हें खाने के लिए अन्न, जल और आवास तक दिया। परन्तु इन गोरे लोगों ने जिनके जीवन मूल्य शोषण पर आधारित थे, इन इंडियन को गुलाम बनाया, उनका मतान्तरण किया, बहुत बड़ी संख्या में उनकी हत्या की और धीरे धीरे उन्हें उनके देश में ही दोयम दर्जे के नागरिक बना दिया। उन्हें 'रिजर्व' में ही सीमित कर दिया। आज उनका उत्तरी अमेरिका के देशों की सत्ता में कोई स्थान नहीं है। गोरे उन्हें हिकारत से देखते हैं। ऐसा ही एक दूसरा समुदाय अफ्रीकियों का है जिनका उत्तरी अमेरिका में आगमन बड़ी मुश्किल से दो तीन सौ साल पहले हुआ। लेकिन वे अपनी इच्छा से इंडियन की तरह साइबेरिया के रास्ते उत्तरी अमेरिका नहीं पहुंचे थे, बल्कि उन्हें अफ्रीकी देशों से गोरों की कम्पनियां धोखे से लेकर आई थीं। ये कम्पनियां इन अफ्रीकी लोगों की खरीद फरोख्त का काम अखबारों में विज्ञापन देकर करती थीं। इन अफ्रीकियों को बेचने के लिए उसी प्रकार बाजार लगता था, जैसे बकरी भेड़ बेचने के लिए बाजार सजता है। इस प्रकार बिके हुए अफ्रीकी पुरुष स्त्रियां अपने मालिकों की सम्पत्ति मानी जाती थी। इतना ही नहीं, इन गुलामों के बच्चे भी उसी मालिक के गुलाम माने जाते थे। यहां तक कि 1865 तक आते आते अफ्रीकियों को गुलाम बनाने के प्रश्न पर यूएसए ही टूट गया। कान्फेडरेट स्टेट्स आफ अमेरिका के नाम से एक हिस्सा टूट कर नया देश बन गया।

> चिन्तक का और दूसरा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व का। उन्होंने चिन्तक के रूप में भारतीय सामाजिक संरचना और व्यवस्था का गहरा अध्ययन किया। कालक्रम से उसमें घर कर गई विकृतियों की कारण मीमांसा की। यह कारण मीमांसा पश्चिमी समाजशास्त्रियों द्वारा भारतीय या हिन्दू समाज की विकृतियों के लिए स्थापित किए गए निष्कर्षों से मेल नहीं खाती। उसका कारण आम्बेडकर की भारतीय दृष्टि थी और वे अपने समाज के सभी पक्षों को गोरे समाजशास्त्रियों से बेहतर जानते थे। इसका उन्होंने एकाध बार संकेत भी किया है। लेकिन आम्बेडकर कारण मीमांसा के बाद चुप नहीं बैठे। वे उसके निराकरण के लिए धरातल पर सक्रिय हो गए।

## मुन्नी देवी ने पति के गुमशुदा हो जाने को लेकर थाना में दिया आवेदन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत गम्हरिया गांव के जमुआ टोला से एक व्यक्ति का गुमशुदा हो जाने की खबर है। जिसे लेकर गुमशुदा व्यक्ति टाना उरांव उम्र 45 वर्ष की पत्नी मुन्नी देवी ने गिद्धौर थाना में सोमवार को लिखित आवेदन दिया है। मुन्नी देवी का कहना है। कि गांव के ही सुरेश साव पिता स्व दिलचंद साव गांव गम्हरिया टोला जमुआ थाना गिद्धौर निवासी ने अपने साथ रोजगार देने के नाम से मुंबई 24 अप्रैल 2023 को ले गया था। उसके बाद सुरेश साव ने फोन के माध्यम से 27 अप्रैल को टाना उरांव के पत्नी को जानकारी दिया। कि मुंबई तेल्हारा नाका बाग विश्वकर्मा पेट्रोल पंप के पीछे है।उसके बाद 28 अप्रैल को सुरेश साव के द्वारा फोन से बताया गया कि टाना उरांव सुबह से गायब है। तब से अब तक टाना उरांव का पता नहीं चल पाया है।और पूछे जाने पर सुरेश साव के द्वारा कहा जाता है कि जो तुम्हें करना है वह करो। खोजना हमारे बस की बात नहीं है। मुन्नी देवी का कहना है कि पति को खोजने के लिए काफी परेशान है।इसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।उसका पति घर में एक कमाने वाला व्यक्ति था। जिसके चलते बच्चों समेत पत्नी अब भुखमरी के कगार पर है। इंसाफ पाने के लिए थाना में लिखित आवेदन दिया है एवं पति की खोज करने का गुहार लगाई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 50 महिलाओं का एएनसी जांच किया गया

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी 50महिलाओं का सोमवार को प्रसव पूर्व जांच किया गया। जांच कर रही अनीशा चेन्नई, रिंकू कुमारी, बिमला देवी, नीलू कुमारी सभी स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम व नर्स महिलाओं का जांच बारी-बारी से किया। जांच में हिमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, वजन, एचआईवी सभी तरह की निशुल्क जांच किया गया। एवं निशुल्क दवाई दी गई। मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बीरेंद्र दांगी संतोष कुमार विजय कुमार अनिल कुमार दांगी खीरु यादव एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## गांव की युवक व युवतियां अब होंगीं हुनरमंद

**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बेरोजगार युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से सिकीदाग मुखिया अनीता देवी के पहल पर पंचायत क्षेत्र से दस युवक एवं युवतियों को हजारीबाग स्थित निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र भेजा गया। इस दौरान मुखिया अनीता देवी ने कहा की ये झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है क्योंकी ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ऐसे केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आर्थिक समेत कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।ऐसे में सरकार ने उन्हें अपने राज्य में ही प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कई प्रशिक्षण केंद्र खोले है ताकी बेरोजगार शिक्षित युवक एवं युवतियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बनकर रोजगार प्राप्त कर सके।वही आगे उन्होंने बताया की हजारीबाग स्थित निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र में सभी युवक एवं युवतियों को तीन महीने का अलग-अलग तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान सारथी योजना के जिला मैनेजर संजू देवी,ब्लॉक मैनेजर धर्मेंद्र कुमार,समाजसेवी अखिलेश यादव, उपेन्द्र भोक्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।

## यशकायी गौरी प्र.साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट आज से शुरू

**मनिका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में यशकायी गौरी प्र. साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 10 अक्टूबर दिन मंगलवार से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम का समय 10 बजे श्रद्धांजलि समारोह स्थान जगपति भवन नियर स्टेट बैंक मनिका में रखा गया है। फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन 11 उच्च विद्यालय मनिका के मैदान रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, वशिष्ठ अतिथि रामचंद्र सिंह विधायक, वशिष्ठ अतिथि राजेश कुमार गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। भव्य एवं आकर्षक बनाने की हर संभव कोशिश उनके समर्थकों के द्वारा की जा रही है। फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी हो चुकी है। उन्होंने कहा इस बार फुटबॉल टूर्नामेंट ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिक से अधिक खिलाड़ियों का एंट्री हो। खेल में शामिल होने के लिए एंट्री फीस?501 जारी है। खिलाड़ियों खेल का नियम के साथ खेलेंगे एवं कमेटी का जो निर्णय होगा वही मान्य होगा। मौके पर मैच के संचालनकर्ता रंजीत प्रसाद साहू, रवि रंजन साहू, सुजीत कुमार साहू, मो. कौसर खान, जोगेन्द्र बाड़ा, विशाल कुजूर, विकास नगेशिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में पांच लोग घायल

**मनिका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के दोमुहान मोड़ के समीप सोमवार को दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमे पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना का खबर मिलते ही घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायल लोगो को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया। जहां डॉक्टर कुशाग्र के देखरेख में सभी घायलों का इलाज किया गया। घायलों की पहचान मनोहर सिंह, छोटू सिंह दोनों ग्राम सैदुप थाना बरवाडीह एवं रूपेश सिंह, उदय भुइया, एवं विपिन भुईया, तीनों लावागड़ा हेरहंज के रूप में हुआ। घायल मनोहर सिंह ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर हम लोग लातेहार धनकारा से सैदुप बरवाडीह जा रहे थे, इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से आमने-सामने टक्कर हो गई।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने छोटू सिंह सैदुप एवं बिफन भईया लावागडा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया।

## सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सम्पन्न

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेगड़ा के जाला ग्राम में रविवार को सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुलाबल धंमधमिया और डूमारो तथा एएफसी क्लब लातेहार व रोन्हे क्लब के बीच खेला गया जहाँ धंमधमिया ने डूमारो को एक गोल से पराजित कर पहले स्थान पर अपनी जगह बनाई वही तृतीय स्थान पर ए एफ सी क्लब तथा चौथे स्थान पर रोन्हे ने अपनी जगह बनाई। वही प्रथम पुरस्कार पचास हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार तीस हजार रुपये, तृतीय पुरुस्कार पंद्रह हजार रुपये, व चतुर्थ पुरुस्कार सात हजार रुपये विजेता टीम को देकर पुरूस्कृत किया गया। इस मौके परसेरेगड़ा पूर्व मुखिया सुरेन्द्र उराँव, आजसू प्रखंड कोषाध्यक्ष अजित लोहरा,टूर्नामेंट का अध्यक्ष संजय उराँव, सचिव विजेंद्र उराँव, कोषाध्यक्ष उमेश उरांव, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, उपसचिव हरिहर यादव, उपकोषाध्यक्ष अजीत लोहरा, सुरेंद्र उराँव (पूर्व मुखिया) निर्मल यादव, कर्मदेव राम,महेंद्र राम, कमल उरांव,समेत कई लोग मैजूद रहे।

# जारी रहेगी मजदूर हितों की लड़ाई : दिलेश्वर

## 11 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** तुबेद कोयला खान परियोजना में भू-रैयतों को उचित मुआवजा एवं नौकरी देने, विस्थापितों को समुचित पुनर्वास की व्यवस्था करने, सीएसआर का अनुपालन करने, स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्थानीय क्षेत्र को ध्यान रखते हुए समुचित विकास करने को लेकर अखिल झारखंड विरसा मुंडा कामगार यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव एवं झारखंड खनिज मजदूर संघ के अध्यक्ष सतेन्द्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से 11सूत्री मांगों लेकर डीवीसी महाप्रबंधक जेके मांडीया को आवेदन सौंपा। सौंपे गए आवेदन में कहा है कि लातेहार जिला आदिवासी, हरिजन बहुल क्षेत्र है। एवं खनिज सम्पदा से भरा पड़ा रहने के वावजूद इस क्षेत्र के लोग आर्थिक दृष्टिकोण से विल्कुल पिछड़ा एवं गरीब है। आज भी यहाँ के लोग रोजगार के अभाव में अन्य राज्यों में पलायन करते हैं एवं शोषण का शिकार होकर वापस आते हैं। बड़ी हर्ष की बात है कि दामोदर घाटी निगम द्वारा इस जिलान्तर्गत तुबेद कोयला खान परियोजना का शुरूवात की गई। और परियोजना का संचालन भी सुचारू ढंग से चल रहा है। परन्तु सबसे बड़ी दुःखद बात यह है कि उपर्युक्त विषय पर निगम के द्वारा समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र की जनता में काफी निराशा एवं आक्रोश है।



इस संदर्भ में दिनांक 1 अक्टुबर 2023 दिन रविवार को स्थान मवि नेवाड़ी के मैदान में झारखण्ड खनिज मजदुर संघ एवं अखिल झारखण्ड बिरसा मुण्डा कामगार यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र की जनता का एक आम सभा का आयोजन रखा गया था जिसमें हजारों लोग उपस्थित हुए थे। उन सबों की आम राय से क्षेत्र की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखत मांगो पर सहमति बनाया गया है। एवं सर्वसम्मति से पारित किया गया है। जिससे परियोजना का भी कार्य सुचारू ढंग से चलता रहें एवं क्षेत्र की जनता भी खुशहाल रहें।

**इनकी मांगें इस प्रकार है**

1. तुबैद कोल प्रोजेक्ट में कोयला लोडिंग का कार्य मशिनों से न कराकर मजदूरों से कराने की व्यवस्था कि जाए,जिससे स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिल सके। 2. तुबैद कोल प्रोजेक्ट में अन्य कार्यो में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार की व्यवस्था की जाए। 3. तुबैद कोल प्रोजेक्ट में जिन रैयतों को जमीन लिया गया है उसे उचित मुआवजा एवं नौकरी देने की व्यवस्था की जाए। तथा विस्थापितों को उनके इच्छा अनुसार जमीन उपलब्ध कर उनकी पुर्नवास की समुचित व्यवस्था की जाए।4. तुबैद कोल प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जो रैयत जिस जमीन पर वर्षो से दखल कब्जा कर जोत कोड़ कर खेती- बारी करते आ रहे हैं, वह जमीन हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण वर्तमान में गैरमजुरूआ भूमि हो गया है, और उसे ऑनलाईन नहीं किया गया है, उसे मुआवजा भी नहीं मिल रहा है। वैसे भू-रैयतों को भी उचित मुआवजा,देने की व्यवस्था की जाए।5. तुवैद कोल प्रोजेक्ट के अंतर्गत कोयला ट्रांसपोटिंग के कार्य में परिवहन कार्य हाईवा से ना कराकर स्थानीय ट्रकों से परिवहन का कार्य किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकें।6. तुर्वेद कोल ब्लॉक में कोयला उत्पादन का 50त्न पचास प्रतिशत कोयला को डी. ओ. के माध्यम से लोकल सेल करने की व्यवस्था की जाए। जिससे स्थानीय कोयला व्यवसायियों को रोजगार का व्यवस्था हो सके। 7. सी. एस. आर. के तहत प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य के लिए लातेहार में 500 बेड का अस्पताल, निःशुल्क बिजली की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, प्रभावित क्षेत्र की सभी पंचायतों में एक-एक एमबुलेंस की व्यवस्था करने की सुनिश्चत किया जाए।

# सिविल सर्जन ने अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ चलाया अभियान

## एमएस नर्सिंग होम को किया सील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने सोमवार को लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर बालूमाथ एवं बारीयातु में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम की जांच की। जहां बालूमाथ के टमटमटोला में अवैध रूप से संचालित एमएस नर्सिंग होम को सील कर दिया। वही बरियातू में संचालित मां उग्रतारा नर्सिंग होम की जांच की।जांच के दौरान मां उग्रतारा नर्सिंग होम में पाया गया कि क्लीनिकल एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन है।लेकिन नियमानुसार मौके पर एमबीबीएस डॉक्टर उपस्थित नहीं था। वही ऑपरेशन थिएटर एवं प्रसव रूम एक ही कमरे में संचालित है। सिविल सर्जन द्वारा ओपीडी एवं भर्ती किए गए मरीज का रजिस्टर का मांग किया तो संचालक द्वारा यह कहा गया कि हम लोग रजिस्टर संधारण नहीं करते हैं। वहीं सिविल सर्जन ने अल्ट्रासाउंड मशीन होने की सूचना पर अस्पताल के कई कमरों की जांच की जहां ट्यूब अल्ट्रासाउंड को गायब कर दिया गया था एवं प्रिंटर पाया गया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि मां उग्रतारा नर्सिंग होम में कई अनीयमितया पाई गई है। इसको स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जो फाइन लगाया जाएगा। उन्होंने संचालक को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अल्ट्रासाउंड करते पाए जाएंगे तो प्राथमिक दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि हो सकता है मेरे निरीक्षण की जानकारी मेरे ही किसी कर्मी द्वारा अवैध नर्सिंग होम संचालक को दिया गया होगा ।यही कारण है कि अल्ट्रासाउंड मशीन गायब कर ली गई।इधर सूचना लीक होने के कारण बालूमाथ टमटमटोला में संचालित श्री हॉस्पिटल समेत कई नर्सिंग होम बंद कर फरार हो गया।उन्होंने कहा कि जो नर्सिंग होम बंद करके फरार हो गया है।उसके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बालूमाथ सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र प्रभारी प्रकाश बड़ाइक, जिला के स्वास्थ्य कर्मी,एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह 11 अक्टूबर को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भावी विधायक प्रत्याशी प्रेम रंजन पासवान के नेतृत्व में 11 अक्टूबर, दिन बुधवार को समय 11ः00 बजे,स्थान सूर्य मंदिर,चुंदरु धाम के प्रांगण में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह मनाया जाएगा।इस आशय की जानकारी सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी प्रेम रंजन पासवान के द्वारा दिया गया है। इस समारोह में ग्रमीणों से जुड़े समस्याओं का लोक जनसुनवाई के द्वारा समाधान भी किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मिलन समारोह



के मुख्य अतिथि के रूप में धीरज प्रसाद साहू राज्य सभा सांसद, आलमगीर आलम ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार, बन्ना गुप्ता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री झारखंड सरकार, बादल पत्रलेख कृषि मंत्री झारखंड सरकार, डॉ0 रामेश्वर उरांव वित्त मंत्री झारखंड सरकार, झारखंड कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होगें। वही विशिष्ट अतिथि में अंबा प्रसाद विधायक बड़कागांव विधानसभा, योगेंद्र साव पूर्व कृषि मंत्री झारखंड सरकार, जयशंकर पाठक धार्मिक न्यास बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, गुंजन सिंह महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, विनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव सह चतरा जिला प्रभारी, अभिलाष साहू प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा झारखंड, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के युवा प्रभारी अरुण कुमार यादव एवं अन्य कई गण्यमान्य प्रतिनिधिगण होगें शामिल।

# आरएनएम कॉलेज में सात दिवसीय डिजिटल कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** स्थित राम नारायण मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय में सात दिवसीय डिजिटल कार्यशाला का शुभ आरंभ किया गया। इस कार्यशाला का शुभ आरंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव डा प्रमोद कुमार एवं प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह,रिसोर्स पर्सन हीरामन महतो,रुसा कोऑर्डिनेटर प्रो फखरुद्दीन अंसारी,आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज भारत समेत पुरी दुनिया आधुनिक सामग्री से लैस हो रही है।इस लिए विकसित देशों के कतार में खड़ा होने के लिए हम सब को प्रयास करना होगा।तभी देश विकसित देशों के कतार में खड़ा हो सकता है।उन्होंने आगे कहा की डिजिटल इंडिया का सपना तभी साकार हो सकता है जब




हम सब डिजिटल सामग्रियों का सदउपयोग सही ढंग से सिख जाएं।उन्होंने आगे कहा कि सात दिवसीय कार्यशाला का मकसद यही है कि महाविद्यालय के कर्मी डिजिटल वर्क अच्छे ढंग से कर सकें। उन्होंने आगे कहा की विकसित देशों के कतार में खड़ा होने के लिए डिजिटल शिक्षा को आवश्यक बताया।इस मौके पर महाविद्यालय के सभी व्याख्याता और कर्मचारी उपस्थित थे।

## 23वां बीडियो हरिनाथ महतो ने गिद्धौर में लिया पदभार अधिकारियों ने गुलदस्ता दे किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सदर बीडियो हरिनाथ महतो ने लिया है। यह पदभार पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह से लिया है। हरिनाथ महतो को प्रखंड पहुंचते ही प्रखंड के कर्मियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। हरिनाथ महतो गिद्धौर प्रखंड के लिए 23वां वीडियो बने हैं।

## पुलिस ने लूट कांड में शामिल सात अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस ने डीडी मुख्य सड़क के लौटो ग्राम स्थित गैस गोदाम के पास हुई लूट कांड का उद्भेदन कर लिया है । पुलिस ने लूट कांड में शामिल सात अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । इनके पास एक पिस्टल देशी कट्टा , 315 बोर का गोली एक मोटर साइकिल दो मोबाइल एक एटीएम कार्ड और कुछ नगद पैसा बरामद किया गया है वही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 2/10/23 की रात्रि में ग्राम नवागढ़ से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने ग्राम



डीही मुख्य लौट रहे एक दंपत्ति को लातेहार डीडी मुख्य सड़क पर ग्राम लौटो स्थित गैस गोदाम के पास कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा Hero Splendor मोटरसाईकिल से ओवरटेक कर रोक लिया गया तथा अपराधियों के द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर उक्त दंपत्ति से 15,000 रूपया नगद पायल, नाक का सोने का बेसर, हाथ का कंगन, गला का चैन, कान का फूल लूट लिया गया तथा 2400 रूपया बादी के फोन पे के माध्यम से अपने खाता। स्थानान्तरण करा लिया गया था। उक्त के संबंध में लातेहार थाना काण्ड सं0 203/23, दिनांक 03/10/2023, धारा 392 भा0वि0 अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कांड मे सलिम अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये सामानों की बरामदगी हेतु अनुपदा लातेहार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया है। उक्त छापामारी टीम के द्वारा कांड के अनुसंधान के क्रम में तकनीकि एवं वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा लेते हुए कांड में कुल 07 अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये सामानों में से कुछ सामानों की बरामदगी की गयी है।

**छापामारी अभियान में**

लातेहार सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ,एसआई राज रौशन सिन्हा एसआई नागेश्वर महतो , फुलेश्वर प्रसाद समेत सशस्त्र बल के जव शामिल थे.

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक एवं बीएलओ की उपस्थिति रही। जहां बैठक में सभी बीएलओ को 24 घण्टे के अंदर सभी घरों का डोर टू डोर सर्वे करने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया गया,साथ ही पांच ऐसे बूथ जहां से फॉर्म 6 की कम प्राप्ति हुई है उससे संबंधित सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण मांगा गया है । वहीं सभी बीएलओ को मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और पुअर इमेज फोटो को प्रतिदिन 20-20 की संख्या में बदल देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित कर्मी इस कार्य को संवेदनशीलता पूर्वक समय रहते कार्य पूर्ण करें ताकि शत प्रतिशत ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और पुअर इमेज फोटो को प्रतिस्थापित कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को झारखंड स्थापना



दिवस के दिन सर्वश्रेष्ठ बीएलओ को सम्मानित करने और नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। यह भी बताया गया कि यदि सभी बीएलओ ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और पुअर इमेज फोटो को प्रतिस्थापित कर देते हैं तो सभी बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा । इसके अलावा अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं का सत्यापन और मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी सुपरवाइजर को व्यक्तिगत रूप से सभी बूथों का भौतिक सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया गया। मौके पर संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

## बीईओ की अध्यक्षता में तीनों संकुल के सचिवों के साथ बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखंड के तीनो संकुल संसाधन केंद्र के सभी स्कूलों के प्राचार्य सह सचिवो की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता बीईओ कानन पात्रा कर रहे थे।इस बैठक में संकुल संसाधन केंद्र पांडेपूरा, संकुल संसाधन केंद्र कनौदी,और संकुल संसाधन केंद्र डुमरी खुर्द के सभी सचिव उपस्थित थे। राज्य कार्यालय एवं जिला कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों को पूर्णतः प्रभावी रूप से क्रियान्वित एवं संचालन करने को



लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।बिंदु वार चर्चा के उपरांत समीक्षा की गई। जिसमें नामांकित सभी छात्रों को शत प्रतिशत बैंक खाता खोलना एवं आधार शत प्रतिशत जोड़वाने पर बल दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया है कि प्रयास कार्यक्रम को हॉउस निर्माण करते हुए प्रभावी ढंग से संचालन करना एवं बच्चों को स्कूल में ठहराव पर जोर दिया गया। विद्यालय नहीं आने वाले बच्चों को कारण जानते हुए विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जाए। विद्यालय में गीतांजलि कार्यक्रम को संचालित करना, सभी छात्रों को ई विद्या वाहिनी पर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करना, वीर गाथा लिंक को भरना एवं प्रभावी रूप से संचालन करना,हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से चलाना,रेल प्रोजेक्ट को संचालित करना एवं मूल्यांकन करते हुए बच्चों को उत्साह वर्धन करना।

# अपने हीं जमा रूपये पर लगा सरकार का पहरा, कसमकस में जिंदगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा / सिमरिया :** इन दिनों अपने हीं जमा रूपये पर सरकार का पहरा लग गया है ।जी हां यह मामला सहारा इंडिया कम्पनी में जमा कर्ताओं के साथ का मामला है। गरीब लाचार एक एक रुपया पेट काट कर सहारा इंडिया में जमा कर सोचा था कि अपनी पुत्री की शादी ब्याह समय पर दान दहेज के साथ करेंगे ।जहां यह जमा रुपया काम आवेगा। किन्तु अब वैसे गरीब परिवारों को यह सपना चकनाचूर हो गया है। दो दबंगों के चक्की में गरीब पिसता नजर आ रहा है। एक तरह केंद्र सरकार तो दुशरी तरफ सहारा इंडिया के मालीक हैं। जबकि सहारा इंडिया में छोटा परिवार से लेकर बड़ा परिवार का रुपया जमा है। आखिर किस नियम और तर्क पर महज सहारा इंडिया धराकों को दस हजार पहला क़िस्त दिया जा रहा है। जमा रुपया हमारा और हमारे रूपये पर पहरा तुम्हारा वाली कहावत हो गयी है। आखिर किस हिसाब से सहारा इंडिया कम्पनी या केंद्र सरकार महज दस हजार रूपये देने का एलान किया है या दिया जा रहा है। बता दें कि एक तरह सहारा इंडिया में काम करने वाले एजेंट हो मैनेजर इस दो चक्कियों में एक वर्ष पहले पीस गये। सभी बेरोजगार हो गए दर दर का ठोकरें खाने पर मजबूर हैं ।आखिर क्यों नहीं । सहारा खाता धारकों ने नजदीकी एजेंटो को क़िस्त बाई क़िस्त कमाई का रुपया जमा किया था। तो एजेंटों को हीं ना गिरेबान पकड़ेंगे। चुकी गाइरेंटर के रूप में एजेंट होते थे। ऐसे में एक तरफ बेरोजगारी की लाचारी वहीं दुशरी तरफ खाता धारकों का माथामारी से एजेंट तंग हो रहें हैं।हालांकि जो व्यक्ति सक्षम हैं वो तो अपना काम वगैर रूपये लिए कर ले रहे है। वहीं जो व्यक्ति सक्षम नहीं लाचार हैं अत्यधिक गरीब हैं उनके लिए मौत से बढ़ कर आगे कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। इसके लिए खाताधारियों को एक साथ आवाज में आवाज लगा अपनी मांग रखनी होगी तभी उनकी गाढ़ी कमाई या खून पसीने की कमाई का जमा धन मिल पाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन सहित पेयजल प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित पेयजल प्रण्मडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का समीक्षा किया गया।चतरा जिला अंतर्गत घरेलू कार्यरत नल से जल (एफएचटीसी) कवरेज का लक्ष्य क्वार्टर-1 और क्वार्टर-2 के बारें में जानकारी दी गई कि इसका लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है वहीं क्वार्टर-3 का लक्ष्य तय समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। जिस जलापूर्ति योजना में घरेलू कार्यरत नल से जल (एफएचटीसी) योजना को पूर्ण कर लिया गया है वहां टीम बनाकर सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं टण्डवा जलापूर्ति योजना




की प्रगति की समीक्षा के क्रम में तय समय सीमा के अंदर टण्डवा जलापूर्ति योजना को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।ईटखोरी एवं जीरवाखुर्द जलापूर्ति योजना के कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले दोषियों के उपर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे उन्होने कहा कि जलापूर्ति योजना स्थल पर सूचनापट्ट 15 दिनों के अंदर लगाकर इसकी सूचना जिला को उपलब्ध कराएं।स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत असमायोजित राशि का समायोजन हेतु संबंधित प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ सहायक अभियंता, कनिय अभियंता को बैठक करने का निर्देश दिया गया। ग्राम स्तर पर प्लास्टिक संग्रहण हेतु बांस का स्ट्रक्चर निर्माण करने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सहायक अभियंता, कनिय अभियंता एवं प्रखण्ड वास समन्वयक को मुखिया के साथ बैठक करने हेतु निर्देशित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शौचालय के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु मुखिया के साथ समन्वयक स्थापित करते हुए शौचालय निर्माण करने का आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह समेत अन्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के बाद टला कोयला उद्योग का तीन दिन का देश व्यापी हड़ताल : सीटू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एन सी ओ ई ए ( सी आई टी यू) नेता गणेश कुमार सीटू ने बताया कि आज माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर डबल बेंच के आदेश के बाद कोयला उद्योग में पांच केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आहुत तीन दिवसीय हड़ताल को टाल दी गई है. विदित हो कि कोयला मजदूरों के नए वेतन समझौता एनसीडब्ल्यूए 11 के तहत जब मजदूरों का वेतन भुगतान हुआ तो ऑफिसर एसोसिएशन, कोल इंडिया ने उच्च न्यायालय, जबलपुर के सिंगल बेंच में याचिका दायर कर कहा कि इस नए वेतन समझौता से मजदूरों का वेतन कुछ अधिकारियों के वेतन से अधिक हो गया है जो कोयला मंत्रालय के डिपार्मेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज के प्रावधानों के विपरीत है. इस मामले पर न्यायालय ने कोयला मंत्रालय भारत सरकार को 60 दिनों के अंदर न्याय संगत फैसला करने का आदेश दिया था. कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के ढुलमुल नीतियों के कारण देश के पांच केंद्रीय श्रमिक संघ ने नए वेतन समझौता के तहत मजदूरों का वेतन भुगतान करने के लिए 12. 13. 14 अक्टूबर 2023 को देश व्यापी तीन दिवसीय हड़ताल का नोटिस दिया था. कोल इंडिया ने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ डबल बेंच में अपील किया था और आज डबल बेंच ने कोल इंडिया को सुनने के बाद यह स्पष्ट कहा की सिंगल बेंच के आदेश में यह कहीं नहीं लिखा हुआ है की कोल इंडिया के मजदूरों का वेतन रोका जाए. इससे स्पष्ट हो गया की सितंबर माह का वेतन जो अक्टूबर 1 से 3 तारीख तक मिल जाना चाहिए वह आज तक नहीं मिला था. जो पेमेंट एंड वेजेस एक्ट के विपरीत है इसलिए सितंबर माह का वेतन कोयला मजदूरों को नए वेतन समझौते के अनुसार अक्टूबर में तत्काल भुगतान किया जाना चाहिए. इस फैसले से कोयला मजदूरों में उल्लास का माहौल है. कल ही कोयला मजदूरों ने अपने संघर्ष के बल पर 85000 दुर्गा पूजा बोनस प्राप्त किया और न्यायालय के आदेश के बाद उनको नया वेतन समझौता के तहत पूर्व की भांति वेतन मिलेगा. इसलिए पाँचों केन्द्रीय श्रमिक यूनियन ने हड़ताल को टाल दिया है

### चौकीदार महादेव गोप ने किया आत्महत्या, उनके पुत्र ने बरही थाना में दिया आवेदन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत पंचमाधव गांव निवासी चौकीदार महादेव गोप ने रविवार रात्रि अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इनके आत्महत्या की खबर सुनते ही ग्रामीणों में शोक की लहर फैल गई। जानकारी मिलने पर बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं सोमवार को बरही पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौप दिया। इधर परिजनों ने शव के साथ बरही थाना में सोमवार को दोपहर करीब 1.30 बजे आकर धरना पर बैठ गए। मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला भी पहुंचे। मृतक के पुत्र गणेश यादव ने विधायक व थाना प्रभारी को बताया की कुछ ग्रामीणों के द्वारा मेरे पिता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या करने को मजबूर किया गया है। वहीं इस संबंध में उनके पुत्र गणेश यादव ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मेरे पिता चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। कुछ महीने पूर्व मेरे गांव के ही एक नशीले पदार्थ के कारोबारी के द्वारा द्वेष भावना से अपनी पत्नी, पुत्री, बेटे, भाई व भाभी आदि के द्वारा षड्यंत्र के तहत अपनी बेटी के द्वारा यौन शोषण का आरोप लगाकर पूर्वाग्रह घटना जो अवैध कारोबार से संबंधित था इस मामले को लेकर मेरे पिता की वर्दी उखाड़ने की धमकी देते हुए मेरे पिता के खिलाफ झूठा केस करवा दिया गया था। केस दर्ज करवाने के अलावे मेरे गांव के कुछ लोगों के द्वारा मेरे पिता सहित मेरे पूरे परिवार को सामाजिक रूप से बहिष्कार कर दिया गया, उसके बाद मान सम्मान पर ठेस पहुंचाने की वजह से मेरे पिता मानसिक शोषण के शिकार होने लगे। बहिष्कृत के बाद भी मेरे पिता पूजा करने के लिए मंदिर गए तो वहां पर बैठे संकुचित मानसिकता के लोगों के द्वारा यह कहकर प्रताड़ित करने लगे, की महादेव गोप पर केस दर्ज हो जाने के बाद भी जीवित कैसे हैं इसको अभी तक आत्महत्या कर लेना चाहिए था। वही कहने लगे कि अब से यह गांव घुसने नहीं देंगे, अगर गांव में दिखा तो इनके साथ कई तरह का दुर्व्यहार किया जायेगा। वहीं उन्होंने 15 नामजक ग्रामीणों सहित अन्य गांव के महिला पुरुषों के ऊपर आरोप लगाया है। वहीं उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी मंदिर में नहीं घुसने देने की घटना घटी थी। पिछले 6 अक्टूबर को मैं अपने पत्नी को लेकर सदर अस्पताल हजारीबाग लेकर मां के साथ गया था, इस दौरान मेरे पिताजी घर के बाहर साफ सफाई कर रहे थे। उपरोक्त ग्रामीण मेरे पिताजी के पास आए और कहने लगे तुम गांव से बहिष्कृत होने की वजह से गांव के अंदर अपने घर में भी पोती का छठी कार्यक्रम नहीं कर सकते हैं। यह बात 8 अक्टूबर को मेरे पिता ने घर जाने पर मुझे बताया तो मैं उन्हें ढाढस देकर वापस हजारीबाग आ गया, लेकिन मेरे पिता इन प्रताड़नो से तंग आकर 8 अक्टूबर यानी रविवार रात्रि को अपने घर में आत्महत्या कर लिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र के दिए गए आवेदन के आधार पर बरही थाना में उपरोक्त 15 नामजद समेत अन्य ग्रामीणों के खिलाफ कांड संख्या 470/23 दर्ज कर दिया गया। मामले की छानबीन की जा रही है।इधर मृतक के परिजनों से मिलने बरही विधायक उमाशंकर अकेला, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, युवा नेता संजय मेहता, युवा नेत्री पूनम यादव, अरविंद यादव, मुखिया नारायण यादव, मीडिया प्रभारी तौकीर रजा आदि भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

### महिला नेत्री पूनम यादव के नेतृत्व में बरही चौक पर होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिला नेत्री सह समाजसेवी पूनम यादव जो प्रखंड बेलादोहर के मूल निवासी है। उन्होंने पत्रकारों के बीच प्रेस वार्ता कर बताई कि बरही अनुमंडल क्षेत्र है, जहां कई संसाधन की अभी भी कमी है और जो संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं वह दशकों से लंबित पड़ा है। उन्होंने बताई कि अपने समर्थकों के साथ शांति पूर्वक बरही के मुख्य चार मागों को लेकर बरही चौक पर एक दिवसीय धरना पर बैठेगी। इस कार्य के लिए संबंधित अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित किया है। उन्होंने पत्रकारों के माध्यम से जनता को चार मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि दशकों से पीएचइडी विभाग में पेयजल की दो जल मीनार बनया गया है, किंतु जनता को उक्त जलमीनार से पेयजल नसीब नहीं हो पाया है। वह उन्होंने कहा कि कई वर्षो पहले जिला परिषद फंड से बरही बस पड़ाव बनाया गया,किंतु आज तक कोई भी वाहन का ठहराव सुनिश्चित नहीं किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि बरही चौक एशिया का दूसरा चौक माना जाता है, किंतु यहां ट्रैफिक की व्यवस्था नहीं है। वही बरही चौक चौराहे के आसपास अपार गंदगी फैली हुई, लेकिन इसकी समुचित व्यवस्था नहीं की गई है।

### सोशल मीडिया के प्रयोग पर बरते सावधानी : जिला प्रशासन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी पर्व तथा जिला में घटित घटनाओं के मद्देनजर सोशल मीडिया के दुरुपयोग के मामले में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सजग व सतर्क है। सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक माहौल खराब करने की किसी भी प्रयास को कड़ाई से निपटा जाएगा। हाल के दिनों में व्हाट्सएप, फेसबुक, यू ट्यूब एवं अन्य मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने की सूचनाएं प्रशासन को प्राप्त हो रही है, ऐसा करने वालो पर विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कारवाई की जाएगी। आम लोगो से अपील है सोशल मीडिया का जिम्मेवारी से प्रयोग करें तथा धार्मिक विद्वेष फैलाने वालों को चिन्हित कर जिला प्रशासन को सुचना देकर सहयोग करे।

## जनवितरण प्रणाली की दुकान में की गई जांच जांचोपरांत चावल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत में झामुमो प्रखण्ड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य के द्वारा पूजा महिला मंडल जनवितरण प्रणाली में ग्रीनकार्डधारकों के बीच चावल का वितरण किया गया।इस मौके पर संजय प्रजापति ने कहा कि मैं बीस सूत्री का सदस्य हूँ,इस नाते जनवितरण प्रणाली की दुकान में गरीबो के हक का अनाज दिलाना मेरी प्राथमिकता है। पिछले कुछ दिनों से अखबार के माध्यम से प्राप्त सूचना एवं लाभुकों द्वारा अनाज कम दिए जाने की शिकायत मिली थी,इस मुद्दे को झामुमो पूरी गंभीरता से लेता है।जांचोपरांत इस जनवितरण प्रणाली की दुकान में गरीबो का पूरा हक दिया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से डालेश्वर यादव,सुरेश साव समेत लाभुक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिवासी संथाल समाज ने प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर मे आदिवासी संथाल समाज की बैठक हुई।बैठक में बिरसा मुंडा आदम कद, प्रतिमा,स्थापित करने को लेकर चर्चा किया गया।साथ ही एक कमिटी का गठन किया गया।जिसमे सर्वसहमति से कमिटी का नाम बिरसा मुंडा आदिवासी मार्सल कमिटी रखा गया।

जिसका अध्यक्षता पूर्व मुखिया शिबू सोरेन ने किया।इस बैठक में नवनिर्मित गठन कमिटी का अध्यक्ष शिबू सोरेन, उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी बहराम हांसदा, उपाध्यक्ष बबुचंद हेमब्रोम, सचिव महादेव मुर्मू, उपसचिव छोटू हांसदा, कोषाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, उपकोषाध्यक्ष प्रभु हांसदा,संगठन मंत्री मोहन हांसदा सदस्यों को चयनित किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया शिबू सोरेन, पसंस बहराम हांसदा, उपमुखिया बबुचंद हेमब्रोम, राजेश मुर्मू, मुकेश हांसदा, चत्रु हांसदा समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## अग्रसेन जयंती से पूर्व रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** महाराज अग्रसेन की जयंती से पूर्व मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रसेन भवन के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल, सुमन रामरायका सहित समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। सभी रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया रक्तदान शिविर में कुल 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सफल रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए मारवाड़ी अग्रवाल समाज के द्वारा रक्तदान संयोजक बनाया गया जिसमे कुशल मुनका,विनीत मुनका, पंकज मुनका, अभिषेक अग्रवाल, अमित खेतान, राहुल चौधरी, मनोज अग्रवाल शामिल थे।

## सूर्यकुण्ड उत्सव मनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी स्थित ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में नवबंर 2023 दीपावली पर्व व छठ पूजा के आसपास सूर्यकुण्ड उत्सव मनाने का निर्णय ग्रामीण विकास समिति संस्था हजारीबाग के सचिव सुनील कुमार के द्वारा उक्त जानकारी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सूर्यकुण्ड परिसर में बैठक कर दिया गया. बैठक की अध्यक्षता स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय ने किया जबकि संचालन ग्रामीण विकास समिति संस्था के सचिव सुनील कुमार के द्वारा किया गया.बैठक में सूर्यकुण्ड उत्सव 2023 के आयोजन को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी बैठक में उपस्थित लोगों को दिया गया.सुनील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेता खेसारीलाल यादव व पद्म भूषण मुकुंद नायक को आमंत्रित किया जायेगा।बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया गया कि जी.टी रोड के बगल स्थित सूर्यकुण्ड धाम को आजतक पर्यटन कि दृष्टि से जो मुकाम मिलना चाहिए.वो आजतक नहीं मिल सका है. अगर इस प्रकार के उत्सव से सूर्यकुण्ड धाम को अलग पहचान मिलेगा.ओर स्थानीय लोगों को रोजगार भी मुहैया हो सकता है.बैठक में मुख्य से जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,अभिजीत कुमार,कालेश्वर पाण्डेय,रामकृष्ण पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,अजीत पाण्डेय,जयराज पासवान,त्रिपुरारी पाण्डेय,प्रदीप पाण्डेय,पंकज पाण्डेय,मंटू पाण्डेय,अजीत मोदी,अभय पाण्डेय,शेषनाथ सिंह,रिंकू पासवान के अलावे दर्जनों लोग शामिल थें।



## बेड़ाहरियारा पंचायत भवन की मरम्मती व सुंदरीकरण को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत भवन को सुंदरीकरण एवं पंचायत भवन में डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर मुखिया रामचंद्र यादव के अध्यक्षता में बैठक की गई।जिसमे पंचायत के सभी ग्राम सभा सदस्यों ने बैठक भाग लिया।पंचायत भवन सुदृढीकरण को लेकर निर्णय लिया गया।मुखिया रामचंद्र यादव ने कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत भवन की स्तिथि में सुधार होगा।पंचायत के लोग लगभग पंचायत का कार्य पंचायत भवन से निपटा सकेंगे।मौके पर जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष सह उपमुखिया संघ अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रखण्ड में सबसे खराब स्तिथि बेड़ाहरियारा पंचायत भवन का है, न बिजली की सुविधा , ना पानी का और नही पंचायत भवन के सामने सड़क है।बहुत जल्द पंचायत भवन में डिजिटल कार्य भी सुचारू रूप से आरंभ कर दिया जायेगा।इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया रामचंद्र यादव,जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष सह उप मुखिया राहुल कुमार गुप्ता,पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद,पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपक रजक,वार्ड सदस्य संदीप लहकर ,गुलाची देवी,सरिता देवी,धर्मी देवी,केदार प्रसाद,दीपाली देवी,इत्यादि सदस्य मौजूद थे।



## झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा का महाधरना 13 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय के समक्ष 13अक्टूबर को एक दिवसीय महा धरना का आयोजन किया जायगा। इसके लिये तैयारी करने हेतु उत्तरी छोटा नागपुर अंतर्गत हजारीबाग ,रामगढ़, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद एवं बोकारो जिले के सभी इंटरमीडिएट कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय एंव मदरसा विद्यालय के वित रहित शिक्षक कर्मचारी इस महाधरना मे सम्मिलित होंगे। धरने को सफल बनाने के लिए आज हजारीबाग अंतर्गत ज्ञान ज्योती मेमोरियल इंटर कॉलेज,हजारीबाग में शिक्षक कर्मचारियों की बैठक आहुत की गई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के वरीय सदस्य डॉ. देवनाथ सिंह किए एवं कार्यक्रम का संचालन उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयोजक गणेश महतो ने किया ।

## 15 दिनों से दो गांव थे अंधेरे में, ट्रांसफॉर्मर नही मिलने पर मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** धनबाद रोड स्थित बरही डिविजन बिजली विभाग कार्यालय में बिजली विभाग के लचर व्यस्था के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन धनवार पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी शामिल हुवे। धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि धनवार पंचायत के कोरियाडीह और बरदाग में पिछले एक माह से ट्रांसफार्मर जला पड़ा था। इस बात को हमने कई बार बरही बिजली विभाग के एसडीओ एवं जेई को अवगत करवाया, लेकिन उनके द्वारा टालमटोल किया जा रहा था। जिससे बाध्य होकर सोमवार को ग्रामीण महिला पुरुष के साथ सैकड़ों की संख्या में बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंचे और व्यवस्था के सुधारने को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव धरना स्थल पहुंचे और बिजली उपभोक्ताओं के समस्या से अवगत हुए। इस संबंध में बिजली विभाग के बरही एसडीओ से जानकारी लेते हुए बिजली विभाग के जीएम और एसी से दूरभाष से संपर्क किया। जिसके बाद बिजली विभाग के जिला अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरदाग गांव में आज सोमवार को ही ट्रांसफार्मर स्वीकृत कर दिया और कोरियाडीह में मंलवार को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग की प्रतिमाह मनमानी बिल से अवगत कराया। वहीं बिजली विभाग के दैनिक भोगी बिजली मिस्त्रियों पर नाजायज वसूली का आरोप भी लगाया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना वापस लिया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, विकास यादव, अशोक यादव, राजेश राणा, सुधीर कुमार, देवेन्द्र कुमार, घनश्याम प्रसाद, नेहरू प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, मुकेश सिंह, चंदन सिंह, राजेश सिंह, भुनेश्वर सिंह, रामदेव सिंह, इंद्रदेव प्रसाद, विकास कुमार, झमन सिंह, दशरथ महतो, नारायण महतो, राजेश कुमार, सुनील कुमार, संजय प्रसाद, सुखदेव महतो, केशव प्रसाद, विमल सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, वासुदेव महतो, विनय कुमार, महेंद्र प्रसाद, सीमा देवी, विमला देवी, जमनी देवी, पूजा देवी, कुंती देवी, अनीता देवी, गुड़िया देवी, सबिया देवी, कंचन देवी, विमला देवी, अनीता देवी, लीला देवी, ममता देवी, मुंद्रिका देवी, नीलम देवी, मुनिया देवी, मोहिनी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय हजारीबाग ने प्रारंभ किया स्पेशल कैंपेन 3.0



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, उपक्षेत्रीय कार्यालय, हजारीबाग में, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के नेतृत्व में भारत सरकार एवं क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा निर्देशित स्पेशल स्वच्छता कैंपेन 3.0 का शुभारंभ कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम उपक्षेत्रीय कार्यालय परिसर की साफ सफाई सभी कार्यालय कर्मियों ने मिलकर किया। उसके बाद कार्यालय परिसर से इंचार्ज सूरज कुमार, जयदेव कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, तेजलाल साव कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, आशीष कुमार कंधवे, कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी, सतीश गुप्ता आदि सभी सर्वेक्षण प्रगणक एवं आदेशपाल जयप्रकाश पासवान स्वच्छता रैली निकालकर झील परिसर के त्रिमूर्ति चौक होते हुए जिला स्कूल पहुंचे । कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने वहां पर उपस्थित विद्यार्थियों को स्वच्छता विषय पर संबोधित करने के पश्चात् सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने किया कोयला खनन एवं अन्य मामलों की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के तत्वाधान में कोयला खनन एवं अन्य सरकारी परियोजनाओं के भूमि स्थानांतरण से संबंधित आहूत समीक्षात्मक बैठक आयुक्त के कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। प्रमंडलीय स्तरीय प्रस्तावित बैठक की अध्यक्षता आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा के द्वारा की गई। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिले के उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, उपायुक्त धनबाद वरुण रंजन एवं उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा शामिल हुए। बैठक में आयुक्त के द्वारा प्रमंडल स्तर पर चलने वाले सरकारी परियोजनाओं की भूमि हस्तांतरण व लीज बंदोबस्ती से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें हजारीबाग में चल रहे बादाम कोयला खनन परियोजना की लीज बंदोबस्ती, पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना के लीज बंदोबस्ती एवं गोंदलपूरा कोयला खान क्षेत्र हेतु अडानी एंटरप्राइजेज के लीज बंदोबस्ती से संबंधित अभिलेखों में प्राप्त त्रुटि का निराकरण कर अद्यतन रिपोर्ट की मांग आयुक्त के द्वारा की गई। बैठक के दौरान आयुक्त ने उपस्थित उपायुक्तों को पीएमजी पोर्टल पर वर्तमान रिपोर्ट अद्यतन करने के निर्देश दिए। वही उपायुक्त रामगढ़ को बरलंगा नेमरा पिरगुल-कसमार पथ के दो लेन पेव्ड सोल्डर में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण या पुनर्निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया।

## झारखंड राज्य दफादार चौकीदार ने नौ सूत्री मांगों को लेकर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा हजारीबाग जिला कमेटी द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार हजारीबाग पुराना समाहरणालय के सामने अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया। कमेटी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित 9 सूत्री मांग पत्र उपयुक्त को सौपा गया । 9 सूत्री मांगों में सेवा विमुक्त चौकीदारों को सेवा में योगदान देने हेतु सभी उपायुक्तों को आदेश देना।

01 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत्ति चौकीदार दफादार के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करना और इस बाबत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16,(4) की भावना के आलोक में अध्यादेश जारी करना। झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित संकल्प के आलोक में 30 दिसंबर 1989 ई ,को सेवा निवृत चौकीदार दफादार के आश्रितों की नियुक्ति करना स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति का लाभ देना वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष?10000 रू देना। अभी तक चौकीदारों को एसी पी एम ए सी पी का लाभ देना और बैंक ड्यूटी रोड गस्ती कैदी एस्कॉर्ट पर रोक लगाना प्रमुख है । धरना प्रदर्शन के मुख्य वक्ता कृष्ण दयाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में बहाल करने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवा निवृत्त चौकीदार दफादार के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तत्काल अध्यादेश जारी करें या झारखंड विधानसभा से विधेयक पारित करावे ताकि झारखंड के चौकीदार दफादार को न्याय मिल सके।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र




## सर्वे टीम ने कोलयरी सिरका का किया निरीक्षण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलियरी सिरका परियोजना खुली खदान एंव कोयला स्टॉक का सोमवार को सर्वे टीम ने निरीक्षण किया। दल की अगुवाई मैनेजर माईनिंग हजारीबाग क्षेत्र चितरंजन आचार्या व दो सर्वेयरो ने किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने खदान के दायरे, खनन, उत्पादन, सुरक्षा को लेकर अनुभवों का अदान प्रदान किया। साथ ही हजारीबाग निरीक्षण दल ने कोलयरी संचालन संबंधी कई टिप्स दिए। मौके पर सिरका एसओएम राकेश कुमार, सर्वेयर रामाशंकर प्रसाद उपस्थित थे।

## बिजली कटौती से आहत ग्रामीणों ने सीसीएल रजरप्पा का कामकाज किया ठप्प

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ में भूचुंगडीह विस्थापित अधिकार संघ के तत्वाधान में रजरप्पा सीसीएल का कामकाज ठप्प कराया गया । जिससे सीसीएल का संपूर्ण कार्यक्षेत्र बाधित रहा। संघ के अगुवाई में सैकड़ों महिलाएं और पुरुष वाशरी स्थित विद्युत सब स्टेशन के गेट को जाम करते हुए सीसीएल द्वारा की जाने वाली अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर धरना के माध्यम से कड़ा विरोध जताया। इधर ग्रामीण चेतन महतो , बसीर अंसारी , उस्मान अंसारी ने बताया की बिजली आपूर्ति को लेकर कभी यह समस्या नहीं हुआ पर वर्तमान प्रबंधन हमारे साथ खुलकर भेदभाव करने में लगा है जब की इस समस्या से हम लोग उन्हे बार बार अवगत कराते रहे पर हमारी एक नही सुनी गई। वहीं कहा की हमने अपने जमीन देकर सीसीएल को बसाया और ताउम्र हम सब धूल गर्दा के शिकार होते रहे है बावजूद हमारे साथ छलावा किया जाता है। आखिर गुहार लगाकर थकने के बाद लोकतांत्रिक तरीके से अपना हक अधिकार मांगने के लिए आज घरों से बाहर निकलने पर मजबूर होना पड़ा। साथ ही कहा की महिलाएं , वृद्ध , बच्चे , पुरुष सभी अपनी मांग को लेकर सवेरे से बैठे पर है।



## कार्यकर्ताओं के साथ दिया ज्ञापन , एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतमाला परियोजना के कुल्ही कार्यालय में सोमवार को आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्री का ज्ञापन मांग पत्र सौपा। साथ ही एक सप्ताह में मांगो को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। प्रखंड अध्यक्ष ने पंकज महतो ने कहां की ज्ञापन के माध्यम से रायपुर, धनबाद इकोनोमिक कॉरिडोर के गोला ओरमांझी तक के निर्माण में सरकारी आदेशों के उल्लंघन एवं कार्य के दौरान किसानों के फसल और जमीन के हुए मुआवजा को संबंध में ज्ञापन दिया गया है।अगर इन मांगों को पूरा नही किया जाता है तो 17 अक्टूबर को कुल्ही परियोजना कार्यालय का घेरवा किया जाएगा।ज्ञापन परियोजना के समक्ष रखी गई है यह बातें 1. एजेंसी के द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण किया जा रहा है। इसपर रोक लगे। 2. एजेंसी के द्वारा रासायण युक्त फ्लाई ऐश से कृषि युक्त भूमि एवं प्राकृतिक संसाधनों तथा भैरवा जलाशय, नदी, तालाब आदि के पास गिराया जा रहा है। जिसके कारण कृषि योग्य भूमि एवं भैरवा जलाशय, नदी, तालाब, कुँआ आदि का पानी परदूषित हो रहा है। साथ ही बारिस के वजह से सारा फ्लाई ऐश खेत में चल गया है जिससे सैकड़ों किसानों का फसल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसका मुआवजा शिविर लगाकर दिया जाए। 3. एजेंसी के द्वारा जो फ्लाई ऐश गिराया जा रहा है जो की काफी बारिक रहने के कारण हवा में उड़कर वायु प्रदुषण भी कर रहे है। 4. एजेंसी के द्वारा वैसे भूमि जिसका भूमि अधिग्रहण अभी तक नहीं हुआ है उसपर भी बल प्रयोग कर काम कराया जा रहा है।



## सांसद एवं विधायक द्वारा सोमवार को विभिन्न सड़क योजनाओं का किया गया शिलान्यास

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुनीता चौधरी द्वारा सोमवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गोला प्रखण्ड एवं में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् विभिन्न सड़क योजनाओं का शिलान्यास कार्य किया गया। कार्यक्रम के अनुसार, हुप्पू दसरथ चौक होते हुए बंदा सड़क कार्य का शिलान्यास कुस्टेगढ़ा से होते हुए सुतरी सड़क का शिलान्यास जोभीया वाया खैराजरा, हेसपोड़ा होते हुए रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्ता मंदिर तक के पथ कालीकरण कार्य का शिलान्यास इस अवसर पर भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने सांसद जयंत सिन्हा एवं विधायक सुनीता चौधरी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर उप प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, पार्षद सरस्वती देवी, भाजपा गोला मंडल अध्यक्ष बब्लू साव, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, पूर्व पार्षद गोविंद मुंडा, नित्यानंद महतो, जितेन्द्र साहु, रवि हाजरा, विकास मणि पाठक सहित भाजपा-आजसू कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## मिशन इंद्रधनुष के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मिशन इंद्रधनुष के तहत सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन(WHO) से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा एवं रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाते हैं। अभियान का पहला चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का संचालन डिजिटल प्लेटफॉर्म WIN के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके लिए सहियाओं व सेविकाओं के द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान बनाने सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के इस अभियान को 3 महीने तक चलाया जाना है। जिसमे पहला चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त चलाया गया। इसके बाद दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तक चला एवं तीसरा चरण 9 अक्तूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा।

## भुरकुंडा ओपी पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और विधि-व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर भुरकुंडा ओपी में स्थानीय लोगों की बैठक बुलाई गई। बैठक में पुलिस और पब्लिक दोनों की तरफ कई सुझाव साझा किए गए। इस दौरान ओपी प्रभारी ने अंधेरी गलियों में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रखने और दुकानदारों के आपसी सहयोग से बाजार क्षेत्र में प्राइवेट गार्ड रखने का सुझाव दिया। वहीं उन्होंने कहा कि रात में पुलिस गश्ती भी बढ़ाई जाएगी। कहा कि क्षेत्र में किसी संदिग्ध को देखें तो पुलिस को जरूर सूचित करें। वहीं पुलिस द्वारा बुलाई गई बैठक में अपेक्षाकृत काफी कम लोग दिखे।बैठक में छोटे-बड़े दुकानों की अच्छी उपस्थित का अनुमान लगाया जा रहा था। लेकिन काफी कम लोग ही बैठक में शामिल हुए। बैठक में ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद एसआई कुंदन कुमार, राम पुकार शर्मा, सनत, मुखिया अजय पासवान, योगेश दांगी, दीपक भुइंया, डब्लू पांडे, राज किशोर पांडेय, रॉबिन मुखर्जी, मुकेश रावत, संजय अग्रवाल, सुरेंद्र, पुलेदर सिंह, धनंजय कुमार, अनिल कुमार श्रीवास्तव ,समेत कई लोग मौजूद हुए।

## इस पूजा में जेबीएल के साथ उत्सव की ध्वनि का अनुभव करें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हारमन का प्रमुख ऑडियो ब्रांड जेबीएल, अपने उत्सव अभियान म्यूट द वर्ल्ड; अनम्यूट फेस्टीवीस को शुरू करने के लिए रोमांचित है जो एक रोमांचक दुर्गा पूजा उत्सव के लिए मंच तैयार कर रहा है। जैसा कि सिटी ऑफ जॉय पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव के लिए तैयार हो रहा है, जेबीएल का विशेष अभियान इस पूरे महीने उत्सव की भावना के साथ गूंजने का वादा करता है। जेबीएल बंगाल, असम, उड़ीसा, बिहार और झारखंड में अपने ग्राहकों को उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शानदार ऑफ़र और छूट के साथ खुश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें बहुत पसंद किए जाने वाले नॉइज़-कैंसलेशन हेडफ़ोन, डॉल्बी एटमॉस और डीटीएस-एक्स



सक्षम साउंडबार और पार्टीबॉक्स शामिल हैं। इस 30 दिवसीय म्यूट द वर्ल्ड; अनम्यूट फेस्टीवीस अभियान के लॉन्च के साथ, ग्राहक अपने पसंदीदा जेबीएल उत्पादों पर कैशबैक, मुफ्त ईएमआई ऑफ़र और अनूठे सौदों की उम्मीद कर सकते हैं, जिससे ÷म्यूट द वर्ल्ड÷ और खुद को उत्सव में डुबोना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा।

## चितरपुर की माहिलाओं ने जिला अध्यक्ष जोया परवीन का स्वागत किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** कांग्रेस रामगढ़ अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन का सोमवार को चितरपुर की अल्पसंख्यक महिलाओं ने ज़िला अध्यक्ष के आवास पहुँच कर अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन को बुके दे कर स्वागत किए। इस दौरान महिलाओं ने ज़ोया परवीन को ज़िला अध्यक्ष बनाये जाने पर ख़ुशी ज़ाहिर की एवं कहा कि हम चितरपुर की महिलाओं के लिये एक महिला आगे आकर हम अल्पसंख्यक समुदाय के महिलाओं लोगों के लिए सामाजिक कार्य करेंगी समाज में ग़रीब तपते के लोगों की मदद करेंगी एवं महिलाओं के साथ हो रहे समस्याओं का निर्वाहन करेंगी इसके लिए हम सभी कांग्रेस पार्टी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और यह अश्वस्थ करते हैं कि हमारी बहन ज़ोया परवीन को जो ज़िम्मेवारी सौंपी गई है हम सभी बहन ज़ोया परवीन के साथ हैं और इनके अल्पसंख्यक संगठन को मज़बूत बनाने एवं आगे ले जाने में हर तरह से कांग्रेस पार्टी के नौमनोनीत अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन के साथ हैं। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों महिलाएँ उपस्थित थीं।

## सुदूरवर्ती गांव में सड़क निर्माण होने से दर्जनों गांव को मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के सुदूरवरती पंचायत कुलही के पुतरीडीह मोड़ से बयागं तक 5.37 द्मद्व तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया जिसकी प्राकृतिक राशि 3 करोड़ 56 लाख से निर्माण कार्य किया जाएगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुए शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने उपस्थित को बताया कि पिछले कई वर्षों से सुदूर भारती इलाका में सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों की मांग आज धरातल पर उतरने का काम किया गया है जिसमें आपका स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी का बहुत ही सहयोग रहा है सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर दर्जनों गांव बेहतर आवागमन के लिए लाभ मिलेगा जिसमें मुख्य रूप से बमणी ,उरबा, बयागं पुतरीडीह ,महथा गोड़ा, एवं सरना टोला सहित कई गांव लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा ,विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की आज ग्रामीणों का सपना पूरा हुआ, गांव में विकास की एक नई लकीर खींचने का काम किया गया है बरसों से यह सड़क उपेक्षित था जिसे प्रतिनिधियों ने दरकिनार करके रखा था।

## रामगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के प्रथम वर्ष की छठी बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के प्रथम वर्ष की छठी बैठक चेम्बर भवन मे अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे संपन्न हुई । अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने अपने सम्बोधन मे रामगढ शहर की यातायात व्यवस्था, जर-जर सडको, आपराधिक घटनाओ पर रोष व्यक्त करते हुए चेम्बर के प्रतिनिधिमंडल के साथ संबधित विभागो मे जाकर उक्त समस्याओ के समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया।पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने रामगढ जिला की समस्याओ पर जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की।पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल अधिवक्ता ने शहर मे सुबह शाम जाम की स्थिति एव रामगढ जिला मे बढ रही चोरी की घटनाओ के सम्बन्ध मे पुलिस अधीक्षक से पत्राचार करने का सुझाव दिया।पूर्व अध्यक्ष विमल बुधिया ने अध्यक्ष से उपरोक्त समस्याओ पर चेम्बर की ओर से उग्र प्रदर्शन करने की बात कही। रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा फेंडरेशन झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के वार्षिक चुनाव मे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव जीतने पर अमित साहु को सम्मानित किया गया और आशा व्यक्त की गई उनकी उपस्थिति से दोनो चेम्बरो मे समन्वय और मजबुत होगा।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सक्रिय सदस्य हरवंश श्रीवास्तव का हार्ट अटैक से निधन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सक्रिय सदस्य रहे हरवंश श्रीवास्तव का हर्ट अटैक की वजह से रांची स्थित मेडिका अस्पताल में निधन हो गया। स्वर्गीय हरवंश श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला कमेटी के सक्रिय सदस्य थे और सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की हरवंश श्रीवास्तव बहुत ही नेक दिल इंसान थे। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद किया करते थे। साथ ही समाज के लोगों को जब और जहां जरूरत होती थी वे मदद के लिए तत्पर रहते थे। श्री सिन्हा ने कहा की स्वर्गीय हरवंश श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला समिति से आरंभ से जुड़े हुए थे। कहा की वे सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। वहीं, उन्होंने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला में विस्तार में भी अहम योगदान दिया था। जिलाध्यक्ष ने कहा की हरवंश श्रीवास्तव के निधन से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नही है। कहा की दुख की इस घड़ी में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उनके परिजनों के साथ है। हम ईश्वर से कामना करते हैं कि वे हरवंश श्रीवास्तव को श्रीचरणों में स्थान दें। उनके निधन पर रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला महामंत्री मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद, दीपक कुमार सिन्हा, संजय कुमार लाला, सुजीत सिन्हा, रोहित कुमार वर्मा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, सुनील कुमार सिन्हा, डॉ शंभु प्रसाद, अनामिका श्रीवास्तव सहित समाज के कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।



## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने वनाधिकार पट्टा, रोजगार, मानदेय राशी, मुआवजा राशि, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## कोल इंडिया की बैठक में संयुक्त मोर्चा ने हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के युनायटेड कोल वर्कश युनियन कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की सोमवार को एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता संजय मिश्रा व संचालन अर्जुन सिंह ने किया। वहीं इस बैठक में बरका सयाल क्षेत्र के सभी श्रमिक प्रतिनिधियों ने अपनी बातों को रखा और कोयला उद्योग में पुर्व में प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। वहीं बताया गया कि कोल इंडिया प्रबंधन एवं केन्द्रीय संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों की दिल्ली में हुई वार्ता में कर्मचारियों का सितम्बर माह का वेतन नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट 11 के तहत जल्द करने के आश्वासन पर 12,13,14 अक्टूबर की हड़ताल को संयुक्त मोर्चा द्वारा स्थगित किया गया है। हमारे सभी जेबीसीसीआई नेताओं को बधाई है व माननीय उच्च न्यायलय को भी हार्दिक बधाई है। वहीं हमारे जेबीसीसीआई के नेताओं ने कोयला कामगारों को इतिहासिक बोनस पर फैसला किया।और यह जीत कुशल नेतृत्व एवं कोयला कामगारों की चट्टानी एकता कि देन है।वहीं बरका सयाल क्षेत्र के सभी कोयला कामगारों को इस जीत पर बधाई दिया गया। वहीं इस मौके पर विन्ध्याचल बेदिया, वासुदेव साव, संजय कुमार शर्मा,अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, विनोद साव,पप्पू सिंह, संजय वर्मा, ओम प्रकाश सिंह, महादेव मांझी, सुरेश प्रसाद, लालू महतो, आदि लोग मौजूद थे



## अपराधियों के दल ने सिरका परियोजना कार्यालय में धावा बोलकर दो होमगार्ड व दो बिजलीकर्मियो को बनाया बंधक, दहशत

**आंफिस के 18 कमरों का ताला टूटा, पेंशन कक्ष से सीपीओ, मेडीकल खाता गायब, प्रबंधन आंकलन में लगा, हो रही चर्चा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय में बीते रात्रि रविवार को अज्ञात 25 की संख्या में नकाबपोश पारंपरिक हथियारो से लैश अपराधियों के दल ने धावा बोला। बदमाशों ने कैश ऑफिस में तैनात होमगार्ड जवान प्रकाश बेदिया, होमगार्ड अखिलेश भारती, बिजली विभाग के मैकनिकल फिटर अनिल कुमार सिंह, बिजली मिस्त्री मनोज कुमार को गाली गलौज करते हुए कब्जे में कर बंधक बना लिया। इससे कामगारो में दहशत व्याप्त हैं। बताया गया कि सिरका आफिस के सीडीएस, केश ऑफिस, सुरक्षा कार्यालय, सिविल ऑफिस, सर्वे ऑफिस, सीएमपीएफ, पेंशन कक्ष, ईएंडएम कमरे, पुराना वर्कशॉप आदि कक्षो के कुल 18 दरवाजों का ताला तोड़ा गया। चर्चा है कि पेंशन ऑफिस से कंप्यूटर सीपीओ, मेडिकल खाता गायब हो गए हैं। इस दौरान सीसीएल गस्ती दल के द्वारा गमछे से हाथ पैर बांधकर बंधक बने सुरक्षा कर्मीयो के पास बार बार फोन किया जा रहा था, लेकिन जवाब सही नहीं लगने पर पेट्रोलिंग पार्टी सिरका ऑफिस आ पहुंची। तब तक बदमाशों का ग्रुप निकल चुंका था। दूसरे दिन रामगढ़ पुलिस सोमवार सुबह 7-30 बजे सिरका परियोजना कार्यालय जानकारी लेने पहुंची। वहीं प्रबंधन सिरका घटना के आंकलन व कारवाई में लगा हुआ हैं।

## हजारीबाग में रामभक्तों पर हुआ पथराव सुनियोजित साजिश : सिंधु झा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को धर्मसभा में हिस्सा लेकर अपने घर लौट रहे विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ताओं से भरी बस पर हजारीबाग के पेलावाल थानांतर्गत विशेष समुदायों द्वारा पत्थरबाजी किए जाने की घटना दुखद और क्षेत्र में अशांति फैलाने वाली है जिसका जिम्मेवार कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन भी रही है ।क्योंकि ये घटना पेलावल थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर हुई है जो पूरी तरह पुलिस की नाकामी दर्शाती है।उक्त बातें एक विज्ञप्ति जारी कर विश्व हिंदू परिषद की जिला सहसंयोजिक सह मानवाधिकार परिषद की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने कही।


**कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि-पत्र**

पी०आर० सं०–308253 Minor Irrigation(23-24):D के द्वारा प्रकाशित ई.–निविदा में निविदा का प्रसंग MID/KHUNTI/F$_2$-13/2023-2024 के बदले MID/KHUNTI/F$_2$-3/2023-2024 पढ़ा जाए।

अन्य शर्त्ते पूर्ववत्त रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR 308671 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार झारखण्ड खेल प्राधिकरण**

(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

sajha9@gmail.com

Notice No-41, Dated 07/10/2023

**शुद्धि–पत्र**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2023 (बुधवार) को प्रकाशित VERY SHORT TENDER NOTICE (PR No. 308124) के NIT No. 10/PR/SAJHA/2023 का BOQ खरीदने की तिथि अपरिहार्य कारणों से दिनांक 10.10.2023, सुबह 10:30 बजे तक के लिए विस्तार किया जाता है।

निविदा की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

ह०/–
उप निदेशक,
झारखण्ड खेल प्राधिकरण।

PR 308681 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)D



**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food and Consumer Affairs**
**JSFC Bhawan Kadru, Ranchi**

Letter No. - 1682 Dated- 09-10-2023

**Corrigendum Notice**

With reference to Gem Bid Number - GEM/2023/B/3998692 Dated : 22/09/2023 and PR NO.-307733 under Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Regarding "Selection Of Bidder For Supply Of Free flow white crystal sugar (As Per FSSAI Norms) For 2nd Quarter (July To September 23) of Financial Year 2023-24 by E-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction On Gem Platform", following clauses of the RFP has been amended and read as follows.

| Clause No. | As Amended |
|---|---|
| 6.1 | "The registered bidders need to submit EMD (margin money) as per bid details in the form of Demand Draft issued from any scheduled commercial bank in the name of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Randhi – 834002 only after but within 03 working days from last date of submission of bid documents". |
| Last date for submission of bid document | Last date for submission of bid document is 16/10/2023 at 06.:00 pm |

Sd/-
( Dilip Tirkey )
Director

PR.NO.308725 Directorate of Food and Consumer Affairs(23-24):D



**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय,लातेहार**

**खुदरा उत्पाद दुकानों से प्राप्त खाली कार्टूनों के निष्पादन हेतु अल्पकालीन निविदा का आमंत्रण**

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड उत्पाद (JSBCL के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022 की कंडिका 32(i) एवं विभागीय पत्रांक–1419 (अनु0) दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देशों के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत JSBCL के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों (बड़ा/छोटा) के निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संपादित की जायेगी:–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के **निष्पादन** हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक–10.10.2023 (कार्यालय अवधि में) |
| 02 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टूनों के **निष्पादन** हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | दिनांक–18.10.2023 के अप० 04:00 बजे तक |
| 03 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | दिनांक 19.10.2023 को प्रातः 11:30 बजे से |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्तें , आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तें, समर्पित किए जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबन्धित विस्तृत जानकारी हेतु अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार में संपर्क किया जा सकता है।

नोट:– उक्त निविदा अधीक्षक उत्पाद कार्यालय, लातेहार (स्थान–श्रम भवन, करकट, लातेहार) में खोली जायेगी।

अधीक्षक उत्पाद,
लातेहार

PR 308688 Excise(23-24).D

## काव्य कॉर्नर फाउंडेशन की काव्य गोष्ठी में कविताओं की बौछार ने लुभाया श्रोताओं को



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के अतिथि गृह में आयोजित काव्य गोष्ठी में देश के कई दिग्गज कवियों का जुटान हुआ। काव्य कॉर्नर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार राजपाल यादव गुरुग्राम हरियाणा ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामपाल यादव ने मां सरस्वती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुरुआत किया। जबकि सरस्वती वंदना डॉ. संगीता नाथ ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार और प्रसिद्ध गजलाकारा रीना यादव उपस्थित थी। इस काव्या गोष्ठी में साहित्यकारों ने बेहतरीन स्तुति पेश कर पूरे शाम को बेहतरीन बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामपाल यादव ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति पेश कर श्रोताओं की जमकर वाह वाही लूटी। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि रीना यादव ने अपनी गजलों से शमा बांधा। उसके बाद एक से बढ़कर एक कविता और गजलों की बौछार से पूरा शाम बेमिसाल रहा। कविता पेश करने वाले कवियों में रत्ना वर्मा %राज%, डॉ. कविता विकास, प्रमिला तिवारी, स्नेहा प्रभा पांडेय, शालिनी झा, संगीता श्रीवास्तव, निर्दोष जैन, अनिल अनलहातू, संदीप यादव, श्याम नारायण सिंह, प्रीति कर्ण, संजय सिंह %चंदन%, डॉ. सुधा मिश्रा, अनंत महेंद्र, उदयवीर सिंह, दिलीप सिंह तथा सुनील कुमार वर्मा सहित अन्य की प्रस्तुति उल्लेखनीय है।

## सावाना कंपनी के द्वारा दिया गया बेहतर फसल उपजाने की जानकारी



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड अंतर्गत हारोडीह में सावाना धान विजेता 100 खड़ी फसल का गुण और विशेषता के बारे मे जानकारी दी गई। वही इसका नेतृत्व ट्रेट्री मैनेजर बबलू वर्मा ने किया । श्री बबलू ने किसानो को बताया कि विजेता 100 धान तीन नंबर खेत के लिए बेहतर उपज देने वाली प्रजाति हे जिसकी लंबी गुच्छादार और वजनदार बड़ा बलिया होती है इस किसान घोस्टी मे प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।वही हरोडोह के किसान सावा मित्र रामलखन वर्मा का धान 10 बालियां मे 85 ग्राम वजन आया । उन्होंने किसानो को जागरूक करते हुए कहा कि अन्य धान की अपेक्षा यह धान अधिक उपज देती है । वही किसानो को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित शिव शक्ति बीज़ भंडार के प्रो प्रदीप कुमार वर्मा, गणपत महतो, द्वारिका महतो देवकी देवी इत्यादी सेंकड़ों किसान उपस्थित थे।

## टुंडी के कटनियां में करमाटांड बनाम लोयाबाद के सेमीफाइनल मैच में पहुंचे माना पाठक

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के कटानियां गांव स्थित बेलटांड खेल मैदान में जय मां काली क्लब द्वारा दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच का आयोजन किया गया जिसमें कर्माटांड़ बनाम लोयाबाद के बीच खेले गए मैच में कर्माटांड़ ने लोयाबाद को पांच चार से हराकर पुरस्कार अपने नाम करने में सफल रही।

# गिरिडीह बोड़ो में चल रहा था साइबर अपराधियों का मिनी कॉल सेंटर, पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार

## 16 मोबाईल फोन 25 सिम कार्ड बरामद



पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले के पचंबा थाना अंतर्गत बोडो में पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाई की है। पुलिस ने पचम्बा थाना के बोडो में संचालित मिनी कॉल सेण्टर का खुलासा किया । वही एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि बोडो के नवनिर्मित मकान बलदेव यादव के घर से मिनी कॉल सेंटर संचालित की गुप्त सूचना मिली थी। जहाँ साइबर अपराधियों द्वारा अवैध कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। इस क्रम में पुलिस ने 9 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 16 मोबाइल फोन, 25 सिमकार्ड, 04 एटीएम कार्ड, 6 बैंक पासबुक, 02 चेकबुक, 3 फोन पे का क्यूआर कोड और 2 बाइक जब्त किया गया है। बता दें की यह अपराधी बिजली बिल का कनेक्शन कटने और गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजना का लाभ दिलाने की बात कर ठगी करते थे। मिली जानकारी के अनुसार सभी साइबर अपराधी गर्भवती महिलाओं को फोन करते थे और मातृत्व लाभ राशि 6300 रुपये दिलाने और जिनका बिजली बिल बकाया रहता है, उन्हें फोन कर बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देने की बात कहकर ठगी करते थे।

## झरिया पुलिस ने दो अवैध लॉटरी धंधेबाजों को भेजा जेल



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया थाना पुलिस ने देर रात छापेमारी कर दो अवैध लॉटरी विक्रेताओं को धर दबोचा है। वही पकड़े गए धंधेबाजों से पुलिस पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि बाटामोड़ व चिल्ड्रेन पार्क के समीप दो अवैध लॉटरी धंधेबाजों को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर धर दबोचा।

पकड़े गए धंधेबाज की पहचान बाटा मोड़ के शिव शंकर प्रसाद और ऊपरकुल्हि के सलाउद्दीन शेख के रूप में हुई है। दोनों ही धंधेबाजों के पास से लगभग 150 प्रतिबंधित लॉटरी के टिकट और 11 हजार रुपए नगद पुलिस ने बरामद किया हैं। हालांकि इस छापेमारी से झरिया के बाजारों में चर्चाओं के बाजार गर्म है।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत पेशम से 50 विद्यार्थी रांची रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पेशम से चयनित 50 विद्यार्थी झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता खेलो झारखंड में भाग लेने के लिए रांची रवाना हुआ। इस दौरान मुखिया स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रम कुमार तर्वे, गादी मुखिया गुलावती देवी, दिनेश यादव, विद्यालय के शिक्षक समेत दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कोयला वेतन समझौता 11 को लेकर दायर याचिका पर जबलपुर हाइकोर्ट ने लगाया स्टे, कोलकर्मियों को बढ़े हुए वेतन का होगा भुगतान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** देशभर के कोल कर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। कोयला वेतन समझौता 11 के तहत अब कोयला कर्मियों को बढ़े हुए वेतन का भुगतान हो सकेगा। कोल इंडिया के अधिकारियों के द्वारा जबलपुर हाइकोर्ट में दायर की गई याचिका पर अगली सुनवाई 18 अक्तूबर को होगी। एक सप्ताह के लिए हाइकोर्ट ने मामले को लेकर स्टे लगा दिया है। कोल इंडिया में कार्यरत करीब ढाई लाख कोयला कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। कोयला कर्मचारियों में इसको लेकर खुशी की लहर है। मामले को लेकर जेबीसीसीआई सदस्य मनीष सिंह उर्फ सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि फिलहाल जबलपुर हाइकोर्ट ने कोल इंडिया द्वारा दायर याचिका पर स्टे लगा दिया है। अब मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। इसके साथ ही



कोल इंडिया के तमाम कोल कर्मियों को एनसीडब्ल्यूए 11 के तहत वेतन का भुगतान किया जाएगा। सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि कोल कर्मी काफी परेशान थे। उनके लिए यह काफी राहत भरी खबर है। कोल इंडिया के अधिकारियों ने जबलपुर हाईकोर्ट में दायर की है याचिका = बता दें कि कोयला वेतन समझौता 11 को लेकर कोल इंडिया के अधिकारियों के द्वारा जबलपुर हाइकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। अधिकारियों का कहना था कि कोयला वेतन समझौता 11 के बाद कोल कर्मियों का वेतन उससे अधिक है। कोयला कर्मचारियों का वेतन अधिकारियों से अधिक नहीं होना चाहिए। जिसके बाद से कोल इंडिया ने सितंबर माह का अक्टूबर महीने में मिलने वाले वेतन पर रोक लगा दिया था। वेतन भुगतान ना किए जाने पर कोल इंडिया का तर्क था कि मामला न्यायालय में चल रहा है। कोल कर्मियों के बढ़े हुए वेतन का भुगतान करने पर यह अदालत की अवमानना का मामला हो सकता है।

## धनबाद : नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, सैकड़ों अवैध दुकानों पर चला जेसीबी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर निगम दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर को साफ और अतिक्रमण मुक्त बनाने में जुट गया है। धनबाद आईआईटी आईएसएम गेट से लेकर हीरापुर तक धनबाद नगर निगम की टीम सुबह अतिक्रमण हटाने पहुंची जिसमें सैकड़ो दुकानदारों को पहले ही नगर निगम द्वारा नोटिस दिया गया था की अतिक्रमण को खुद हटा ले अन्यथा नगर निगम कार्रवाई करेगी। निगम के द्वारा कई अवैध दुकानों को तोड़ा गया। साथ ही सड़क के दूसरे साइड के दुकानदारों को 3 दिनो का समय दिया गया ताकि दुर्गा पूजा में शहर को साफ और अतिक्रमण मुक्त शहर को रखा जा सके। वहीं नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि नगर निगम लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। कई दुकानदारों को पहले ही नोटिस दिया गया था कि सड़क किनारे से अपनी दुकान हटा ले। आज जो दुकानदार अपनी दुकान सड़क के किनारे से नहीं हटाया उस पर कार्रवाई की गई। खासकर दुर्गा पूजा को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है ताकि शहर जाम मुक्त रह सके।

## धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी द्वारा मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के सरायढेला के वार्ड 23 अंतर्गत लोहारकुल्ही में सोमवार को धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव इशानी आचार्या की अध्यक्षता में मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिलाध्यक्ष सीता राणा ने मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी को लेकर दिशा निर्देश दिया ताकि कांग्रेस की विचारधारा जन जन तक पहुंचे। सीता राणा ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिला विरोधी है। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाला व्यक्ति भी संसद में प्रधानमंत्री के साथ बैठता है। नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम पर भाजपा ने महिलाओं को ठगने और गुमराह करने का काम किया है। भाजपा सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है। जिसे जनता आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। मौके पर इशानी आचार्या



ने कहा कि महिला कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। खास कर महिलाओं को जागरूक बनाने और भाजपा सरकार की नाकामी को बताते हुए कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना है। महिला कांग्रेस आगामी चुनाव में पुरे दम खम के साथ लड़ेगी और धनबाद में कांग्रेस का परचम लहराएगा।

## माल लदान में पूर्व मध्य रेल ने नया कीर्तिमान स्थापित किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** माल लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 08 अक्टूबर तक पिछ्ले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10.48 प्रतिषत की वृद्धि के साथ मात्र 191 दिनों में ही 100.293 मीलियन टन माल लदान का किया गया है । विदित हो कि पिछ्ले वित्तीय वर्ष के 08 अक्टूबर तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 90.779 मीलियन टन माल लदान किया गया था। यह पहली बार है जब पूर्व मध्य रेल ने किसी वित्तीय वर्ष में 200 दिनों के भीतर 100 मीलियन टन माल लदान का लक्ष्य हासिल किया है । इसके पूर्व यह उपलब्धि वर्ष 2021-22 में 234 दिन में जबकि 2022-23 में 212 दिनों में प्राप्त की गयी थी । जबकि इस बार 2023-24 में मात्र 191 दिन में ही 100 मिलियन टन माल लदान कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया है ।

## बेंगाबाद थाना के पुलिस की इंस्पेक्टर बनी ममता कुमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद सर्किल के नए पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी को बेंगाबाद थाना में अपना योगदान दे दिया है। बेंगाबाद थाना पहुंचने पर थाना प्रभारी विकास पासवान समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा की विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखना उनकी प्राथमिकता होगी। अपराधी तत्वों पर नकेल कसी जाएगी। मद्य निषेध कानून का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।क्षेत्र की जनता को शांतिपूर्ण माहौल देना और उनकी समस्याओं का निदान करना प्राथमिकता होगी।

## धनबाद : अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, मिनी कारखाना में बनाई जा रही थी नकली शराब

## करीब 15 लाख की अवैध शराब और सामान बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में चल रहे अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ उत्पाद विभाग की टीम ने किया है। जहां से भारी मात्रा में बनी नकली शराब के साथ स्प्रिंट और अन्य समाग्री भी बरामद की गई है। कंटेनर में रखे सैकड़ों लीटर निर्मित शराब को उत्पाद विभाग ने नष्ट किया है। शराब व बरामद अन्य सामानों की कीमत लाखों में बताई जा रही है।गुप्त सूचना के आधार पर बलियापुर थाना क्षेत्र के गुलुडीह में उत्पाद विभाग ने छापेमारी की। यहां एक वीरान बिल्डिंग में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान शराब निर्माण में लगे लोग मौके से भाग खड़े हुए। यहां से भारी मात्रा में नकली अवैध शराब बरामद की गयी। इसके साथ ही विभिन्न ब्रांड की खाली बोतल, रैपर बोतल सील की जाने वाले मशीनें बरामद की गई है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक ने बताया कि इस छापेमारी में करीब 15 लाख की अवैध शराब और सामान की बरामदगी हुई है। उन्होंने कहा कि माफिया उन ब्रांड की नकली शराब का निर्माण



करते थे, जिनकी मार्केट में बिक्री ज्यादा है। यहां बड़े पैमाने पर नकली शराब बनायी जा रही थी, बोतल में सीलबंद अवैध शराब को जब्त कर लिया गया है जबकि कंटेनर में रखे सैकड़ों लीटर शराब को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सूचना के अनुसार माफिया द्वारा ज्यादातर शराब को बिहार में खपाया जाता था। उत्पाद विभाग की टीम लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अवैध शराब की बिक्री में शामिल कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## तेतुलमारी कोलियरी में बिहार जनता खान मजदूर संघ का मिलन सह अभिनंदन समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** तेतुलमारी कोलियरी में सोमवार को बिहार जनता खान मज़दूर संघ का मिलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संघ के महामंत्री सह कांग्रेस नेता रणविजय सिंह ने कहा कि मजदूरों के मेहनत के बदौलत ही आज पूरा कोल इंडिया मुनाफे पर है। एक तरफ कोल इंडिया मुनाफे पर चल रही है वहीं दूसरी ओर मजदूरों का शोषण बदस्तूर जारी है।

तेतुलमारी कोलियरी के मजदूरों के हर सुख दुख में संघ हमेशा खड़ा रहेगा। मजदूरों के शोषण के खिलाफ हमेशा संघ मुखर रही है और आगे भी मुखर रहेगी।

मजदूरों ने संघ के महामंत्री रणविजय सिंह को 101 किलो का माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मजदूर नेता छोटू सिंह, रमेश सिंह, रवि सिंह, महेश कुमार, पवन प्रसाद, पंचू सिंह, महेश सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर पाठक ने की। जबकि संचालन सुदर्शन चौहान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्येंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

## राज्यस्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता में अनुष्का गुप्ता ने जीता पदक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** साइनाथ यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में 7 ओर 8 अक्टूबर को हुए चतुर्थ राजस्तरीय योगासन स्पोर्ट प्रतियोगिता में गिरिडीह की अनुष्का गुप्ता कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही। महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी 6 अक्टूबर को जमशेदपुर गए हुए थे। जिसमे 9 से 14 आयु वर्ग के बालिका वर्ग में खेते हुए श्री गुरुनानक विद्यालय की अनुष्का गुप्ता ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्सन दिया और अपने नाम कांस्य पदक करने में कामयाब रही। जिससे गिरिडीह के सभी योगासना के खिलाड़ियो में खुसी की लगर है और सभी ने उसे अपनी शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि अनुष्का के पदक जीतने से अब वो




आगामी राष्ट्रीय योगासना प्रतियोगिता के संभावित खिलाड़ियो की सूची में शामिल हो गई है और उमीद है कि उसका नाम झारखंड टीम में आ जाये और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड टीम की ओर से खेलने का अवसर मिले। वहीं श्री गुरुनानक नानक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सपना कुमार ने बताया कि गिरिडीह जिला टीम में विद्यालय के तीन खिलाड़ियो का चयन हुआ था जिसमें से कक्षा 7 की अनुष्का शर्मा पदक जीतने में कामयाब हुई जिससे पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है और उन्होंने इसका सारा श्रेय अनुष्का के साथ साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अमित स्वर्णकार को दिया क्योंकि ये सभी बच्चे उनके ही देख रेख में प्रशिक्षण ले रहे थे। वही विद्यालय के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सलूजा और सचिव कुँवर्जित सिंह दुआ ने उसे अपनी सुभकामना दी और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। गिरिडीह योगासन संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा ,सचिव अनीता ओझा ,कोषाध्यक्ष अमित स्वर्णकार ,सदस्य दयानद जैसवाल एवं अन्य सभी पदाधिकारीयो ने विजेता खिलाड़ी अनुष्का गुप्ता एंग अन्य सभी खिलाड़ी जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था उन सब को अपनी सुभकामना दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोहरदगा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता,एवं लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत की उपस्थिति में कि गई। जिसमे वर्तमान समय में संगठन की जायजा एवं समीक्षा की गई। जिसमे मुख्य तौर पर अग्रणी संगठन,प्रकोष्ठो के पदाधिकारियों की भौतिक सत्यापन भी किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष,एनएसयूआई,सेवा दल,युवा कांग्रेस,महिला कांग्रेस,अल्पशंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ,एसटी प्रकोष्ठ,एससी प्रकोष्ठ,के अध्यक्ष गण अपनी पूरी कमिटी के साथ उपस्थित थे,एवं बैठक में संगठन को क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई। और आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष निर्देश दिया गया और राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय निर्देशन को समयानुसार पूर्ण करने को कहा गया। लोक सभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में मजबूती के साथ लग जाए एवं राहुल गांधी जी की हाथो को मजबूत करें। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं इनके दम पर ही हम चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अच्छे ढंग से कार्य कर रहे हैं आगे भी और समर्पित एवं गतिशील रूप से कार्य करें ताकि गरीब, मजदूर,दबे कुचले आम लोगों की आवाज हमारे नेता राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत किया जा सके और आने वाले चुनाव में पूरे देश में कांग्रेस का परचम लहराया जा सके। जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि संगठन में सभी का बहुत ही महत्व है एक-एक कार्यकर्ता अग्रणी संगठन पंचायत,वार्ड,बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का हम सभी का दायित्व है इसलिए एकजुट होकर वर्तमान समय में देश में चल रहे गरीबी, बेरोजगारी, महिला असुरक्षा,पिछड़े आदिवासी वर्गों के साथ भेदभाव एवं हिंसा के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार हो जाए। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सकील अहमद,जिला उपाध्यक्ष रीना कुमारी,रउफ अंसारी,निशित जयसवाल, मोहन दुबे,पंचम राम,प्रदेश सचिव जगदीप भगत, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद,जिला महा सचिव सलीम अंसारी,शाहिद अहमद, सत्यजीत सिंह, सनियारो उरांव,दीपक महतो, पवन गौतम,ठाकुर प्रसाद,प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यदेव भगत,जुगल भगत,विनोद सिंह खेरवार,युनूस अंसारी,अनिल उरांव,अनिस अहमद,महिला जिला अध्यक्ष सीमा परवीन, यूथअध्यक्ष विशाल डुंगडुंग,एनएसयूआई अध्यक्ष विनय उरांव,सेवा दल अध्यक्ष संभू प्रजापति,अल्पशंख्यक अध्यक्ष मुज़म्मिल अंसारी,ओबीसी अध्यक्ष जयनाथ साहू,डोमना उरांव,संजय नायक,परीखा मुंडा,सुनीता कच्छप,महावीर उरांव,मुकेश यादव,महेंद्र भगत, अर्जुन उरांव,आशीष भगत,कमरू जमा, किशोर साहू,दीपक ठाकुर,सोहराब अंसारी, कबीर अंसारी,रुस्तम अंसारी,प्रकाश उरांव, आदि सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत स्तर पर मिले ग्रामीणों को राजस्व कार्यों के निष्पादन की सुविधा : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोहरदगा आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने आज अंचल अधिकारी कुडु श्री प्रवीण कुमार सिंह से मिल कर वार्ता किया। इस भेंटवार्ता में उन्होंने आम जन मानस की राजस्व सम्बंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कुछ माँग की ओर अंचल अधिकारी महोदय का ध्यान आकृष्ट किया। प्रत्येक सप्ताह में एक दिन का निर्धारण हो जिस दिन राजस्व उपनिरीक्षक और अंचल निरीक्षक पंचायत स्तर पर जाकर लोगों के राजस्व संबंधी समस्याओं का निस्तारण करें। लोगों की बहुत सारी छोटी छोटी समस्या होती है जिसका त्वरित निस्तारण किया जा सकता है, परन्तु लोग कार्यालय का चक्कर लगा लगाकर परेशान रहते हैं। इस प्रकार से जनता और कार्यालय दोनों को असुविधा होती है, यदि पंचायत स्तर पर एक दिवस का निर्धारण करके इनका निस्तारण कर दिया जाए तो लोगों को सुविधा भी मिलेगी और कार्यालय को भी कम परेशानी होगी। ग्राम स्तर पर जो राजस्व उपनिरिक्षक आवास बनाये गए हैं वहाँ संबंधित कर्मियों का रहना सुनिश्चित किया जाय, ताकि कार्यों का निष्पादन सुचारु रूप से हो। उनके इन माँगो पर अंचल अधिकारी कुडु प्रवीण कुमार सिंह जी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि इन माँगो के अनुरूप कार्य करने का प्रावधान है और हो भी रहा है,परन्तु जो भी कमियाँ रह गई हैं,उन्हें यथाशीघ्र समाप्त करके जनता को अधिकतम सुविधा प्रदान की जायेगी।

### दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का हुआ शुभारंभ

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोहरदगा मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से मुंद्रिका बैंक्वेट में दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती के डॉ कुमुद अग्रवाल,मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा,मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष दीपक सराफ,निवर्तमान सचिव अनुराग पोद्दार,शैलेष पोद्दार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया,डॉ कुमुद अग्रवाल ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मंच सदैव सभी वर्ग की, पूरी निष्ठा से सेवा करती रही है,अंग प्रत्यारोपण कर लोगों को स्वालंबी बनाना बड़ी बात है। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांगजनो का स्वागत किया और कहा कि शिविर में खूंटी,गुमला,नेतरहाट,पालकोट, डाल्टनगंज सहित दूर दूर से भी लाभार्थी आए हैं। प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी दी कि आज 55 लोगों को सुनने की मशीन दी गई,10 लोगों बैसाखी उपलब्ध कराई गई बाकी बचे लोगों को कल मशीन दी जाएगी और जिनके हाथ पैर नहीं उनकी मापी ले ली गई है उन्हें भी कल कृत्रिम हाथ पैर दिए जायेंगे और जल्दी ही नेत्र रोग की उपचार की भी व्यवस्था की जाएगी जिसमें लोगों को जांच उपरांत निशुल्क चश्मा दिया जाएगा। वहीं सम्मेलन जिला अध्यक्ष दीपक सराफ ने मंच के प्रयास को सराहा।मंच संचालन शुभम शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सचिव आशीष पोद्दार, अनुराग पोद्दार,प्रतीक पोद्दार,कन्हैया राजगढ़िया, निखिल बर्मन,चिंटू तमेड़ा,मिथलेश कुमार,शशांक बर्मन,निलेश गुप्ता,सुनील मेहता, ममता बंका,शकुंतला राजगढ़िया,अनिता पोद्दार,अंजली सर्राफ,निकुंज साहू,राजन मेहता,महावीर विकलांग सहायता समिति के डॉ एच के साहू, रामकुमार महतो,संजय कुमार, कर्मा महतो,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद में दोनो पक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोहरदगा थाना क्षेत्र के उगरा में हुई जमीन विवाद में दोनो पक्षों की ओर से सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनो पक्ष के विरुद्ध पुलिस द्वारा करवाई आरम्भ किया गया। बताता जाता है कि उगरा आम बगीचा के पास खेत जोताई को लेकर दो पक्षों के बीच मार पीट का मामला प्रकाश में आते ही सेन्हा थाना में दोनो पक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। बताया जाता है कि दोनों ओर से आधा दर्जन लोग घायल हुए है। उगरा निवासी गोवर्धन सिंह के पूत्र मतिश्वर सिंह ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर कहा है की मेरे खेत में जोताई करने पर हम मना करने गये तो गांव के ही ब्रजेश कुमार सिंह,धनजय सिंह,गोविंद सिंह,मुरारी सिंह,प्रभाकर सिंह,ओमकार सिंह, वैभव सिंह,पृथ्वी सिंह ने लाठी तलवार से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके आलोक में सेन्हा थाना में 128/23 दर्ज कर धारा 147,148,149,323,341,324,307,506 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कारवाई में सेन्हा थाना पुलिस जुट गई है। वहीं उगरा बखरी टोली निवासी स्व जीतन प्रसाद सिंह के पूत्र धनजय सिंह ने आवेदन में कहा है की मेरा मिथलेश सिंह,करण सिंह,मतिश्वर सिंह,विकास सिंह,अर्जुन सिंह,पवन सिंह,सिकंदर सिंह के द्वारा जोताई किया जा रहा था जिसे खेत जोताई के लिए मना करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया। जिसके अलोक में सेन्हा थाना कांड संख्यव 129/23 के तहत मामला दर्ज कर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## प्रखंड से संचालित सभी पुर्ण योजनाओं का शीघ्र बन्द करें अभिलेख : पवन कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो** : लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में 09 अक्टूबर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकरी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड में संचालित विकास योजना को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मनरेगा के तहत सभी 6 पंचायत के 26 गांव में संचालित कार्य का मास्टर रूल,पोटो हो खेल मैदान,निरस्त किये गए ट्रांजेक्शन



को पुनः सुधार करने,पुराने कार्य टीसीबी,फील्ड बंड, डोभा आदि पूर्ण हुई कार्य योजना का अभिलेख बंद करने,दीदी बाड़ी के तहत नए लाभुको का चयन एवं पूर्ण हुई दीदी बड़ी कार्य का अभिलेख बंद करने का निर्देश सभी मनरेगा कर्मियों को दिया गया। वंही बागवानी के तहत लगे पौधे का घेरान,मृत पौधे के स्थान पर नया पौधा लगाने सहित कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर मुखिया सुमन उरांव,अरबिंद उरांव,चन्द्रमनी उरांव,बीरेंद्र महली,बीपीओ रघुनाथ मुंडा,प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार अमन शिखर,आनंद सिंह,प्रदीप कुमार,दुर्गा बच्चन,राजू कुमार,नन्दा भगत,राजमणी मिंज,प्रवेज अख्तर,मंसूर आलम आदि उपस्थित थे।

## टीबी से मुक्त प्रखंड बनाने के लिये कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा** : लोहरदगा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चौपड़ा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त गाँव पंचायत और प्रखंड बनाने को लेकर मुखिया ग्रामीण,वार्ड सदस्य एवं मुखियाओं के साथ उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप वर्ष



2024 तक टीबी राज्य के सभी गाँव,पंचायत एवं प्रखंड की टीबी मुक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। साथ ही कहा कि इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों,सहियाओं और ग्रामीणों को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में आये सभी मुखिया,वार्ड सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में संभावित टीबी मरीजों को चिन्हित कर बलगम जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर भेजना सुनिश्चित करें।

## डीएवी की छात्रा आकृति पंकज ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में अपना लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : लोहरदगा के अवंतिका टाउन हॉल में 4 अक्टूबर को शहीद अजय कुमार की शहादत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड में नक्सलवाद पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद अजय कुमार के पिता, वर्तमान एस पी,एस डी ओ तथा जिले के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 6 विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभागी बने जिसमें डीएवी लोहरदगा की छात्रा आकृति पंकज ने अपना प्रभावी भाषण देते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया तथा कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा ट्रॉफी व पारितोषिक पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्रा आकृति पंकज प्रारंभ से ही न केवल अकादमिक परीक्षाओं में भी अच्छा प्रदर्शन देती रही बल्कि विविध पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी अपनी सहभागिता देती रही है।

## किस्को प्रखण्ड का चयन होना गौरव की बात है : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं,सबका विकास) के तहत आज संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन का आयोजन आज किस्को प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि देश के 500 आकांक्षी प्रखण्डों में लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड का चयन किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया गया था जिसमें सात दिनों के चयनित आकांक्षी प्रखण्ड में संकल्प सप्ताह के तहत संबंधित विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। आनेवाले समय में आकांक्षी प्रखण्ड में किये जानेवाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। सात दिनों तक आयोजित इन कार्यक्रमों में लोगों के बीच खासा उत्साह देखा गया। किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार आदि क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण होते हैं। आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत निर्धारित विभिन्न इंडीकेटर्स के क्षेत्र में बेहतर-से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। आशा है कि प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों तथा जंनसहभागीदरी द्वारा इस दिशा में पूरा सहयोग मिलेगा और आगे की राह आसान होगी। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दें। आईए हम सब मिलकर संकल्प लें कि देश के आकांक्षी प्रखण्डों में शामिल किस्को प्रखण्ड को देश के शीर्ष 500 प्रखण्ड में लें सबसे ऊंचे पायदान पर ले जाएं। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि भले ही आकांक्षी कार्यक्रम में निर्धारित इंडीकेटर्स में हमारा आकांक्षी प्रखण्ड पिछड़ा हुआ है लेकिन हम सभी को मिलकर अपने प्रयासों से उपर ले जाना है।

## विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने के लिए परीक्षा उत्सव आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा** : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय,लोहरदगा में कक्षा 11वीं की प्रथम त्रैमासिक और कक्षा 12वीं की द्वितीय त्रैमासिक परीक्षा आज से आरंभ हुई। प्रथम दिन सभी परीक्षार्थी छात्र-छात्राओं का स्वागत शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर और टॉफी देकर किया गया। इसके लिए विशेष स्वागत द्वार सजाया गया और वहां से प्रवेश लेते हुए सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू ने इसका शुभारंभ




किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर आनंदपूर्वक पूरे उत्साह से परीक्षा लिखे इसके लिए इस प्रकार की प्रेरक व्यवस्था बनाई गई। परीक्षार्थी पूरी परीक्षा पद्धति और उसके नियम एवं निर्देशों का पालन करना सीखें इसके लिए विशेष हेल्प डेस्क भी बनाया गया। जैक द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही परीक्षा ली जा रही है। कक्षा 12वीं की परीक्षा प्रथम पाली में ऑब्जेक्टिव ओएमआर शीट पर और सब्जेक्टिव की परीक्षा दोनों प्रकार से अलग-अलग घंटी में ली जा रही है जबकि कक्षा 11वीं की परीक्षा द्वितीय पाली में सिर्फ ऑब्जेक्टिव की परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जा रही है।

## जेएमएम के 33 कार्यकर्ताओं ने थामा बीजेपी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा** : लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के 33 जे एम एम कार्यकर्ताओं ने बाबूराम उराँव के नेतृत्व में रविवार को रैली के दौरान घाघरा में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष बीजेपी में शामिल हो गये। वही प्रखंड क्षेत्र के जेएमएम कार्यकर्ताओं ने पार्टी के विरुद्ध नाराजगी जताते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में जे एम एम कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर काफी परेशान थे और वर्तमान विधायक



की चुपी से पार्टी के विरुद्ध नाराजगी था वही कार्यकर्ताओं ने बताया कि बिशुनपुर विधानसभा के विधायक चमरा लिंडा द्वारा चुनाव जितने के पश्चात क्षेत्र के विकास कार्य में सहभागिता नगण्य देखा जा रहा था और पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान में ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा था।वही बाबूराम उराँव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सिद्धांत से प्रभावित हो कर सभी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गये और आगामी विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार को जिताने का कार्य करेंगे।

## संविधान बचाओ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा** : संविधान बचाओ अभियान-सिमडेगा (सिमडेगा नगर परिषद के सामने) में आदिवासी जागरुकता मंच सिमडेगा,जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच सिमडेगा,गोंडवाना कल्याण एवं विकास मंच सिमड़ेगा,मूल निवासी संघ सिमडेगा, आदिवासी छात्र संघ सिमड़ेगा के सहयोग में संविधान बचाओ अभियान धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजित जनसभा में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के संस्थापक प्रो0 संजय बसु मल्लिक जी ने कहा कि अभी वर्तमान में जो सीएनटी एक्ट का मामला है और पेसा कानून का मामला है इस पर बार-बार संशोधन करना, जैसे पेसा कानून 1996 भूरिया नीति उसके सारा अधिकार को हटा दिया गया। ग्राम सभा का बहुत सारा राइट को हटा दिया गया वन अधिकार कानून 2006 का मामला हो। अभी का जो वन संरक्षण संशोधित



अधिनियम 2023 में ग्राम सभा को वहां से हटा दिया गया, पेसा कानून में भी ग्राम सभा के कुछ-कुछ अधिकार को हटा दिया गया।अभी तक उस कानून को इंप्लीमेंट करने का काम कर रहा है,जो कानून बना है अभी बोल रहा है पूरा जंगल को आप अधिकार में नहीं डाल सकते। जबकि जंगलों का संरक्षण,संवर्धन,प्रबंधन करने का अधिकार ग्राम सभा को है। यह सारे जो अधिकार ग्राम सभा के हैं खत्म करने में लगा हुआ है लेकिन ग्राम सभा के लोग एकजुट हो रहे हैं और गांव स्तर पर जितने भी जन संगठन है सब एग्जिट हो रहे हैं और उसके खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर आदिवासी जागरूकता मंच सह झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के अनूप लकड़ा ने कहा कि भारतीय संविधान पूरा विश्व में सर्वश्रेष्ठ है इस संविधान के तहत छोटे से छोटे तबके के लोगों का भी ख्याल रखा गया है विशेष कर आदिवासी,दलित,पिछड़ा वर्ग,अल्पसंख्यक समुदाय के दबे कुचले सभी के लिए यहां बराबरी का हक देने के लिए प्रावधान किया गया है और लोगों के जगह जमीन की सुरक्षा का भी इसमें ख्याल रखा गया है इसीलिए भारतीय संविधान सर्वश्रेष्ठ है।लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि वर्तमान समय में इस संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही इस संविधान के प्रावधानों को तोड़ा मरोड़ा जा रहा है और लोगों के उनके हक अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है इसीलिए संविधान की रक्षा करना प्रत्येक भारत के नागरिक का प्रथम कर्तव्य बनता है और उसी के तहत आज सिमडेगा जिला में भी इस कार्यक्रम का आगाज किए हैं और आने वाले समय में भी इसकी रक्षा के लिए हम लोग लड़ेंगे आंदोलन करेंगे और इस आंदोलन को गांव-गांव तक प्रत्येक जन तक इसकी आवाज को पहुंचाने का प्रयास करेंगे।कार्यक्रम की संचालन खुशीराम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अजित कंडुलना ने किया।स्वागत भाषण सुबरदानी लुगून ने दिया। इस कार्यक्रम में राजेश कुमार महतो,सुरेश नायक, अनुज बेसरा, लेवनार्ड टोप्पो, अजय एक्का,समर्पण सुरिन, रोशन डुंगडुंग, इसीदोर केरकेट्टा,अमृत डांग आदि लोगों ने संबोधित किया।इस कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति रही।

## बाल विवाह रोक थाम के लिये प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा** : लोहरदगा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह,बाल दूरव्यपार,बाल यौन शोषण के विषय पर जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वही मौके पर संस्थान के जिला समन्वयक धीरेन्द्र कुमार के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया? की लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयास से लोहरदगा जिले के सभी प्रखंड के 150 परोक्ष रूप से एवं 216 गांव में अपरोक्ष रूप से परियोजना का संचालन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से विश्व भर के आंकड़ों का उदाहरण देते हुए बाल विवाह एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए कहा की ऐसी घटनाओं से बालकों के अधीकार का हनन तो होता ही है साथ ही उनका मासूम बचपन और सम्पूर्ण जीवन नष्ट हो जाता है?। मानव समाज में इस प्रकार का अपराध होना मानव जाती के लिए शर्म की बात है। इस प्रकार के अपराधों को खत्म करने के लिए मानव में जागृति,जिम्मेदारी और भागीदारी की आवश्यकता है। वही संस्थान के वरिष्ठ सदस्य कुन्ती साहु द्वारा बाल दूरव्यपार,बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि अपराध कैसे होता है,इन अपराधों का पीडिता पर क्या दुष्प्रभाव होता है, इन अपराधों से कैसे निपटा जा सकता है,ऐसे अपराध की शिकायत ग्राम स्तर से जिला स्तर तक किसे करनी चाहिए,इस प्रकार के अपराध में क्या सजा होती है,इसके बारे विस्तृत जानकारी दिया गया।

## वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ फाइनल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटाँगर** : ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में आयोजित विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के तत्वधान में कांग्रेस पार्टी वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक-बालिका का फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच का समापन किया गया। फाइनल मैच में मुख?य अतिथि के रुप में माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम एव रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज 15सूत्री जिला सदस्य जमीर अहमद, कांग्रेस जिला सचिव फ्रांसिस बिलुंग,जमीर हसन,उपस्थित हुए। प्रतियोगिता का फाईनल मैच बालिका वर्ग में दुमकी पंचायत बनाम टुकुपानी पंचायत के बीच एवं बालक वर्ग से केरेया पंचायत बनाम मेरोमडेगा पंचायत के बीच खेला गया। बालिका वर्ग में



दुमकी 1-0 से व बालक वर्ग में केरेया 1-0 की टीम विजेता हुआ। विजेता एवं उपविजेता को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित पुरस्कार दिया गया। जिला विधायक प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में कहा कि फुटबॉल का खेल खेलना एक अच्छा शारीरिक व्यायाम है। यह बच्चों और युवाओं को अन्य आयु वर्ग के लोगों सहित कई अन्य लाभ प्रदान करता है। यह आम तौर पर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों के स्वास्थ्य लाभ के लिए खेला जाता है। यह छात्र के कौशल, एकाग्रता स्तर और मेमोरी पावर को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह एक ऐसा खेल है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ और स्वस्थ बनाता है। यह मनोरंजन का एक बड़ा स्रोत है जो मन और शरीर को तरोताजा करता है। यह एक व्यक्ति को दैनिक जीवन की सभी सामान्य समस्याओं से निपटने में मदद करता है। हमारे माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी का शुरू से ही सोच रहा है कि अपने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल का प्रति रुचि रहे इसी को देखते हुए प्रखंड के सभी पंचायत के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियो को हमारे माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा जर्सी और फुटबॉल भी दिया गया ताकि क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलने के लिए सुविधा मिल सके।

## भाजपा का मेरी माटी मेरा देश के साथ हुआ कलश एकत्रीकरण कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा** : भारतीय जनता पार्टी बानो प्रखंड के नगर भवन में मंडल अध्यक्ष कामेश्वर साहू की अध्क्षता में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त अमृत कलश एकत्रीकरण कार्यक्रम के साथ जिला भर में चल रहे बूथ शशक्तिकरण सत्यापन हेतु मंडल पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत सयोंजक की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से तोरपा विधायक कोचे मुंडा जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की मंडल स्तर के पदाधिकारी संगठन को बूथस्तर तक मजबूत करें कार्यकर्ता अभी से ही मिशन 2024 की तैयारी में लग जाएं आने वाला समय निश्चत रूप से भारतीय जनता पार्टी का होगा केंद्र के साथ राज्य में भी भाजपा की सरकार होगी मेरा माटी मेरा देश के मुख्य अतिथि पूर्व



जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा कि पूरे देश मे एक मात्र भाजपा ही माटी की पार्टी है आज पूरे देश भर में शहीदों के सम्मान में मिट्टी संग्रह किया गया है और आज प्रखंड के विभिन्न गांवों से संग्रह की गई मिट्टी को प्रखंड स्तर पर एकत्रीकरण करने के बाद यह अमृत कलश प्रखंड से जिला होते हुए प्रदेश से दिल्ली जाएगी जहाँ देश भर से अमृत कलश पर लाई गई मिट्टी को दिल्ली कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाले अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी इस अवशर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश भर से आए हुए स्वयंसेवको को संबोधित करेंगें इस कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के प्रत्येक प्रखण्डों से दो स्वयंसेवक दिल्ली जाएंगे जिला मंत्री तुलसी साहू एवं मंडल प्रवासी नरेंद्र बड़ाईक ने भी अपने संगठन की मजबूती के लिए अपने विचारों को रखा अमृत कलश एकत्रीकरण का कार्यक्रम ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर में विद्धिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ विभिन्न पंचायत से मिट्टी कलश लाए ।

## चलते चलते एक नजर

### तलवारबाजी के जय कुमार को 37वें राष्ट्रीय खेल में मिला आमंत्रण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को झारखंड तलवारबाजी संघ के महासचिव जय कुमार सिन्हा को 37वें राष्ट्रीय खेल में जूरी ऑफ अपील के रूप में आमंत्रित किया गया है। जय कुमार के इस उपलब्धि पर झारखंड तलवारबाजी संघ के संयुक्त सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि उनके खेल के प्रति समर्पण, खेल के विकाश, बेहतरीन प्रशासकीय क्षमता के कारण ही उन्हें तकनीकियों के श्रेष्ठ पद पर योगदान देने के लिए भारतीय तलवारबाजी महासंघ ने इस पद पर नियुक्त किया है।

### ग्रामीण विकास मंत्री ने जनसुनवाई में लोगों की सुनी समस्याएं

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही इसके निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मंत्री आलम सोमवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित जन-सुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे। मंत्री ने लोगों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया। जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गुमला, गिरिडीह बोकारो, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रांसफार्मर लगाने, नाली निर्माण, रोड निर्माण, विधवा महिलाओं को भीम राव अंबेडकर आवास आवंटन करने, पारिवारिक फैसले के संबंध में घर एवं जमीन, छात्रावास निर्माण, जल मीनार मरम्मत करने आदि मांग रही। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

### रिसालदार बाबा की मजार पर आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने की चादरपोशी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने सोमवार को उर्स के मौके पर डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की मजार पर चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने राज्य में अमन चैन की दुआ मांगी। साथ ही मजार के विकास में कमेटी को हरसंभव मदद देने की बात कही। मौके पर मजार कमेटी के सदस्यों ने आजसू सुप्रीमो और उनके साथ आयी पूरी टीम का मजार परिसर में फूलों की माला और पगड़ी बांध कर स्वागत किया।



## गांधी उद्यान में जैरी लैंड का हुआ उद्घाटन, जुटे कई दिग्गज

# गरीब बच्चों को भी दें अवसर : नगर आयुक्त

### सबों के सहयोग से बढ़ रहा निगम : प्रथम महापौर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गांधी उद्यान में जैरी लैंड का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि आनंद एवं प्रथम महापौर अरुना शंकर द्वारा रविवार की शाम किया गया।इस अवसर पर काफी संख्या में शहर के गण्यमान्य महिला पुरुष उपस्थित थे द्य नगर आयुक्त श्री रवि आनंद ने उद्घाटन करते हुए कहा यह गेम जोन बच्चों को अपनी और आकर्षित करेगा। लेकिन गरीब बच्चों के लिए सप्ताह में एक दिन 3 घंटे का अवसर निशुल्क दें। ताकि वे बच्चे भी इस नए-नए गेम्स का लुफ्त उठा सके। उन्होंने कहां निगम ने कई और भी योजनाएं बना रखी हैं, जो निगम क्षेत्र के तस्वीर को बदलेगा। प्रथम महापौर ने कहा हमारा शहर बदल रहा है। गांधी मैदान जहां कचरे का ढेर लगा रहता था। अगल-बगल के घर वाले खिड़कियां बंद रखते थे। ताकि दुर्गंध ना आए वही आज उद्यान के तरफ की खिड़कियां खोली जा रही है। लोग स्वास् क्रिया एवं योग क्रिया कर रहे बड़े,बुजुर्ग,माताएं,बहने मैदान में घूमते एवं योग करते नजर आते। बच्चे खेलते नजर आते और अब उसी कड़ी में बच्चों एवं युवाओं के लिए कई नई-नई तरह के गेम्स लगवाई गई है। जिसे सभी लोगों ने सराहा है। अब चुनौती रखरखाव की है जो आप सबों के बिना अधूरा है। प्रथम महापौर ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर मरीन ड्राइव के ग्रिल,महात्मा गांधी मार्ग के लाइट तुड़वाने में लगे हैं। मैं उनसे कहना चाहूंगी आप भी एक मार्ग को सजवाएं। समाज आपकी भी तारीफ करेगा। गांधी उद्यान में खुले जैरी लैंड का विशेष आकर्षण का केंद्र 7डी थिएटर,भूत बंगला,बंपर कार, बुल फाइट एवं टॉय ट्रेन है जो बच्चों को एक नया मनोरंजन दे रहा है। इस अवसर पर लायंस फेमिना,पलामू चैंबर लेडीज विंग,रोटरी क्लब एवं शहर के काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### कुलपति से मिला झारखंड छात्र जद(यू)

**रांची।** झारखंड छात्र जद(यू), रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। कुलपति ने सभी रांची विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत कॉलेजो में संवैधानिक तरीके से काम करने की अनुमति भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमें फक्र होती है जब कोई संगठन छात्रों की समस्या को लेकर हमारे पास आती है जिनके लिए हम बैठे हुए हैं। झारखण्ड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष असीफ इकबाल ने कहा ये संगठन अन्य दूसरे संगठनो से हटकर संवैधानिक तरीके से काम करना पसंद करती हैं। हमारा मकसद सिर्फ हल्ला गुल्ला करके उच्च अधिकारियों को धमकाना नहीं बल्कि अनुशासित तरीके से छात्रों सह निम्नस्तर कर्मचारी के कल्याण के लिए काम करना है।

## पूजा पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को दिया जा रहा अंतिम रूप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के ओरमांझी स्थित लाल बहादुर शास्त्री क्लब दुर्गा पूजा समिति दड़दाग में काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पंडाल के निर्माण के लिए बंगाल के कारीगर जोर-जोर से लगे हुए हैं। लगभग 40 फीट ऊंचा और 60 फीट चौड़ा पंडाल बनाया जा रहा है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट की होगी। पंडाल के आसपास आकर्षक लाइटिंग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पूजा के अलावा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 40-40 फीट के रावण और मेघनाथ का पुतला बनाया जाएगा। रावण और मेघनाथ के पुतले का निर्माण स्थानीय कारीगरों के जरिये किया जा रहा है। रावण को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मेघनाथ को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू दहन करेंगे।

## राजस्थान-तेलंगाना चुनाव के लिए ओवैसी ने भरी हुंकार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने चुनावी जीत की हुंकार भरी है. उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है.ओवैसी ने कहा कि राजस्थान में 23 नवंबर को चुनाव होने हैं. हमने राजस्थान में 3 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है और हम जल्द ही तेलंगाना में भी ऐसा ही करने वाले हैं. हमारी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि तेलंगाना के लोग हमारे प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव की भावना के अनुरूप शांतिपूर्ण चुनाव करवा जाएं. हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं. इस बार एआईएमआईएम राजस्थान के रण में भी कूद गई है.

**हमें उम्मीद है केसीआर फिर बनेंगे सीएम : ओवैसी**

एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि लोगों को आरएसएस और बीजेपी से सावधान रहने की जरूरत है. हम इस बार चुनाव में अल्पसंख्यकों और दलितों को राजनीतिक नेतृत्व देने का मुद्दा उठाएंगे. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के लोग चुनाव के लिए लगे हुए हैं. जिस विधानसभा सीट से हमारे प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे, वहां से उन्हें जीत मिलेगी. उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री केसीआर एक बार फिर से तेलंगाना के सीएम के रूप में सत्ता में लौटेंगे.

**राजस्थान में रण में ओवैसी**

तेलंगाना में मुख्यमंत्री केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ओवैसी की एआईएमआईएम के बीच गठबंधन हैं. यहां पर बीआरएस-एआईएमआईएम की जोड़ी का मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के साथ होने वाला है. वहीं, ओवैसी ने राजस्थान चुनाव में भी किस्मत आजमाने का फैसला किया है. ओवैसी की नजर राजस्थान की मुस्लिम वोटर्स वाली सीटों पर हैं. उन्होंने इस बात का पहले ही इशारा किया था कि वह 30 से 40 उम्मीदवार राजस्थान में उतारने वाले हैं.

## कोयल पुल से छलांग लगाकर महिला ने की आत्महत्या की कोशिश, पुलिस ने बचाई जान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पारिवारिक विवाद में अपने बच्चे के साथ आत्महत्या करने के लिए कोयल पुल से नदी में छलांग लगा रही एक महिला को सहायक पुलिस के जवान ने रोककर उसकी जान बचाई। महिला एक बच्चे को दुपट्टे से पीठ पर बांधकर नदी में छलांग लगाने के लिए कोयल ब्रिज की रेलिंग पर चढी थी। इसी क्रम में जवान ने तत्परता दिखाई और महिला को कूदने से रोक दिया। उसे चेक पोस्ट लाया गया। समझाने के बाद महिला को चैनपुर थाना भेज दिया। महिला की पहचान चैनपुर के अस्पताल चौक के पास रहने वाले इस्तेखार खान की 24 वर्षीय पत्नी जुगनू बीवी के रूप में हुई है। इस संबंध में महिला के भाई समेत मायके पक्ष के लोगों को भी सूचना दी गई है। चैनपुर चेक पोस्ट के सहायक पुलिस के जवान अखिलेश पासवान के अनुसार घटना सोमवार सुबह की है।

वह चेक पोस्ट पर ड्यूटी में तैनात था। इसी बीच एक महिला एक बच्चे को लेकर चैनपुर की ओर से आई और कोयल ब्रिज पर आकर खड़ी हो गई। महिला के हाव-भाव से लगता था कि वह परेशान है। इसी बीच वह अपने दुपट्टे से बच्चे को पीठ पर बांधने लगी और छलांग लगाने के लिए रेलिंग के ऊपर चढ़ रही थी।

जैसे ही उसे इसका आभास हुआ, वह फौरन दौड़ते हुए मौके पर पहुंचा और महिला को छलांग लगाने से रोक दिया। साथ ही उसे समझा बुझाकर चेक पोस्ट में लाया। यहां महिला रोती बिलखते नजर आई। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी को सूचना दी गई और फिर पुलिस के आने के बाद महिला को थाने ले जाया गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जानकारी मिली है कि महिला पारिवारिक विवाद के कारण आत्महत्या करने के लिए कोयल ब्रिज पर पहुंची थी। महिला की शादी 5-6 वर्ष पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। गोतनी के साथ उसका विवाद होना बताया जाता है। महिला का मायके लेस्लीगंज में है। उसके भाई गुड्डु खान ने बताया कि इस संबंध में सूचना मिली है। जानकारी लेने के लिए चैनपुर थाना और बहन के घर जा रहे हैं। वहां से जानकारी लेने के बाद कारण स्पष्ट किया जाएगा।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय करेगा 11 को झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ बैठक

**रांची :** एसआरई फंड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ 11 अक्टूबर को बैठक करेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एसआरई फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 को लेकर वर्क प्लान और खर्च को लेकर झारखंड, आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल के गृह सचिव के साथ बैठक की जाएगी। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। झारखंड के नक्सल प्रभावित वाले जिलेः राज्य के 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा के दर पर दी हाजरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के पांच दिवसीय उर्स मेले के आखिरी दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चादरपोशी की। इस दौरान उन्होंने राज्य में अमन चैन के लिए दुआ मांगी। हेमंत सोरेन ने हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह की नई कमेटी को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि हर साल उर्स का मेला लगता है और यहां पर चादर पोशी की जाती है। मैं पहले भी यहां आ चुका हूं। इस मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, कोषाध्यक्ष ज़ैनुल आबेदीन, उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, बेलाल, संयुक्त सचिव सादिक, भुट्टो, झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम आदि शामिल थे।



छाया : नसीम

## लोकल फॉर वोकल की नीति से ढाई सौ गुना बढ़ा उद्योग : योगी आदित्यनाथ



एजेंसी

**भदोही :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कालीन नगरी भदोही में कार्पेट एक्सपो मार्ट में 45 वें इंडिया कार्पेट एक्सपो का उद्घाटन किया। निर्यातकों की तरफ से लगाई गई कार्पेट दुकानों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जिला कारागार के बन्दियों द्वारा हस्तनिर्मित कालीन के स्टॉल को भी देखा एवं उनकी कारीगरी की सराहना की।योगी आदित्यनाथ एक्सपो मार्ट में थीम पैवेलियन के उपरांत ओडीओपी एवं जीआई लाइव डेमो को भी देखा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कालीन उद्यम सम्बंधित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को टूल किट एवं चेक का वितरण करने के साथ-साथ बुनकरों को सम्मानित भी किया। इसके अलावा लघु फिल्म प्रसारण व ब्रांड कार्पेट का भी लोकार्पण किया। बुनकरों, निर्यातकों व आयातकों को सम्बोधित भी किया।मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में बिना नाम लिए माफियावाद पर निशाना साधते हुए कहा कि भदोही में कुछ वर्ष पहले जहां डर भय का माहौल व्याप्त था, वहीं अब यहाँ की परम्परागत उत्पाद नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां के बुनकरों की कारीगरी व हुनर की विदेशों तक सराहना हो रही है। भदोही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालीन एक्सपोर्ट का हब बन गया है। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों में लोकल फार वोकल एवं ओडीओपी योजना लागू होने के बाद ढाई सौ गुना उद्योग बढ़ा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में कार्पेट एक्सपो कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जहां पर 5000 करोड़ से अधिक का व्यवसाय हुआ। जो अब तक का सबसे बड़ा सफल आयोजन रहा। उन्होंने कहा सरकार लगातार बुनकरों व कालीन उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। हस्तशिल्प कारीगरों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। देश से जितना भी कालीन निर्यात होता है उनमें 60 फीसदी कालीन भदोही मिर्जापुर वाराणसी से होता है।

### ईडी की विशेष अदालत ने राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने राजीव झंवर और ईडी की बहस सुनने के बाद अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। राजीव झंवर ने अग्रिम जमानत के लिए ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में याचिका दायर की थी। ईडी ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपये से जुड़े आयरन ओर के केस में चार्जशीट दायर कर दी है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरुआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। इसे टेकओवर करते हुए दो अक्टूबर 2021 को ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है।

## यूपी के चार बस स्टेशनों को हाईटेक करेगा ओमेक्स लिमिटेड



एजेंसी

**लखनऊः** उप्र की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रदेश में चार बस स्टेशनों को सवारने के कार्य का शुभारम्भ हो चुका है। इन्हें विश्वस्तरीय एवं नवीन तकनीकी का प्रयोग करते हुए स्थानीय संस्कृति एवं वास्तुकला की झलक के साथ विकसित किया जाना है। इस कार्य को सम्पूर्ण करने की जिम्मेदारी उप्र सरकार की नीति के तहत उप्र परिवहन निगम ने मेसर्स ओमेक्स लि.को सौपा है। इसके अन्तर्गत चार बस स्टेशन का निर्माण जनपद लखनऊ, गाजियाबाद (ओल्ड), कौशाम्बी एवं प्रयागराज में किया जाना है। विभूतीखण्ड, गोमती नगर,लखनऊ स्थित बस स्टेशन के बारे में बताते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक मोहित गोयल ने कहा कि इस स्टैण्ड का निर्माण अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हवाई अड्डों के तर्ज पर इस बस टर्मिनल को बसपोर्ट के रूप में विकसित करेगी। जिसमें भू-तल एवं प्रथम तल पर दुकानें, द्वितीय तल पर फूडकोर्ट व रेस्टोरेन्ट एवं उसके ऊपर अत्याधुनिक बैंक्विट हाल व होटल सूट्स होंगे। जिसके लिए कम्पनी अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय ब्राण्डों को सम्मलित करेगी। मोहित गोयल ने यह भी बताया कि इन सभी सुविधाओं का निर्माण विश्वस्तरीय आधुनिक तकनीकों से किया जायेगा। लखनऊ वासियों के खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कंपनी सभी विश्वस्तरीय नामचीन ब्रांडो को लेकर आएगी। सभी दुकानों को वास्तुकला की झलक के साथ विकसित किया जायेगा। इनका प्रवेश एवं निकास द्वार भी बेहतरीन डिजाइन के साथ अलग-अलग बनाया जायेगा। इसी तरह होटल एवं रेस्टोरेंट के लिए भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों को लाया जायेगा। लखनऊ वासियों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसलिए कंपनी द्वारा भरपूर पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस बसपोर्ट को सरकार द्वारा तय समय सीमा में लखनऊ वासियों को दे दिया जायेगा।

**भारत की अग्रणी रियल स्टेट डेवलपमेंट कम्पनी है ओमेक्स लिमिटेडः** ओमेक्स लिमिटेड भारत की अग्रणी रियल स्टेट डेवलपमेंट कम्पनी है। इसकी स्थापना 1987 में हुई थी और वर्तमान में ओमेक्स की परियोजनाएँ 8 राज्यों के 29 शहरों में फैली हैं। ओमेक्स द्वारा निर्मित आवासीय अपार्टमेंट, कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, शॉपिंग मॉल आदि की विशेष माँग रहती है क्योंकि यहाँ निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाता। कम्पनी ने अभी तक 12.31 मिलियन वर्ग मीटर एरिया डिलीवर कर दिया है। इसी क्रम में अग्रसर होते हुए कंपनी इस बसपोर्ट का निर्माण कर के लखनऊ वासियों को उपहार स्वरुप देगी।